सुप्रभात
रांची, सोमवार
13.03.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

epaper.khabarmantra.net चैत्र, कृष्ण पक्ष, षष्ठी, संवत 2079 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 237



12 दिल के दौरे के बाद पहली बार रैंप पर दिखीं सुष्मिता

B.A. COLLEGE OF ENGINEERING & TECHNOLOGY, JAMSHEDPUR
RAJENDRA VIDYALAYA (RV) GROUP OF INSTITUTIONS
APPROVED BY AICTE & AFFILIATED TO JHARKHAND UNIVERSITY OF TECHNOLOGY
ESTD : 2007
BACET
Flagship Courses :
B.Tech, BBA, BCA
Seat Booking Open for 2023
WHY CHOOSE US?
•Consistent Placement over 95%
•Bank Education Loan Facility.
•Scholarship upto 1 Crore.
•Special Cell for Entrepreneurship& Start-Up Initiatives.
•Thrust on Research & Development.
•Skill-Based Education aligned with Industry needs.
Contact us for Seat Booking on:
9955339035, 7982054031, 0657-2442533
www.bacet.ac.in | Email : admission@bacet.ac.in
City Office : Rajendra Vidyalaya, Sakchi, Jamshedpur-831001

## न्यूज डायरी

### कोहली का विराट शतक भारत को 88 रन की बढ़त

**अहमदाबाद।** स्टार बल्लेबाज विराट कोहली (186) अपने दोहरे शतक से चूक गये मगर अक्षर पटेल (79) के साथ उनकी विराट साझेदारी ने भारत को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के चौथे टेस्ट की पहली पारी में रविवार को 91 रन की बढ़त दिला दी। ऑस्ट्रेलिया ने चौथे दिन का खेल खत्म होने तक बिना विकेट गंवाये तीन रन बना लिये हैं। कोहली ने टेस्ट क्रिकेट में 40 महीने बाद सैकड़ा जड़ते हुए 364 गेंद पर 15 चौकों के साथ 186 रन बनाये।

### ट्रेन से दो युवकों को फेंका, एक की मौत

**चक्रधरपुर।** लोटा पहाड़ के पास इस्पात एक्सप्रेस में आपसी विवाद में चलती ट्रेन से दो लोगों को फेंक दिया गया। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गयी। दूसरा गंभीर रूप से घायल है। जनरल डिब्बे में कुछ यात्रियों में विवाद सलटाने भरनीया गांव निवासी दुलू सरदार गये, तो उनसे भी मारपीट की। बात इतनी बढ़ गयी कि दोनों को ट्रेन ने नीचे फेंक दिया। इसी बीच आ रही एक मालगाड़ी की चपेट में आने से एक की मौत हो गयी। टुलू सरदार घायल है।

### आतंकवाद पर जीरो टॉलरेंस की नीति : शाह

**हैदराबाद।** गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि आतंकवाद के प्रति केंद्र सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीति जारी रहेगी। श्री शाह यहां सीआइएसएफ के 54वें स्थापना दिवस परेड को संबोधित कर रहे थे।

### सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत

**गिरिडीह।** जमुआ- कोडरमा मुख्य मार्ग पर रविवार को ट्रक और बाइक की सीधी टक्कर में बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गयी। मृत युवकों की पहचान हारूण अंसारी (27) और शेख अंसारी (25 ) के रूप में हुई है। दोनों तेलोड़ीह के रहने वाले थे। रविवार को दोनों बाइक से वापस घर लौट रहे थे। इसी दौरान दोनों मालवाहक ट्रक की चपेट में आ गये।

### अतीक की फरार पत्नी पर 25 हजार का इनाम

**प्रयागराज।** उमेश पाल हत्याकांड के आरोपी अतीक अहमद की पत्नी शाइस्ता परवीन पर 25 हजार का इनाम घोषित किया गया है। 11 मार्च को शाइस्ता का एक सीसीटीवी फुटेज सामने आया था। इसमें वह ढाई लाख के इनामी शूटर साबिर के साथ दिख रही है। साबिर वही शख्स है, जिसने कार में बैठे उमेश पाल के गनर को गोली मारी थी।

### गहना आभूषण

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 53,500 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 68,000 रु./प्रति किलो |

महारैली में आदिवासी संगठनों ने कहा, देना ही होगा सरना धर्म कोड

# कोड नहीं तो अब वोट नहीं

➲ पड़ोसी देशों से भी पहुंचे धर्मावलंबी, आदिवासियों को समाप्त करने की साजिश बंद हो

खबर मन्त्र टीम

**रांची।** सरना धर्म कोड की मांग को लेकर आदिवासियों ने आंदोलन तेज कर दिया है। रविवार को रांची के मोरहाबादी मैदान में 40 आदिवासी संगठनों ने मिलकर सरना धर्म कोड की मांग को लेकर महारैली निकाली। महारैली में झारखंड सहित नेपाल, भूटान, उड़ीसा, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़ और बिहार के आदिवासी शामिल हुए। महारैली के जरिये आदिवासी संगठनों ने केंद्र सरकार और भाजपा से सरना धर्म कोड लागू करने की मांग की। आदिवासी संगठनों ने साफ तौर पर कहा कि किसी भी हाल में भाजपा और केंद्र सरकार को सरना धर्म कोड देना ही होगा। साथ ही चेतावनी दी कि अगर केंद्र सरकार ऐसा नहीं करेगी, तो इसके गंभीर परिणाम हो सकते हैं। महारैली में



कहा कि राज्य और केंद्र दोनों ही जगहों पर साल 2024 में चुनाव होने हैं। ऐसे में यह तय है कि यदि सरना धर्म कोड लागू नहीं किया गया तो वोट नहीं दिया जायेगा। महारैली को डॉ करमा उरांव, रवि तिग्गा, बालकु उरांव, अजित टेटे, नारायण उरांव, रेणु तिर्की, निर्मल मरांडी, भगवान दास, सुशील उरांव, अमर उरांव सहित कई लोगों ने संबोधित किया। सभी ने आह्वान किया कि कोड नहीं तो वोट नहीं। आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव में यह मुद्दा हावी रहेगा।

**क्यों जरूरी है सरना धर्म कोड :** वक्ताओं ने कहा कि देशभर में 12 करोड़ से अधिक आदिवासियों का अपना धर्म है, जो अपनी संस्कृति, अपना संस्कार, अपना पूजा स्थल और अपने रीति रिवाज से चलते हैं, हिंदू लॉ से नहीं। इसलिए आदिवासियों के लिए सरना धर्म कोड लागू किया जाना चाहिए। भारत में 100 से अधिक जनजाति समुदाय की धार्मिक आस्था सरना धर्म है। सन 2011 की जनगणना में आवंटित अन्य धर्म कॉलम में 80,00,000 लोग मिले, जिन्होंने अपना-अपना धर्म दर्ज किया। वक्ताओं ने कहा, जब तक जनगणना के पत्र में सरना धर्मकोड का जिक्र नहीं किया जायेगा, तब तक जनगणना नहीं होने दिया जायेगा। (शेष पेज 11 पर)

### क्या है आदिवासी संगठनों की मुख्य मांगें

महारैली में अलग सरना धर्म कोड की मांग के अलावा कॉमन सिविल कोड का विरोध, संविधान की धारा 244 के तहत पांचवी अनुसूची में शामिल क्षेत्र ऐसा कानून लागू करने, आदिवासियों के सामाजिक, धार्मिक और सांस्कृतिक व्यवस्था को सुरक्षित रखने, आदिवासियों की जमीन को बाहरी लोगों के अवैध कब्जा से बचाने, आदिवासी महिला के गैर आदिवासी पुरुष से शादी होने के बाद उसके आदिवासी स्टेटस का अधिकार समाप्त करने की मांग की गयी। वन पट्टा कानून व्यवस्था को दुरुस्त करने, पूर्व की सरकार में बने लैंड बैंक के नियम को वापस लेने, केंद्रीय भूमि अधिग्रहण कानून 2013 में सोशल इंपैक्ट एसेसमेंट को हुबहू फिर से लागू करने, आदिवासियों का हिंदू और ईसाई धर्मांतरण पर रोक लगाने की मांग की गयी। साथ ही कुर्मी जाति को अनुसूचित जनजाति में शामिल करने का विरोध का फैसला किया गया। पारसनाथ (मरांग बुरू) को प्राचीन मान्यताओं के अनुसार सुरक्षित रखने की मांग की गयी। (पेज 2 भी देखें)

## 82 अपराधियों पर सीसीए लगाने की मिली मंजूरी

➲ डीजीपी ने दिया पुलिस अफसरों को निर्देश

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड पुलिस ने राज्य में अशांति फैलाने वाले संगठित गिरोह पर लगाम लगाने के लिए कमर कस ली है। पुलिस मुख्यालय में आयोजित बैठक में इस बात का फैसला लिया गया कि राज्य में संगठित आपराधिक गिरोह पर नकेल कसा जाये, ताकि अमन और शांति बरकरार रह सके। पुलिस मुख्यालय ने झारखंड के 82 दुर्दांत अपराधियों के खिलाफ क्राइम कंट्रोल एक्ट (सीसीए) लगाने की मंजूरी दे दी। 93 अपराधियों पर सीसीए का प्रस्ताव अब भी लंबित है।

### 21 जिलों के एसपी ने भेजा था प्रस्ताव

राजधानी रांची में 20 अपराधियों के खिलाफ जिला पुलिस ने सीसीए का प्रस्ताव दिया था, जिनमें नौ को मंजूरी मिल गयी है। 11 अभी भी लंबित हैं। धनबाद जिले में आठ अपराधियों के खिलाफ सीसीए का प्रस्ताव दिया गया था, जिनमें आठ को मंजूरी मिली है। वहीं जमशेदपुर में भी आठ अपराधियों में से छह के खिलाफ सीसीए की मंजूरी मिल गयी है। वहीं बाबा नगरी देवघर में 20 अपराधियों के खिलाफ प्रस्ताव दिया गया था, जिनमें 17 की मंजूरी मिली है। झारखंड के गुमला, जामताड़ा और पाकुड़ जिले से एक भी सीसीए का प्रस्ताव पिछले एक वर्ष में नहीं दिया गया है। झारखंड के कुछ ऐसे भी जिले हैं जिनमें जितने सीसीए के प्रस्ताव भेजे गए थे, सब को मंजूरी मिल गई है। उनमें कोडरमा, सिमडेगा और खूंटी शामिल हैं।

## मैट्रिक इंटर परीक्षा कल से, सुरक्षा कड़ी

**रांची।** जैक की ओर से आयोजित मैट्रिक एवं इंटरमीडियट की परीक्षा को लेकर जिला प्रशासन की ओर से कड़े इंतजाम किये गये हैं। माध्यमिक वार्षिक परीक्षा और इंटरमीडिएट (कला, विज्ञान एवं वाणिज्य) वार्षिक परीक्षा को कदाचार मुक्त कराने एवं विधि व्यवस्था को लेकर उपायुक्त और एसएसपी ने रविवार को संयुक्तादेश जारी किया है। 14 मार्च से तीन अप्रैल तक मैट्रिक और 14 मार्च से पांच अप्रैल तक इंटरमीडिएट की परीक्षा आयोजित होगी। कदाचारमुक्त परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए जोनल दण्डाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों, स्टैटिक दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गयी है। प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों को परीक्षा तिथि को स-समय प्रतिनियुक्ति स्थल पर योगदान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। दण्डाधिकारी को परीक्षा के दौरान परीक्षा केन्द्र में अनधिकृत प्रवेश को वर्जित रखने तथा परीक्षा का संचालन कदाचारमुक्त एवं शांति पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया है।

## आयुष्मान से इलाज अब आसान नहीं

### राशन कार्ड बनाना हुआ मुश्किल, जन प्रतिनिधियों पर बढ़ी निर्भरता

सुधीर

**रांची।** आयुष्मान कार्ड से झारखंड में इलाज कराना अब आसान नहीं रहा। गंभीर से गंभीर मरीजों के पास भी अगर पहले से लाल या पीला राशन कार्ड नहीं है तो उनका इलाज आयुष्मान के तहत नहीं हो पायेगा। पहले राशन कार्ड बनाना बड़ा आसान था और उसी के आधार पर मरीज अपना आयुष्मान कार्ड बनाकर इलाज भी करा लेते थे। पर अब आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए जनप्रतिनिधियों की अनुशंसा अनिवार्य कर दी गयी है। इस कारण अब अधिकारी चाह कर भी मरीज को राशन कार्ड बना कर नहीं दे सकते। राशन कार्ड के फर्जीबाड़े को रोकने के लिए इस नये फार्मूले को लागू किया गया है, जो गंभीर मरीजों के लिए जी का जंजाल बन गया है।

> राशन कार्ड को लेकर कई तरह की बातें आ रही थी। विभाग ने इसे गंभीरता से लिया और जन प्रतिनिधियों को इसमें शामिल कर लिया। अब, जनप्रतिनिधि की अनुशंसा के बाद ही किसी को भी राशन कार्ड दिया जायेगा। इमरजेंसी होने पर भी आवेदक की ओर से अप्लाई किये गये राशन के लिए संबंधित वार्ड या पंचायत के प्रतिनिधि की अनुशंसा के बाद ही राशन कार्ड दिया जायेगा।
> **अलबर्ट बिलूंग, एडीएम राशनिंग, सह डीएसओ, रांची।**

**क्या है मामला :** पहले राशन कार्ड बनाने का बड़ा आसान तरीका था और इसके आधार पर गंभीर मरीजों को इलाज भी राज्य के अस्पतालों में मिल जाता था। (शेष पेज 11 पर)

## केंद्र ने कहा, समलैंगिक विवाह बिलकुल उचित नहीं

शीर्ष कोर्ट में हलफनामा, कानूनी मान्यता देने का किया विरोध

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने का विरोध किया है और इसे पूरी तरह अनुचित बताया है। सुप्रीम कोर्ट में दायर हलफनामे में बताया कि समलैंगिक संबंध और विषमलैंगिक संबंध स्पष्ट रूप से अलग-अलग वर्ग हैं जिन्हें सामान नहीं माना जा सकता है। समान-लिंग वाले व्यक्तियों द्वारा भागीदारों के रूप में एक साथ रहना, जो अब डिक्रिमिनलाइज किया गया है, पति, पत्नी और बच्चों की भारतीय परिवार इकाई अवधारणा के साथ तुलनीय नहीं है। केंद्र ने कहा कि प्रारंभ में ही विवाह की धारणा अनिवार्य रूप से विपरीत सेक्स के दो व्यक्तियों के बीच एक मिलन को मानती है। 377 को अपराध की श्रेणी से बाहर करने से समलैंगिक विवाह के मान्यता को बल नहीं मिल सकता। (शेष पेज 11 पर)

### विदेश जा कर भारत को बदनाम करना दुर्भाग्यपूर्ण : पीएम मोदी

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए लंदन में दिये भारत पर उनके बयान को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि कांग्रेस नेता ने लंदन में भारत के लोकतंत्र पर सवाल उठाये। भारत के लोकतंत्र की जड़ें, हमारे सदियों के इतिहास से सींची गयी हैं। दुनिया की कोई ताकत भारत की लोकतांत्रिक परंपराओं को नुकसान नहीं पहुंचा सकती। पीएम मोदी कर्नाटक के दौरे में बोल रहे थे। पीएम ने कहा कि भारत न केवल सबसे बड़ा लोकतंत्र है बल्कि लोकतंत्र की जननी है।




संसद सत्र का दूसरा चरण आज से, बजट पास कराना सरकार की प्राथमिकता

# केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग पर घेरेगा विपक्ष

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण सोमवार से शुरू हो रहे है। इसे लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों रणनीति बनाने में जुटे हैं। सत्ता पक्ष जहां वित्त विधेयक पारित कराना चाहेगा, वहीं विपक्ष केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर गैर भाजपा राज्य सरकारों को परेशान करने, महंगाई, अडाणी, एलआइसी का मुद्दा उठा कर सरकार को घेरेगा। दोनों सदनों में रणनीति तैयार करने के लिए विपक्षी दलों की बैठक सोमवार सुबह होगी। गौरतलब है कि संसद के बजट सत्र की शुरूआत 31 जनवरी को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अभिभाषण से शुरू हुआ था। (शेष पेज 11 पर)



### ये होगी सरकार की रणनीति

संसदीय कार्य राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने बताया कि सरकार की प्रमुख प्राथमिकता वित्त विधेयक को पारित कराने की है। उन्होंने कहा कि सत्र के दूसरे चरण में रेलवे, पंचायती राज, पर्यटन, संस्कृति, स्वास्थ्य सहित कई मंत्रालयों से जुड़ी अनुदान की मांगों पर चर्चा होगी। उन्होंने कहा कि बाद में विभिन्न मंत्रालयों एवं विभागों के लिए प्रस्तावित अनुदानों की मांगों एवं उनसे संबंधित विनियोग विधेयक को 'गिलोटिन' के माध्यम से मंजूरी दी जायेगी। आज वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण वर्ष 2022-23 के लिए अनुपूरक मांगों के दूसरे बैच का दस्तावेत सदन में पेश करेंगी। वह लोकसभा में वर्ष 2023-24 के लिए केंद्र शासित प्रदेश जम्मू कश्मीर का बजट भी पेश करेंगी।

### झारखंड विधानसभा का सत्र भी आज से फिर शुरू

**रांची।** झारखंड विधानसभा का बजट सत्र फिर सोमवार से शुरू होगा। प्रश्नकाल, अनुदान मांगों पर चर्चा होगी। होली की छुट्टी को लेकर चार मार्च से 12 मार्च तक सदन की कार्यवाही स्थगित थी। इस दौरान नियोजन नीति को लेकर लगातार सदन की कार्यवाही बाधित रही। संभावना है, सोमवार को विपक्ष फिर नियुक्ति मामला सदन में उठायेगा। वहीं सरकार ने विपक्ष के सवालों का जवाब तैयार कर लिया है। विपक्ष के प्रहार को कुंद करने के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन खुद मोर्चा संभालेंगे। सीएम सदन में नियुक्ति नियमावली पर भी वक्तव्य दे सकते हैं। (पेज 2 भी देखें)

## राज्य सरकार की ओर से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन देंगे जवाब

# आज नियुक्ति नियमावली को लेकर सदन में सत्ता पक्ष को घेरेगा विपक्ष

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** होली की छुट्टी के बाद आज सोमवार से विधानसभा में बजट सत्र फिर से शुरू हो रहा है। होली की छुट्टी के पूर्व बजट सत्र में सदन की कार्यवाही सुचारू ढंग से चली है, बावजूद इसके 13 मार्च को सदन में राजनीतिक झकझूमर होनी की आशंका है। दरअसल, विपक्ष ने नियुक्ति नियमावली स्पष्ट करने की मांग को लेकर सदन गरमाने की घोषणा की है। इसके पहले 4 मार्च को सदन में नियुक्ति नियमावली का जिन्न बाहर निकला और कार्यवाही पूरी तरह से हंगामे की भेंट चढ़ गया था। स्थिति यह रही कि प्रश्नकाल के दौरान स्पीकर को हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही को दो बार स्थगित करनी पड़ी थी। नियुक्ति नियमावली को लेकर विपक्ष ने सड़क से सदन तक आंदोलन की रणनीति बनायी है। 13 मार्च को भी विपक्ष नियुक्ति के मामले पर सदन में उठाने की रणनीति बनी है।

सूत्रों के अनुसार इस बीच विपक्ष के सवाल का जवाब राज्य सरकार ने तैयार कर लिया है। नियुक्ति नियमावली को लेकर सरकार ने कैबिनेट में जो फैसला लिया है। इसकी अधिसूचना कार्मिक विभाग ने निकाल दी है। अधिसूचना के मुताबिक राज्य सरकार ने भोजपुरी, मगही और अंगिका सहित सात क्षेत्रीय भाषाओं को हटाकर हिंदी, अंग्रेजी और संस्कृत को शामिल कर लिया है। साथ ही मैट्रिक और इंटर झारखण्ड से पास होने की बाध्यता को भी समाप्त कर दिया है।

गौरतलब है कि हाईकोर्ट ने भी इसी मामले को लेकर सरकार की नियुक्ति नियमावली को रद्द किया था।

### नियुक्ति नियमावली पर सरकार स्थिति स्पष्ट करे : अनंत ओझा

भाजपा विधायक अनंत ओझा ने कहा कि सरकार के दोहरे चरित्र को लेकर आंदोलन जारी रहेगा। राज्य सरकार एक तरफ हर वर्ष 5 लाख युवाओं को रोजगार देने की बात करती है और दूसरी तरफ नियुक्ति नियमावली ऐसी बनती है जो कोर्ट में एक मिनट भी नहीं ठहरता है। झारखंड के बेरोजगार युवाओं के साथ राज्य सरकार धोखा कर रही है। साफ कहा कि सदन में सरकार जबतक ठोस नियुक्ति नियमावली की घोषणा नहीं करती है, विरोध जारी रहेगा। वहीं, संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि विपक्ष के हर सवाल का जवाब दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि 13 मार्च को मुख्यमंत्री सदन में नियुक्ति नियमावली पर अपना वक्तव्य दे सकते हैं।

## सीएम के आदेश पर राज्यभर में पीडीएस दुकानों का हुआ औचक निरीक्षण

# दर्जनों पीडीएस की अनुज्ञप्ति रद्द और सैकड़ों हुए निलंबित

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर रविवार को राज्य भर के जनवितरण प्रणाली दुकान का औचक निरीक्षण किया गया। जिला स्तर पर नियुक्त पदाधिकारियों ने इस क्रम में लोहरदगा में 63, गिरिडीह 56, पाकुड़ 66, सरायकेला खरसावां में 39, हजारीबाग में 80, रामगढ़ में 46, देवघर में 40, धनबाद में 62, दुमका में 166, पलामू में 117, बोकारो में 78, गोड्डा में 94, साहेबगंज में 38, लातेहार में 36, सिमडेगा में 13, पश्चिमी सिंहभूम में 36, पूर्वी सिंहभूम में 55, गुमला में 53, रांची में 93, कोडरमा में 50, खूंटी में 51, चतरा में 65 जन वितरण प्रणाली दुकान का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान राशन कार्ड, वितरण, अनाज उठाव, कार्ड धारियों की संख्या, स्टॉक, मिलान पंजी एवं आधिकारिक दस्तावेजों की बारीकी से जांच की गई।

हजारीबाग में 3 पीडीएस की अनुज्ञप्ति रद्द करने एवं 17 को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। लोहरदगा के 13 दुकान की अनुज्ञप्ति रद्द करने एवं 19 पीडीएस दुकानदारों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। सरायकेला खरसावां में 5 दुकान को निलंबित एवं 22 दुकान को कारण बताओ नोटिस जारी किया। रांची में 14 दुकानों को कारण बताओ नोटिस निर्गत हुआ। पाकुड़ में एक दुकान की अनुज्ञप्ति रद्द एवं नौ दुकान को कारण बताओ नोटिस जारी हुआ। रामगढ़ में 6 दुकानों को निलंबित एवं 14 दुकानदारों से स्पष्टीकरण मांगा गया। पलामू में 14 से एवं बोकारो में 56 पीडीएस दुकानदारों से स्पष्टीकरण मांगा गया। जबकि, खूंटी में तीन दुकानों को निलंबित एवं चतरा में 6 दुकानों को निलंबित एवं 37 जनवितरण प्रणाली विक्रेताओं से स्पष्टीकरण मांगा गया है। इसके अलावा अधिकांश जनवितरण प्रणाली विक्रेताओं को खाद्यान्न भंडारण प्रबंधन, इन्वेंट्री प्रबंधन, आपूर्ति का समय पर वितरण, संबंधित सतर्कता समितियों से संबंधित सूचनाओं के उचित प्रदर्शन के संबंध में निर्देश जारी किये गये।

दरअसल,मुख्यमंत्री को राज्य में संचालित 25 हजार से अधिक जन वितरण प्रणाली की दुकान के संबंध में इस बात की जानकारी मिल रही थी कि राशन सामग्री की मात्रा के अनुसार लाभुकों के बीच वितरण नहीं किया जाता है।

### 50 लाख सदस्य बनायेगा झामुमो

**रांची।** वर्ष 2024 में होनेवाले लोकसभा और विधानसभा चुनाव से पहले झामुमो पार्टी को मजबूत बनाने में जुटा है। इसके लिए पार्टी 50 लाख नए सदस्य बनाएगी। यह फैसला 18 दिसंबर 2021 को रांची के हरमू स्थित सोहराय भवन में हुए पार्टी के 12वें केंद्रीय महाधिवेशन में लिया गया था। इसमें तेजी लाने के लिए झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य विनोद कुमार पांडेय ने सभी जिलाध्यक्षों, सचिव, संयोजक, सभी जिला समिति, जिला संयोजक मंडली को आदेश जारी किया है। कहा है कि सभी जिलों में सदस्यता अभियान में तेजी लाएं और ज्यादा से ज्यादा लोगों को पार्टी से जोड़ें। इसके लिए सभी जिलों में कार्यक्रम तय करें। इसकी जानकारी केंद्रीय नेतृत्व को भी देने का निर्देश दिया।

## तैयारियों में लगा जेएसएसपीएस, जारी किया टेंडर

# मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के रख-रखाव पर दो साल में खर्च होंगे 2.5 करोड़ रुपये

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** होटवार स्थित मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के रख रखाव पर दो सालों में ढाई करोड़ से अधिक की लागत आएगी। इसके लिए झारखंड राज्य खेल प्रोत्साहन सोसाइटी (जेएसएसपीएस) ने पहल की है। सोसाइटी के मुताबिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में स्थित स्टेडियमों का अगले दो सालों तक हर दिन मेंटेनेंस कार्य किए जाने हैं। कुल मिलाकर 730 दिनों तक चयनित सर्विस प्रोवाइडर या एजेंसी को इस काम को करना होगा। इस काम पर दो करोड़ 54 लाख 57 हजार 705 रुपये व्यय होंगे। इस काम के लिए टेंडर भी जारी कर दिया गया है।

**टेंडर की शर्तें :** जेएसएसपीएस की ओर से स्टेडियमों के रख रखाव के लिए टेंडर जारी किया गया है। इसके लिए आवेदन करने की आखिरी तारीख 27 मार्च तक रखी गई है। जेएसएसपीएस के वेबसाइट के जरिये 10 मार्च से आवेदन प्रक्रिया शुरू है। इएमडी के तौर पर इच्छुक एजेंसियों को 3 लाख 18 हजार 300 रुपये जमा करने होंगे। टेक्निकल बिड 28 मार्च को खोले जाएंगे।

**वाटर फाउंटेन के मेंटेनेंस पर भी ध्यान :** जेएसएसपीएस ने स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स परिसर में स्थित वाटर फाउंटेन्स के मेंटिनेंस वर्क के लिए भी टेंडर जारी किया है। अगले दो वर्षों में (730 दिन) इस पर 7 लाख 39 हजार रुपये व्यय किए जाने का बजट तय किया है। इसके लिए भी 10 मार्च से आवेदन जारी है जिसकी अंतिम तिथि 21 मार्च तक तय की गई है।

मालूम कि होटवार स्थित मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स की देखभाल, प्रबंधन का जिम्मा जेएसएसपीएस के द्वारा किया जाता है। इसके लिए उसकी ओर से टेंडर जारी कर चयनित एजेंसियों की मदद ली जाती है।

## राष्ट्रीय आदिवासी समाज, सरना धर्म रक्षा अभियान ने निकाली धर्मकोड महारैली

# आदिवासियों की अपनी संस्कृति और अपना रीति रिवाज, धर्मकोड लागू करे केंद्र : शिवा



### मोरहाबादी मैदान में सरना धर्म कोड महारैली आठ प्रस्ताव पारित

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** सरना धर्मकोड की मांग को लेकर राष्ट्रीय आदिवासी समाज सरना धर्म रक्षा अभियान के बैनर तले रविवार को मोरहाबादी मैदान में विभिन्न आदिवासी संगठनों ने सरना धर्म कोड महारैली निकाली। इस रैली में राज्य भर से आये आदिवासी समाज के महिला पुरुष युवक-युवतियां और बुजुर्गों पारंपरिक पोशाक में शामिल हुए। महारैली के माध्यम से आदिवासी नेताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए सरना धर्म कोड की मांग की।

आदिवासी नेताओं ने कहा कि प्रकृति पूजक आदिवासी ना तो हिंदू है, ना ही सनातन। इसलिए आदिवासियों को समाप्त करने की साजिश बंद होनी चाहिए। आदिवासियों का अपना पूजा स्थल, अपनी रीति रिवाज है जो हिंदू लॉ से नहीं चलता है। इसलिए इस साजिश को बंद किया जाए नहीं तो इसके गंभीर परिणाम होंगे। महारैली में 8 सूत्री मांगों पर प्रस्ताव पारित किया गया।

केंद्रीय सरना संघर्ष समिति के प्रदेश अध्यक्ष शिवा कच्छप ने कहा कि सरना धर्मकोड नहीं होने से आदिवासियों की संख्या को लगातार कम बताया जा रहा है। सोची समझी साजिश के तहत आदिवासियों को धर्मकोड से वंचित रखा गया है। श्री कच्छप ने कहा कि राज्य गठन के 23 वर्ष होने के बावजूद अबतक स्थानीय नियोजन नीति नहीं बनी है जिससे तृतीय व चतुर्थ वर्ग की नौकरियों से भी वंचित है। आदिवासी मूलवासियों की जमीन की रक्षा के लिए सीएनटी, एसपीटी एक्ट सख्ती से लागू कराने की जरुरत है।

महारैली को सरना धर्म गुरु बंधन तिग्गा, डॉ करमा उरांव रवि तिग्गा, बालकु उरांव, अजित टेटे, नारायण उरांव, रेणु तिर्की, निर्मल मरांडी, भगवान दास, सुशील उरांव एवं अमर उरांव , अनिता उरांव, सती तिर्की, मंगल उरांव, महादेव उरांव, मीणा किस्पोट्टा, गुड्डी उरां, शोभा तिर्की, सिम्पी कुजूर, गुड्डी उरांव, कुलदीप उरांव, झलकी तिर्की, नूरी तिर्की, सीटियो उरांव, नीलम उरांव ने कहा कि धर्म कोड नहीं तो वोट नहीं। 2024 के लोकसभा और विधानसभा चुनाव में यह मुद्दा हावी रहेगा। रैली में नेपाल, भूटान, ओड़िशा, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़ और बिहार के आदिवासियों ने हिस्सा लिया।

### झारखंड विधानसभा ने सरना धर्म कोड बनाने का प्रस्ताव भेजा

वक्ताओं ने कहा कि झारखंड विधानसभा की ओर से सरना धर्म कोड बनाने का प्रस्ताव भेजा जा चुका है। केंद्र सरकार से मांग है कि जनगणना परिपत्र में अलग सरना धर्म कोड को शामिल किया जाए। सरना धर्मगुरु बंधन तिग्गा ने कहा कि आदिवासी संगठन, कॉमन सिविल कोड को देश में लागू करने के केंद्र सरकार के प्रयासों का विरोध करता है। देश में 700 से अधिक जनजाति समाज के अलग-अलग धार्मिक, सामाजिक, सांस्कृतिक अवस्थाएं और परंपरायें हैं। ऐसे में सरना धर्म को हिंदू धर्म के अंतर्गत बताना बिल्कुल गलत है। सरना धर्म के गुरु बंधन तिग्गा ने कहा कि अब छत्तीसगढ़, ओड़िशा, पश्चिम बंगाल में भी इसी तरह की रैली की जाएगी। वहीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भी मिलकर सरना धर्म कोड की मांग की जाएगी।

### आदिवासियों को समाप्त करने का प्रयास : बंधन तिग्गा

सरना धर्म गुरु बंधन तिग्गा ने कहा कि साजिश के तहत आदिवासियों को समाप्त करने का प्रयास किया जा रहा है, जिसे हरगिज बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उन्होंने कहा कि 2011 में देशभर में लगभग 50 लाख आदिवासियों ने अपना धर्मकोड जनगणना प्रपत्र में दर्ज कराया। दुनियाभर में 40 लाख से अधिक लोगों ने सरना धर्म कोड अंकित कराया है, इसलिए यह नहीं कहा जा सकता कि आदिवासी हिंदू या सनातन हैं। उन्होंने कहा कि जब तक जनगणना प्रपत्र में अलग से सरना धर्म कोड नहीं होगा, तब तक हम लोग राष्ट्रीय जनगणना होने नहीं देंगे। सरना धर्म कोड के लिए आर-पार की लड़ाई होगी और हम लोग सरहद पार करने को तैयार है।

### सातवें वेतन आयोग की अनुशंसा लागू हो : पशु चिकित्सक संघ

**रांची।** झारखंड पशुचिकित्सा सेवा संघ ने पशु चिकित्सकों को भी सातवें वेतन आयोग का लाभ देने की मांग की है। संघ के एक शिष्टमंडल ने रविवार को स्पीकर रविंद्रनाथ महतो से मुलाकात कर यह मांग रखी। इस दौरान शिष्टमंडल ने स्पीकर को बताया कि सातवें वेतन आयोग की अनुशंसा एवं उच्च न्यायालय तथा सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश के आलोक मे पशुचिकित्सकों को अन्य चिकित्सकों के समान मानते हुए पांच पद सोपान, प्रोन्नत पद 50 प्रतिशत के साथ अन्य सुविधा दिया जाना चाहिये। संघ के महामंत्री शिवानंद काशी ने बताया कि वर्तमान में पशु चिकित्सकों का मात्र दो पदसोपान एवं 9 प्रतिशत प्रोन्नत पद है। इसके कारण 91 प्रतिशत पशु चिकित्सक मूल कोटि के पद से सेवानिवृत्त हो रहे हैं। स्पीकर ने शिष्टमंडल को यह आश्वस्त किया कि इस दिशा में उचित कार्रवाई के लिए पहल करेंगे।

# बीआरपी-सीआरपी संघ शिक्षा मंत्री से मिला, मानदेय बढ़ाने की रखी मांग



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** बीआरपी,सीआरपी एसएस संघ का प्रतिनिधिमंडल रविवार को स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता मंत्री जगरनाथ महतो से मिलकर समस्याओं से अवगत कराया और समाधान की मांग की। संघ की मुख्य मांगों में सेवाशर्त नियमावली को अभिलंब पास कराकर बीआरपी सीआरपी को लाभान्वित करने की है। प्रतिनिधिमंडल में केंद्रीय अध्यक्ष कृष्णा प्रसाद, अरविंद कुमार चौबे, नीलम पांडे, प्रेम भगत, नवीन कुमार, कुमार सिकंदर, अनुपम सिंह, कौशल गुप्ता, अजीत महतो, जनक मुंडा, अरविंद मिश्र ,रविंद्र कुमार ठाकुर, कमल कांत मेहता मनदीप राम, राघवेंद्र प्रताप सिंह, दिलीप कुमार सहित अन्य साथी उपस्थित थे।

# अब रांची से गोवा, देवघर, लखनऊ, गया व दिल्ली के लिए इंडिगो की उड़ान सेवा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से देवघर, लखनऊ और गोवा के लिए विमान सेवा शुरू होने जा रही है। इंडिगो एयरलाइंस द्वारा रांची से गोवा के लिए विमान सेवा 26 मार्च से शुरू होगी। वहीं देवघर के लिए 27 मार्च से और लखनऊ के लिए 28 मार्च से फ्लाइट शुरू होने वाली है।

**इंडिगो ने जारी किया शेड्यूल :** रांची से देवघर के लिए पहली फ्लाइट 27 मार्च से शुरू होगी। दूसरी फ्लाइट 1 जून से मिलेगी। इंडिगो ने परिचालन और समय सारणी के लिए बिरसा मुंडा एयरपोर्ट के प्रबंधन को प्रस्ताव दे दिया है। इस पर निदेशक केएल अग्रवाल ने कहा कि गोवा व देवघर के लिए रांची एयरपोर्ट से विमान सेवा जल्द शुरू होनेवाली है। एयरपोर्ट अथॉरिटी का हमेशा से प्रयास रहता है कि रांची से अधिक से अधिक विमान सेवा दूसरे शहरों के लिए मिल सके।

**20 शहरों के लिए विमान सेवाएं :** इंडिगो ने रांची से विभिन्न शहरों के लिए 20 फ्लाइट की सूची और समय सारिणी बिरसा मुंडा एयरपोर्ट अथॉरिटी को सौंप दी है। मिली जानकारी के अनुसार, रांची से गोवा के लिए फ्लाइट 26 मार्च से प्रतिदिन रवाना होगी। रांची से फ्लाइट का समय शाम 6 45 होगा। यह रात 9. 10 बजे गोवा पहुंचेगी। रांची से लखनऊ के लिए विमान 28 मार्च से दोपहर 1:40 बजे रवाना होगा, जो दोपहर 3:00 बजे लखनऊ पहुंचेगा।

| इंडिगो की विमान सेवाएं |
|---|
| रांची से दिल्ली - सुबह 8 बजे |
| रांची से बेंगलुरु - सुबह 8:05 बजे |
| रांची से कोलकता - सुबह 8:20 बजे |
| रांची से भुवनेश्वर - सुबह 10:10 बजे |
| रांची से हैदराबाद - दोपहर 12:00 बजे |
| रांची से देवघर - दोपहर 12:40 बजे |
| रांची से पटना - दोपहर 1:30 बजे |
| रांची से लखनऊ - दोपहर 1:40 बजे |
| रांची से देवघर - दोपहर 03:25 बजे |
| रांची से अहमदाबाद - दोपहर 4:10 बजे |
| रांची से दिल्ली - दोपहर 4:15 बजे |
| रांची से मुंबई - दोपहर 4:30 बजे |
| रांची से चेन्नई -शाम 5:10 बजे |
| रांची से कोलकाता - शाम 5:20 बजे |
| रांची से कोलकाता - शाम 6:10 बजे |
| रांची से गोवा - शाम 6:45 बजे |
| रांची से दिल्ली - शाम 7:35 बजे |
| रांची से कोलकाता - शाम 7:55 बजे |
| रांची से हैदराबाद -रात 8:30 बजे |
| रांची से पुणे - रात 8 :45 बजे |

### झारखंड सहायक प्राध्यापक अनुबंध संघ ने सरकार से मांगा यूजीसी निर्धारित ग्रेड पे

**रांची।** झारखंड सहायक प्राध्यापक संघ ने राज्य सरकार से उनके हितों पर फैसला लेने का अनुरोध किया है। सहायक प्राध्यापक अनुबंध संघ, रांची यूनिवर्सिटी रांची के अध्यक्ष त्रिभुवन कुमार शाही ने कहा है कि 15 मार्च को कैबिनेट बैठक होनी है। सरकार से निवेदन है कि कैबिनेट के लिए जो मसौदे तय हों, उसमें झारखंड प्राध्यापक संघ की मांगों को भी रखा जाए। इससे उच्च राज्य के विभिन्न यूनिवर्सिटी, महाविद्यालयों में कार्यरत सहायक प्राध्यापक (अनुबंध) का हित भी होगा। कहा कि उच्च तकनीकी शिक्षा विभाग, झारखंड के 2 मार्च 2017 को जारी संकल्प के आलोक में सहायक प्राध्यापकों (अनुबंध) की नियुक्ति हुई है। ऐसे में सहायक प्राध्यापक के साथ जोड़े गए घंटी आधारित शब्द को हटाया जाये। उन सबों की नियुक्ति सहायक प्राध्यापक के रूप में हुई है, ऐसे में उन्हें यूजीसी द्वारा निर्धारित ग्रेड पे दिया जाये। जेपीएससी द्वारा आयोजित सहायक प्राध्यापक नियुक्ति में 70 प्रतिशत पदों पर वरीयता प्रदान की जाये। सेवा नियमावली बनाकर नियमित किया जाना चाहिये।

## मोटे अनाज की पैदावार दोगुनी करने के लिए 50 करोड़ का प्रावधान

# झारखंड में मड़ुवा, ज्वार और बाजरा जैसे श्री अन्न की खेती के लिए मिल रहा प्रोत्साहन

### संयुक्त राष्ट्र संघ ने 2023 को अंतरराष्ट्रीय मोटे अनाज का वर्ष किया है घोषित

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** झारखंड के सुदूरवर्ती इलाकों में मोटे अनाज (श्रीअन्न) का उत्पादन बड़े पैमाने पर होता है। राज्य सरकार ने मोटे अनाज का उत्पादन बढ़ाने के लिए करीब 50 करोड़ रूपये का प्रावधान किया है। जन वितरण प्रणाली का कवरेज बढ़ने से मोटे अनाजों का उत्पादन राज्य में प्रभावित जरूर हुआ है लेकिन ज्वार, बाजरा, रागी,मड़ुआ की खेती कई जिलों में परंपरागत स्वरूप में जनजातीय समुदाय करते हैं। राज्य में किसानों को मोटे अनाज की खेती के लिए अब सरकारी सहायता भी मिलेगी। इसके लिए 50 करोड़ का बजटीय प्रावधान किया गया है।

झारखंड सरकार आनेवाले वित्त वर्ष में मोटे अनाज को बढ़ावा देगी। कृषि विभाग के आंकड़े के अनुसार राज्य में करीब 16.7 हजार टन मड़ुआ का उत्पादन होता है।

उल्लेखनीय है कि देश में आई हरित क्रांति के आने के बाद गेहूं और चावल पर निर्भरता बढ़ गयी है। मोटे अनाज को खुद से दूर कर दिया गया। जिस अनाज को हम साढ़े छह हजार साल से खा रहे थे उससे हमने मुंह मोड़ लिया और आज पूरी दुनिया उसी मोटे अनाज की तरफ वापस लौट रही है।

संयुक्त राष्ट्र संघ ने 2023 को अंतरराष्ट्रीय मोटे अनाज का वर्ष घोषित किया है। झारखंड में इसके लिये कृषि विभाग की कार्यशाला में मड़ुआ की रोटी, मड़ुआ का पीठा, छिलका रोटी आदि परोसा जा रहा है। कृषि विभाग मोटे अनाज की उपयोगिता और संभावना पर राज्य से लेकर प्रखंड स्तर पर सेमिनार का आयोजन करेगा। किसानों के लिए सीड अरजमेन्ट, एरिया मैपिंग किया जा रहा है। साथ ही, उपज का न्यूनतम समर्थन मूल्य किसानों को दिलाने का प्रयास किया जा रहा है।

### गैर सरकारी संस्थाएं भी मिलेट्स को दे रहीं बढ़वा

स्विच ऑन फाउंडेशन के दीपक कुमार कहते हैं कि झारखंड में मिलेट्स के अनुकूल परिस्थितियां है। खाली पड़ी जमीनों पर इससे अच्छी पैदावार ली जा सकती है। स्विचऑन फाउंडेशन इसके लिए संथाल परगना में किसानों को मोबिलाइज भी किया है। 100 से 300 एकड़ में मड़ुआ की खेती की तैयारी की गई है। इसके लिए किसानों को प्रशिक्षित भी किया गया है। संस्थान की ओर से 500 किसानों का समूह तैयार किया गया है। किसानों के उपज का 60 प्रतिशत हिस्सा उचित बाजार मूल्य पर बेचने की रणनीति बनायी गई है। कृषि निदेशक चंदन कुमार कहते हैं कि विभाग ने मोटे अनाज को बढ़ावा देने के लिए राज्य बजट में 50 करोड़ का प्रावधान किया है। यह पहली बार हुआ है।

# जमानत मिलने के बावजूद मनमानी कर रहा मनी लांड्रिंग का आरोपी संजय तिवारी !

**संजय को 16.35 करोड़ रुपये जमा करने की शर्त पर मिली अंतरिम जमानत, 30 दिन पूरे होने के बाद नहीं कर सका बकाया राशि जमा, सुप्रीम कोर्ट में 17 मार्च को सुनवाई की तारीख निर्धारित**

उदय चौहान

**रांची।** सुप्रीम कोर्ट से सशर्त्त मिली जमानत के बावजूद मनी लाउड्रिंग का आरोपी संजय कुमार तिवारी अब तक 16.35 करोड़ रूपये जमा नहीं किया है। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने अब आरोपी को दस दिन का और मोहलत दे दी है। इसी शर्त के आधार पर उसको सुप्रीम कोर्ट ने अंतरिम जमानत की सुविधा प्रदान की है। हालांकि 30 दिन की मिली अंतरिम जमानत के दौरान वह बकाया रकम बैंक को वापस नहीं कर सका। उसकी याचिका पर सुनवाई की तारीख 17 मार्च निर्धारित है।

उल्लेखनीय है कि झारखंड सरकार के मिड डे मील के खाते से 100 करोड़ रुपये के फर्जी हस्तांतरण से जुड़े मनी लाउंड्रिंग मामले के आरोपी भानु कंस्ट्रक्शन के संचालक संजय कुमार तिवारी को 16.35 करोड़ रुपये वापस करना है। संजय तिवारी सीबीआई से जुड़े मामले में राशि वापस करने के नाम पर हाईकोर्ट को लंबे समय तक धोखे में रखा था। जमा नहीं करने पर हाईकोर्ट ने 16 अप्रैल 2020 को याचिका खारिज कर दी थी।

**असम में स्थित संपत्ति को बेचकर बकाया वापस करेगा** : सुप्रीम कोर्ट में याचिका पर सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के वकील ने पक्ष रखा कि उसे 17 मार्च तक का समय दिया जाये। ताकि वह असम के डिब्रूगढ़ में स्थित अपनी संपत्ति, टी एस्टेट को गिरवी रखकर एसबीआई की हटिया शाखा को बकाया राशि का भुगतान किया जा सके। वकील के अनुरोध पर सुप्रीम कोर्ट ने और 10 दिन का मोहल्लत दिया है।

**15 महीने जेल में रहने के बाद मिली है अंतरिम जमानत** : आरोपी संजय कुमार तिवारी 15 महीने बाद जेल से निकला है। ईडी ने उक्त आरोप में 22 नवंबर 2021 को गिरफ्तार किया था। 23 नवंबर को जेल भेज दिया गया था। तब से वह जेल में ही था। बीते 30 जनवरी को अंतरिम जमानत की सुविधा प्रदान की गई है। रांची स्थित हटिया के एसबीआई शाखा से झारखंड मध्याह्न भोजन प्राधिकरण के खाते से भानु कंस्ट्रक्शन को 100०01 करोड़ रुपये ट्रांसफर किये गये। जब 19 सितंबर 2017 को राज्य निकाय ने बैकों को निर्देश दिया कि जिलों में मध्या? भोजन की राशि जारी की जाये तो इस बात का खुलासा हुआ। इसके बाद तत्कालीन शाखा प्रबंधक ने सूचना पर सीबीआाी ने 2017 में आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई। आरोपी जेल जाने से बचने के लिए हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की। जिसमें बकाया राशि वापस करने की मोहलत मांगी। हाईकोर्ट ने राशि वापस करने के लिए लंबा समय दिया। बावजूद राशि को वापस नहीं किया। इसके बाद हाईकोर्ट ने 16 अप्रैल 2020 को उसकी याचिका खारिज कर दी थी।

## 23 साल में भी झारखंडियों के हित में नहीं बन पायी है नियोजन नीति : राजेंद्र प्रसाद

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** मूलवासी सदान मोर्चा के तत्वावधान में रविवार को कांके के चंदवे में सदानी झण्डा लगाओ अभियान का कार्यक्रम आयोजित किया गया। मोर्चा की ओर से मूलवासी सदानों के अधिकारों को लेकर रैली, सम्मेलन, महापंचायत, सेमिनार आयोजित किए जा रहे हैं।

मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे। कार्यक्रम में राजेन्द्र प्रसाद तथा केंद्रीय प्रवक्ता डॉ सुदेश कुमार साहू, प्रोअरविंद प्रसाद, चन्दन प्रसाद, मुरारी गुप्ता, विशाल कुमार,ने संयुक्त रुप से लोगों को अपने-अपने घरों व प्रतिष्ठानों में लगाने के लिए सदानी झंडा सौंपा।

मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि झारखण्ड अलग राज्य की लड़ाई इसलिए नहीं लड़ी थी, कि राज्य बनने के बाद मूलवासी सदानों को अलग-थलग कर जाए और झारखण्ड को भ्रष्टाचारियों, दलालों और लुटेरों के हवाले कर दिया जाएगा। कहा कि झारखण्ड बने लगभग 23 साल होने को हैं लेकिन झारखण्डियों के हित में अभी तक नियोजन नीति नहीं बन पाई है। झारखण्ड में संयुक्त बिहार में बने नियम कानून से बहुत सारे काम हो रहे हैं। फिर नियोजन नीति के मामले में संयुक्त बिहार में बनी नियोजन नीति को झारखण्ड में लागू क्यों नहीं किया। प्रसाद ने कहा क्योंकि नियोजन नीति का आधार खतियान है और यह झारखण्ड के हित में था। प्रसाद ने मांग की कि जबतक झारखंड में नियोजन नीति नहीं बन जाती है तबतक 3 मार्च 1982 में संयुक्त बिहार में बनी नियोजन नीति को ही झारखंड में तब तक लागू कर दिया जाए। श्री प्रसाद ने कहा कि 65% मूलवासी सदानों की लगातार उपेक्षा और अधिकार का हनन हो रहा है। कहा कि सरकार को वैसे लोगों की तलाश रहती है जो उन्हें अवैध उगाही कर सरकार में बैठे राजनेताओं, भ्रष्ट अधिकारियों को दे। प्रवक्ता डॉ सुदेश कुमार साहू ने कहा की हम मूलवासी सदान लोग सीधे-साधे होते हैं, इसी का फायदा राजनीतिक दल उठा रहे हैं। उन्होंने मूलवासी सदानों को संगठित होकर आवाज उठाने का आह्वान किया। प्रो अरविंद प्रसाद ने सदानी झंडा को घरों के सबसे ऊपर तले पर श्रद्धा के साथ लगाने की बात कही। मौके पर विशाल कुमार, चंदन प्रसाद, मुरारी गुप्ता, आशुतोष महतो, रंगलाल साहू ,पंकज साहू, संदीप तिवारी, पप्पू कुमार उमेश साहू, वीरेंद्र, पंकज साहू विजय महतो, अजीत साहू रामप्रवेश, गोपाल, संदीप, रामकुमार, सिकंदर, जितेंद्र, पप्पू, नीतीश, प्रदीप कुमार आदि थे।

### हजारीबाग से पकड़ाया शूटर अभिषेक पासवान उर्फ छोटू

# ₹3 लाख सुपारी के लालच में कर दी थी जमीन कारोबारी कल्लू यादव की हत्या

**सुनील नामक युवक से थी कल्लू यादव की जमीन को लेकर अदावत**

**यूनियन के नेता भी बनने की थी होड़**

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** रांची पुलिस ने तीन मार्च को टाटीसिलवे में जमीन कारोबारी अनिल कुमार उर्फ कल्लू यादव हत्याकांड के मामले में शूटर अभिषेक पासवान उर्फ छोटू को गिरफ्तार कर लिया है। उसकी गिरफ्तारी हजारीबाग जिले से हुई है। वह वहीं का रहनेवाला है। हत्याकांड का मुख्य सूत्रधार सुनील यादव फरार है। ग्रामीण एसी मो नौशाद आलम ने इस संबंध में प्रेस कांफ्रेंस कर पूरे मामले का खुलासा किया। शूटर की निशानदेही पर एक पिस्टल भी बरामद किया गया है। बताया जाता है कि शूटर अभिषेक पासवान उर्फ छोटू जमीन कारोबारी सुनील यादव से रोजगार मांगने गया था, उसी बीच जमीन कारोबारी सुनील यादव ने अनिल कुमार उर्फ कल्लू यादव की हत्या कर देने की बात बतायी थी। इस कांड को अंजाम देने के लिए तीन लाख रुपये का सौदा किया गया था।

**वर्चस्व बनाना चाहता था सुनील, पहले भी कल्लू से हुआ था विवाद** : सुनील टाटीसिल्वे इलाके में जमीन का कारोबार करता है और वह अपना वर्चस्व बनाना चाहता था। हालांकि कल्लू के सामने उसकी एक नहीं चलती थी। पूर्व में भी सुनील और कल्लू के बीच कहासुनी हो चुकी थी लेकिन कल्लू को भारी पड़ता देख सुनील को ही हमेशा पीछे हटना पड़ता था। सुनील के जमीन कारोबार में कल्लू रोड़ा बन रहा था। यही वजह है कि पिछले कुछ माह से लगातार सुनील अपनी प्रतिद्वंदी कल्लू की हत्या करने का प्लान बना रहा था। इसी दौरान अचानक शूटर अभिषेक उसके पास काम मांगने पहुंचा जिसके बाद कल्लू की हत्या का जिम्मा सौंप दिया। शूटर अभिषेक ने भी कार्य को स्वीकार करते हुए गोली मारने के लिए तैयार हो गया था।

**वेस्ट फालिया फैक्ट्री में भी था कल्लू का दबदबा, यूनियन में सुनील को नहीं मिलती थी जगह** : टाटीसिल्वे में बंद पड़ा वेस्ट फालिया फैक्ट्री में कल्लू और सुनील का अक्सर आना-जाना होता था। हालांकि वहां भी कल्लू का ही दबदबा था। हालांकि सुनील अपना सिक्का जमाना चाहता था। सुनील अक्सर वेस्ट फालिया फैक्ट्री के यूनियन में अपना स्थान बनाना चाहता था लेकिन उसे सफलता नहीं मिल रही थी। इन्हीं सब बातों से सुनील पिछले कुछ माह से लगातार परेशान था जिसके बाद कल्लू के हत्या सुनिश्चित करने पर वह तुला हुआ था।

**अभिषेक ने मारा था केतारीबगान में मकान मालकिन को चाकू** : 3 दिसंबर 2022 को ही अभिषेक ने नामकुम स्थित हाइटेंशन के समीप उपेंद्र पांडे पर गोली चलाई थी और फरार हो गया था। गोलीचालन के दो माह बाद अभिषेक अपने भाई के साथ मिलकर चुटिया स्थित केतारी बगान में चाकूबाजी की थी और अपने मकान मालकिन को ही चाकू मारकर घायल कर जख्मी कर दिया था। चाकूबाजी कांड में भी पुलिस अभिषेक का तलाश कर रही थी। गिरफ्तारी के बाद पुलिस पूछताछ में अभिषेक ने कल्लू हत्याकांड में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है।

## शिवम श्रीवास्तव के निधन पर शोकसभा



**रांची।** प्राइवेट स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन पासवा के सक्रिय सदस्य 25 वर्षीय नौजवान शिवम श्रीवास्तव बाबू के आकस्मिक निधन पर प्रदेश पासवा ने गहरी संवेदना प्रकट की है। प्रदेश पासवा अध्यक्ष आलोक कुमार ने उनका आवास पहुंचकर दुख प्रकट किया एवं परिजनों को ढांढस बंधाया। अंतिम यात्रा में प्रो विजय सिंह, संजीत यादव, अभिषेक साहू, इंदीप छेत्री, गौतम दूबे शामिल हुए। वहीं, रविवार को पासवा की ओर से शिवम श्रीवास्तव को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गयी। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में डॉ संध्या रानी, फलक फातिमा, अभिषेक साहू, संजीत यादव, आयुष कुमार सिंह, मेहुल दूबे, राहुल साहू, अजय कुमार, पूजा देवी, दात्री भारद्वाज थे।

## पारस हॉस्पिटल में सीआरटी-डी इंप्लांटेशन का सफल ऑपरेशन



**रांची।** पारस एचईसी हॉस्पिटल के कार्डियोलॉजी विभाग में रांची के 76 वर्षीय मरीज का सफल सीआरटी-डी इम्प्लांटेशन कर क्रॉनिक हार्ट डिजीज का सफल इलाज किया गया। मरीज की जांच में पता चला कि मरीज उसके दिल का बायां हिस्सा बहुत कम काम कर रहा था। पारस हॉस्पिटल के कंसलटेंट इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट डॉ महेश कुशवाहा ने इस सफल सर्जरी की। डॉ महेश कुशवाहा ने बताया कि अब मरीज पहले से काफी बेहतर है और अपनी दिनचर्या में आ रहे हैं। डॉ कुशवाहा के अनुसार जीवन शैली में बदलाव करके, नमक का सेवन कम करके, स्वस्थ आहार लेकर, सभी प्रकार का नशा बंद कर, वजन को सामान्य रख कर, शारीरिक सक्रियता बढ़ा कर, ब्लडप्रेशर, डायबिटीज, थायराइड, किडनी को बेहतर रखकर हृदय रोग से बचा जा सकता है।

## मोरहाबादी में 23 मार्च को स्थापित होगी भगत सिंह की प्रतिमा

**रांची।** राष्ट्रीय युवा शक्ति ने 23 मार्च को मोरहाबादी में शहीद भगत सिंह की प्रतिमा स्थापित करने का फैसला लिया है। इसके लिए उनके पैतृक गांव खाटकर कलान से मिट्टी लायी गयी है। तैयारियों का जायजा लेने के लिए रविवार को राष्ट्रीय युवा शक्ति द्वारा पहाड़ी मंदिर में बैठक की गयी। बैठक में राष्ट्रीय युवा शक्ति के अध्यक्ष उत्तम यादव ने कहा कि राज्यवासी एक रुपये का अंशदान कर इस मुहिम से जुड़ सकते हैं। उन्होंने कहा कि रांची के सभी सामाजिक संगठन, धार्मिक संगठन एवं व्यवसायियों के साथ बैठक कर उन्हें भी इस मुहिम से जोड़ा जायेगा। संरक्षक पंकज पांडेय ने कहा कि हमारा लक्ष्य हर घर से लोगों को जोड़ना है। बैठक में सावन लिंडा, नितेश वर्मा, सुनील साहू, अभिषेक बंटी यादव, प्रशांत बजाज, आर्यन मेहता, रोहित यादव, निखिल गुप्ता, राणा सिंह, मुरली प्रसाद चौधरी, विशु विशाल, राजीव पांडे, मिथिलेश सिंह, हिमांशु लाल, सागर सिंह, जितेंद्र गुप्ता, प्रीति सिन्हा जायसवाल, नीतू सिंह, आलोक रंजन, शैलेंद्र नाथ तिवारी, आलोक घोष, मुन्ना सिंह, जीतू अरोड़ा, नरेश मकड़ा थे।

### पानी की टंकी पर चढ़कर मचाया बवाल, हुआ मधुमक्खियों का शिकार

# ...पहले बना 'बॉबी' फिर निभाया फिल्म शोले के 'वीरू' का किरदार

**डोरंडा थाना क्षेत्र का मामला**

समीर

**रांची।** राजधानी रांची में एक पति जो अपनी पत्नी से बेहद प्रेम करता है। उसके नाराज होने और मायका चले जाने से इतना हतोत्साहित हुआ कि वह पानी की टंकी पर चढ़कर जान देने की कोशिश करने लगा लेकिन, टंकी पर मौजूद मधुमक्खियों ने उसे काट खाया। पुलिस के समझाने के बाद वह नीचे उतरा, लेकिन वह घर जाने के बजाय सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। यह घटना रविवार सुबह 10.30 बजे डोरंडा की है। युवक का नाम पंकज लोहरा है और वह मणिटोला डोरंडा का रहनेवाला है। वह बॉबी फिल्म की तरह सड़क पर गाना गा रहा था, लेकिन उसे एक टंकी दिखी तो वह शोले के वीरू के किरदार में आ गया।

**43 साल के बाद रांची के डोरंडा में दिखा फिल्म शोले फिल्म का**



**दृश्य** : 80 के दशक में बनी फिल्म शोले का वह दृश्य 43 साल के बाद रांची के डोरंडा में दिखा। वहां मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि युवक पंकज लोहरा ने उनलोगों को शोले के वीरू (धर्मेंद्र) और हेमामालिनी (बसंती) की याद दिला दी। लोगों ने कहा कि पंकज वीरू तो बन गया, लेकिन उसकी बसंती वहां मौजूद नहीं थी। पंकज भी वीरू की तरह शराब के नशे में पानी के टंकी पर चढ़ गया और अपनी पत्नी को पुकारने लगा। पंकज ऊपर से ही कह रहा था कि कूद जाऊंगा, मर जाऊंगा। देखते-देखते वहां लोगों की भीड़ लग गई। फिल्म शोले में बसंती और बसंती की मौसी वीरू की बात तो मान गई थी, लेकिन पंकज को पानी के टंकी से उतारने के लिए डोरंडा पुलिस ही बसंती और मौसी बनी लेकिन, पंकज की हरकतों से नाराज मधुमक्खियों के दल ने उसे अपना निशाना बना लिया। हालांकि शराब के नशे में मधुमक्खियों के काटने का असर उस वक्त पंकज पर तो नहीं हुआ, लेकिन जब पुलिस उसे उतारने के लिए चढ़ी तो मधुमक्खियों ने पुलिस पर भी हमला कर दिया।

डोरंडा इंस्पेक्टर रमेश सिंह ने बताया कि युवक को पानी की टंकी से उतार लिया गया है। पुलिस का कहना है कि पंकज की पत्नी उससे लड़ झगड़कर मायके चली गई। पत्नी के मायके जाने से वह बहुत मायूस था। मायूस होने के बाद उसने ठेके पर जाकर शराब पी और पानी की टंकी पर चढ़कर अपनी पत्नी को पुकारने लगा।

### खबर एक नजर में

## डीपीएस में खगोलीय शिविर आयोजित



**रांची।** दिल्ली पब्लिक स्कूल रांची द्वारा कक्षा 3 तथा 4 के विद्यार्थियों के लिए एक खगोल शिविर का आयोजन किया गया। अंतरिक्ष के प्रति सभी जिज्ञासु बाल मन ने उत्साह के साथ इस शिविर में भाग लिया तथा रहस्य से भरे विश्व, सौर मण्डल तथा आकाश गंगा जैसी जादुई दुनिया को और अधिक नजदीक से जानने के लिए एक कदम आगे बढ़ाया। बच्चों ने सौर मंडल, पृथ्वी तथा अन्य ग्रहों के आकार, उनके उपग्रहों, चंद्रमा के विविध चरणों तथा इस रोचक दुनिया से संबंधित अन्य तथ्यों के बारे में नवीन जानकारियां प्राप्त की। विद्यालय के प्राचार्य डॉ राम सिंह ने कहा कि दिल्ली पब्लिक स्कूल रांची कक्षा की चार दीवारों तथा पुस्तकीय ज्ञान से परे अनुभूति जन्य संज्ञान में विश्वास रखता है, जिससे विद्यार्थियों में न केवल शैक्षणिक कौशल का विकास हो अपितु वे व्यावहारिक रूप से भी परिपक्वता प्राप्त करने में सक्षम बन सकें।

## जरूरतमंद महिलाओं के बीच बांटे गये उपहार

**रांची।** महिला दिवस पखवारा के उपलक्ष्य में रविवार को जरूरतमंद महिलाओं के बीच स्टील बॉक्स बांटा गया। यह बॉक्स डॉ मंजरी प्रिया गुप्ता ने बांटा। इस अवसर पर डॉ गुप्ता ने कहा कि महिलाओं को सशक्त बना कर ही विकास की गति को तेज किया जा सकता है। आधी आबादी को सशक्त बना कर ही समाज आगे बढ़ सकता है। उन्होंने कहा कि भगवान भी उसी को मदद करते हैं, जो स्वयं का मदद करता है। उन्होंने महिला दिवस पखवारा पर सभी को बधाई दी। महिला दिवस पर शांति देवी, पुतुल देवी, रीता देवी, रानी देवी, निर्मला देवी, ममता देवी, मंजू देवी, ललिता देवी, ज्योति देवी, कमलावती देवी, नीलू देवी, बॉबी देवी, अर्चना देवी आदि को सम्मानित किया गया।

## नीरजा सहाय डीएवी में नारी शक्ति को सम्मान



**रांची।** नीरजा सहाय डीएवी प्रांगण में नारी शक्ति को सम्मानित किया गया। प्राचार्या किरण यादव ने अपने जीवन के अनुभवों को साझा करते हुए समाज के विकास एवं सुधार में नारी के प्रयोजन की अवश्यंभाव्यता पर सारगर्भित संभाषण दिया तथा सृष्टि की पूर्णता में स्त्री एवं पुरुष दोनों की सहभागिता को रेखांकित किया। महिला कर्मियों ने कार्यक्रम यथा गायन, कविता अभिभाषण, नृत्य, संस्मरण, आदि साझा किए। समस्त विद्यालय परिवार इस मौके पर उपस्थित रहा तथा नारी के सम्मान का हिस्सा बनते हुए गौरवांवित महसूस किया। कार्यक्रम का कुशल संचालन अनुभवी शिक्षिका दीपिका शर्मा ने किया।

## श्री रामनवमी महोत्सव के लिए बैठक



**रांची।** श्री रामनवमी महोत्सव को सफल बनाने के लिए रविवार को प्राचीन श्री राम मंदिर में बैठक हुई। बैठक में श्री महावीर मंडल के पूर्व अध्यक्ष राजीव रंजन मिश्रा उपस्थित थे। इसमें नयी कमेटी का गठन किया गया। इसके तहत मुख्य संरक्षक- कैलाश केशरी, पद्म मुकुन्द नायक, मदन सिंह, सुरेश साहु, गोकुल दास, विजय तिर्की मनोनीत किया गया। संयोजक- विजय कु साहु, संरक्षक - मनपूरण नायक, राधेश्याम केशरी, सावर अग्रवाल, भोला राम, बैजनाथ सिंह, सुनील सहाय, रामशरण तिर्की बने। इसके अलावा अध्यक्ष के रूप में कृष्णा सहाय, कार्यकारी अध्यक्ष - रवि सिंह, महासचिव-अनिल सिंह, उपाध्यक्ष- राजकुमार महतो, ज्ञानी महतो, कौशल चौधरी, चंदन नायक, किशोर राम, विक्की शर्मा, धंजु नायक, विजय बड़ाईक,अमित साहु, विजय सिंह, रानू चौबे , रवि सिंह, धनंजय सिंह, विनोद श्रीवास्तव, दीपेश पाठक, प्रदीप कुमार साहू चुने गये। कोषाध्यक्ष- शेरू साहु, आदित्य मोहन, मीडिया प्रभारी-रतन लाल, अमन श्रीवास्तव, रितेश साहु तथा 51 कार्यकारणी सदस्य बनाया गया।

### डीजीपी, डीआइजी से हुई थानेदार की शिकायत, मुख्यालय वन डीएसपी ने दिया जांच का आदेश

# 21 साल से पति-पत्नी रह रहे हैं साथ, पुलिस ने दहेज अधिनियम के तहत बना डाला अभियुक्त

**नामकुम पुलिस का कारनामा**

**एक बार नहीं, दो-दो केस में डाला नाम**

**एक ही व्यक्ति पर दर्ज हैं 34 मुकदमे**

कुबेर सिंह

**रांची।** रांची पुलिस कभी-कभी अजूबा कारनामा करने से बाज नहीं आती है। पुलिस ने 21 साल से साथ रहे पति-पत्नी के मामले में पति पर दहेज उत्पीड़न का मामला दर्ज कर दिया। वह एक बार नहीं, दो-दो बार। इतना ही नहीं, पीड़ित के मामले में पुलिस ने केस का अनुसंधान कर कोर्ट में डायरी भी समर्पित कर दिया है। पीड़ित ने नामकुम पुलिस के कारनामे की रिपोर्ट डीजीपी अजय कुमार सिंह, आईजी, डीआईजी से की है। शिकायत के आधार पर मुख्यालय वन डीएसपी ने पूरे मामले की जांच का आदेश दिया है। जांच के आदेश के बाद अब नामकुम पुलिस बचाव की मुद्रा में है। पुलिस हाईकोर्ट में जाकर पीड़ित के एडवोकेट से सुधार पत्र जारी कर केस मैनेज करने पर तुले हैं।

**ये है मामला** : नामकुम थाना से पहले सीमेंट व्यवसायी अपने परिवार के साथ घर में रह रहे थे। जमीन विवाद से संबंधित सीमेंट व्यवसायी अमित कुमार सिंह उर्फ रिंकू का पूर्व से ही एक बिल्डर से केस चल रहा था। सुनवाई के बाद अदालत ने फैसला अमित सिंह उर्फ रिंकू के पक्ष में सुनाया। इससे तिलमिलाए अमित कुमार सिंह के पार्टनर के द्वारा एक-एक कर 34 मुकदमा ठोंक डाला। फिर जब यह मामला नामकुम थाना में गया तो पुलिस ने जिस पर आरोप लगा है, उससे पूछताछ किए बगैर प्राथमिकी दर्ज करनी आरंभ कर दी। केस से संबंधित मामले में अपने सीनियर अधिकारियों को भी सूचित नहीं किया। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद पुलिस बार-बार अमित सिंह उर्फ रिंकू के घर में जाकर उसे सरेंडर करने का दबाब डाला। घर में रह रहे महिला परिजनों से भी अभद्र व्यवहार किया। फोन पर बर्बाद करने की धमकी दिया जाने लगा। पुलिस के इस कार्रवाई से तंग आकर अमित सिंह उर्फ रिंकू ने घर छोड़ दिया।

### परिजनों ने की डीजीपी से शिकायत

नामकुम पुलिस के द्वारा फर्जी मुकदमों से तंग आकर पीड़ित अमित सिंह उर्फ रिंकू के परिजन डीजीपी अजय कुमार सिंह के पास पहुंचे और नामकुम पुलिस के करतूतों के बारे में जानकारी दी। जानकारी मिलने के बाद मुख्यालय वन डीएसपी के पास भी परिजन गए, जहां मुख्यालय वन डीएसपी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए पूरे मामले की जांच के आदेश दिये।

### पीड़ित ने क्या की है शिकायत

पीड़ित ने आवेदन में कहा कि चार केस में उनके नाम से फर्जी मुकदमा किया गया है। नामकुम थाना के द्वारा जबरन अपराधी घोषित किया जा रहा है। क्या यह उचित है जबकि यह चारों केस में कोई भी जांच कर सकते हैं, इन चारों केस में किसी भी रूप में शामिल नहीं हूं, बावजूद नामकुम थाना के द्वारा मेरा अपराधिक इतिहास दिखाकर न्यायालय में केस डायरी में संलग्न कर दिया है।

## सरहुल तैयारी समिति की बैठक आज आरटीइ बिल्डिंग में होगी

**रांची।** सरना नवयुवक संघ और केन्द्रीय समिति की रविवार को कचहरी में बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता डॉ हरि उरांव ने की। इसमें निर्णय लिया गया कि 23 मार्च को दीक्षांत मंडप परिसर में सरना नवयुवक संघ के तत्वावधान में सरहुल पूर्व संध्या समारोह का आयोजन किया जायेगा। सरहुल पूर्व संध्या समारोह के अंतर्गत आदिवासी जीवन शैली से संबंधित कला संस्कृति, नृत्य गान, रचना . लेखन जैसे प्रतियोगितात्मक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। संघ के सचिव प्रो वीरेंद्र उरांव ने बताया कि तैयारी समिति की आगामी बैठक 13 मार्च को आरआईटी भवन कचहरी परिसर में तीन बजे से होगी। बैठक में कलाकारों की स्वर परीक्षा होगी। इच्छुक कलाकार स्वर परीक्षा में शामिल हो सकते हैं। पूर्व संध्या समारोह पर संघ द्वारा प्रकाशित सरना फूल पत्रिका का लोकार्पण भी होगा।

## आज का राशिफल
13-03-2023

**मेष** : आठवें चंद्र का प्रभाव है। मानसिक तनाव होगा। किसी कार्य के पहले सोच विचार कर करें। कार्य व्यवसाय एवं नोकरी में रुकावटें होंगी। पर किया गया परिश्रम सार्थक होगा। वही परीक्षा-प्रतियोगिता में सफलता प्राप्त करेंगे।

**वृषभ** : आय का मार्ग खुलेगा।आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। काम-काज के लिए अच्छा रहेगा। परिवार के साथ अच्छा समय व्यतीत होगा। मन में कुछ नकारात्मक विचार आ सकते हैं।

**मिथुन** : घरेलू विवाद कोशिश करने से सुलझ सकता है। भाग्योदय संभव है। पारिवारिक सुख अच्छा मिलेगा। मिथ्या आरोप लगने से क्रोध बढ़ सकता है।

**कर्क** : शाम से लग्न का मालिक नीच का है। काम काज सामान्य रहेगा। मन प्रसन्न रखना होगा। नवीन मित्रता हो सकती है। परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य में कमी देखने को मिल सकती है।

**सिंह** : कल किसी महिला से विवाद हो सकता है। परिवार के सदस्यों की तरफ से सुख और सहयोग मिलेगा। आपका व्यक्तित्व प्रभावशाली बना रहेगा। शुभफलों की प्रधानता रहेगी। विवाद से दूर रहें।

**कन्या** : समय अनुकलु है। पर रूखे व्यवहार से बनी बनाई बात बिगड़ सकती है। क्रोध पर नियंत्रण रखें। काम काज सामान्य रहेगा। परीक्षा एवं प्रतियोगिता में आशाजनक परिणाम प्राप्त हो सकते हैं।

**तुला** : धन और जन के लिए समय उपयुक्त है। काम काज सामान्य रहेगा। आपका मन किसी भी काम में पूरी तरह से नहीं लग पाएगा। आपके लिए निराशाजनक हालात पैदा हो सकते है। परिवार या मित्र से मतभेद हो उत्पन्न हो सकते है।

**वृश्चिक** : समय अनुकूल है। कामकाज में सफलता मिलेगी। दूसरों के साथ अच्छे संबंध बने रहेंगे। स्वास्थ्य को लेकर चिंताएं बन सकती है। वाहन के प्रति सावधानी रखने की आवश्यकता है।

**धनु** : खर्च अधिक होगा पर आर्थिक स्थिति अच्छी होगी। वाहन चलाते समय सावधानी बरतें।खर्च में बढ़ोत्तरी होगी। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**मकर** : कार्य योजना में विस्तार हो सकता है।कामकाज में सफलता मिलेगी। शिक्षा-प्रतियोगिता के क्षेत्र में सफलता मिलेगी। परिवार के लोगों के साथ अच्छा तालमेल बना रहेगा।

**कुंभ** : जीवन साथी की भावनाओं की कद्र करें। शुभ समाचारों की प्राप्ति होगी। स्वभाव में गंभीरता एवं एकाग्रता बनी रहेगी। परिवार की तरफ से मन प्रसन्न रहेगा। किसी प्रकार के विवाद में ना पड़ें।

**मीन** : किसी से विवाद हो सकता है। करीबियों की भावनाओं की कद्र करें। आपके मन में एक नया उत्साह और जोश दिखाई देगा। कामकाज में लाभ होगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

# स्नैचरों ने छीन ली चेन, पंडरा थाने में पुलिसकर्मी ने लिया चोरी का आवेदन

## स्नैचिंग बताने पर कहा गया, पुलिस जो कहती है, वही लिखें

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** पंडरा में रविवार की सुबह स्नेचरों ने एक बुजुर्ग महिला ने चेन छीन ली। चेन छीनने के बाद स्नेचर बाइक पर सवार होकर भाग निकले। घटना पंडरा थाना एरिया के पंचशील नगर के पास की है। चेन छिनतई के बाद पीड़ित बुजुर्ग महिला के पति पंडरा थाने में चेन स्नेचिंग की शिकायत करने गए तो वहां मौजूद पुलिसकर्मी ने आवेदन में चोरी की बात लिखवा डाली। बुजुर्ग पुलिस की इस कार्यप्रणाली पर आर्श्यचकित हो गए। उन्होंने कहा कि उनके चेन की चोरी नहीं, बल्कि स्नैचिंग हुई है तो कहा गया कि पुलिस जो कहती है, वही लिखें। मजबूरन बुजुर्ग को पुलिस के दबाब के आगे झुकना पड़ा और चोरी की वारदात लिखकर चले आये।

**शहर में बढ़ रहे हैं छिनतई के मामले :** शहर में छिनतई के मामले बढ़ रहे हैं। जबकि आम लोगों की सुरक्षा के लिए 30 पीसीआर लगाए गए हैं, इनमें से 8 तो बेकार पड़े हुए हैं, जिन्हें पुलिस लाइन में रखा गया है। चेन स्नैचरों द्वारा महिलाओं को ही टारगेट किया जा रहा है। सबसे अधिक छिनतई के मामले बरियातू, मोरहाबादी, डोरंडा, सुखदेव नगर, पंडरा और कोकर इलाके से आते हैं। बरियातू इलाके में पिछले एक साल में दो दर्जन से अधिक मोबाइल और चेन की छिनतई हुई है। एक भी मामले का खुलासा नहीं हुआ। थानेदार छिनतई की घटना की जानकारी अधिकारियों को नहीं देते। कई बार थानेदारों को हिदायत दी जाती है लेकिन इसके बाद भी घटना के बारे में नहीं बताते हैं।

**सक्रिय है कोढ़ा व तीनपहाड़ी गैंग :** रांची में एक बार फिर कोढ़ा गैंग और तीन पहाड़ी गैंग सक्रिय हो गया है। कोढ़ा गैंग राहगीरों को चिह्नित कर चेन छिनतई और मोबाइल छिनतई जैसी वारदात को अंजाम दे रहा है।

कोढ़ा गिरोह के लोग हाइस्पीड बाइक की सवारी करते हैं। लूट और छिनतई की घटना को बिना हथियार के अंजाम देते हैं। आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने के बाद अपराधी दूसरे शहर और राज्य की ओर कूच कर जाते हैं। इससे अपराधियों को पकड़ पाना मुश्किल होता है। यह गिरोह बैंक से पैसा निकालने के समय बैंक में ही आसपास मौजूद रहता है, ऐसे में अगर लगातार कोई आपकी रेकी कर रहा है तो तुरंत सावधान हो जायें। अगर आप बैंक से मोटी रकम निकालकर घर जा रहे हैं, तो बेहिचक होकर पुलिस को इस मामले की जानकारी दें, ताकि पुलिस आप को सुरक्षा दे सके। कोढ़ा गैंग होटल्स और ज्वेलरी शॉप के आसपास भी एक्टिव रहता है।

### मामला कोतवाली डीएसपी के संज्ञान में आया, कहा- चेंज करवा देते हैं

**चेन स्नैचिंग** का संज्ञान कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय को दिया गया। प्रकाश सोय ने पंडरा थानेदार चंद्रशेखर से बात की, तो थानेदार ने पल्ला झाड़ते हुए कहा कि वे थाना में नहीं थे। थाना जाने के बाद आवेदन को सुधार दिया जायेगा।

पुलिस गैंग को पकड़ने की कोशिश कर रही है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

**प्रकाश सोय, डीएसपी, कोतवाली**

# मुसलमानों में बिखराव को दूर करने की है जरूरत : मौलाना नाजिम अली



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** अंसार नगर चर्च रोड स्थित मस्जिद-ए-जाफरिया में रविवार को मजलिस-ए-चेहल्लुम का किया गया। मजलिस के मुख्यातिथि मौलाना नाजिम अली खैराबादी रहे। बतौर मुख्य अतिथि मौलाना नाजिम अली खैराबादी ने मजलिस को खिताब करते हुए कहा कि आज देश, राज्य और समाज में एकता के लिए एक ऐसे लीडर की जरूरत है जो हर मसले या मुद्दे को कुरआन पाक की रोशनी में देखे तथा पैगंबर के द्वारा एकता और भाईचारे की दावत दे। उन्होंने कहा कि मुसलमानों में जो बिखराव पैदा हो गया है उसे कुरआन पाक व हदीस के रौशनी में दूर करने की जरुरत है। मुसलमानों को चाहिए कि कुरआन और अहल ए बैत के दामन से जुड़े रहें, ताकि दीन व दुनिया दोनो में सफल हों। वहीं मस्जिद -ए-जाफरिया के इमाम व खतीब हजरत मौलाना सैयद तहजीबुल हसन रिजवी ने मजलिस को संबोधित करते हुए हजरत अली की शान और उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला। साथ ही उन्होंने इंसान के जिंदगी में तालीम की अहमियत पर जोर दिया। यह मजलिस सैयद अकील रजा, सैयद नासिर हुसैन, सैयद अमीर हुसैन ने अपने सवर्गीय पिता सैयद अबुल हसन इब्ने नियामत हुसैन की याद में किया था।

# हरमू मैदान में विराट धर्मसभा 16 मार्च को, हुआ भूमि पूजन



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** हरमू मैदान में 16 मार्च को पूज्यपाद पुरी पीठाधिश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य विराट धर्मसभा को संबोधित करेंगे। इसके लिये रविवार को हरमू मैदान में भूमि पूजन किया गया। साथ ही, धर्मसभा प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के संरक्षक डॉ एचपी नारायण ने कहा कि गोवर्धनमठ पुरी के पीठाधीश्वर जगत गुरु शंकराचार्य स्वामी नि>लानंद सरस्वती महाराज अपने चार दिवसीय प्रवास कार्यक्रम के तहत रांची आ रहे हैं।

उन्होंने कहा कि 16 को रांची रेलवे स्टेशन में सुबह 8 बजे उनका आगमन होगा। मौके पर आदित्य वाहिनी के प्रदेश संयोजक शिशिर ठाकुर ने कहा कि रांची स्टेशन में पूज्यपाद पुरी पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य जी का आगमन होगा। वहां पर झारखंड के पारंपरिक तरीके से मांदर-नगाड़ा, पुष्पवर्षा के साथ भव्य स्वागत किया जायेगा।

# युवा रांची महानगर रामनवमी पूजा समिति की बैठक में नंद किशोर सिंह चंदेल निर्विरोध अध्यक्ष चुने गये

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** श्री चैती दुर्गा पूजा मंदिर के प्रांगण में रविवार को युवा रांची महानगर रामनवमी पूजा समिति (युवा महावीर मंडल रांची) की बैठक हुई। इसमें सर्वसम्मति से नंद किशोर सिंह चंदेल छठी बार अध्यक्ष चुने गए। मौके पर फूलों व मालाओं से सभी पदाधिकारियों और सदस्यों ने उनका स्वागत किया। अध्यक्ष नंद किशोर सिंह चंदेल ने कहा कि युवा रांची महानगर रामनवमी पूजा समिति पूरे रांची की युवाओं की सबसे बड़ी रामनवमी कमेटी है। जिसमें पूरे शहर के युवा जुड़े हुए हैं। साथ में अभिभावक तुल्य बहुत सारे लोग भी हैं। कहा कि युवा रांची महानगर रामनवमी पूजा समिति हर साल अपने बड़े कार्यक्रम से जानी जाते हैं और हर साल कुछ नया कार्यक्रम किया जाता है। इस साल भी रामनवमी के शुभ अवसर पर अष्टमी के शाम में मेन रोड स्थित मंच का उद्घाटन मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि और अतिथियों के द्वारा किया जाएगा। अष्टमी के रात में जो झांकी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेगी। उन्हें पुरस्कृत किया जाएगा। उद्घाटन के शुभ अवसर पर भक्ति कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया जाएगा बताया गया कि इस साल मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को कार्यक्रम का मुख्य अतिथि बनाया जाएगा। उपस्थित लोगो में बतौर मुख्य अतिथि कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोए,विशिष्ट अतिथि हिंदपीढ़ी थाना प्रभारी और डेली मार्केट थाना प्रभारी शामिल थे। बैठक में कई कमिटियों का गठन कर लोगों को उनका प्रभार सौंपा गया। इसमें नेतृत्वकर्ता - डॉ महुआ माजी, अध्यक्ष - नन्द किशोर सिंह चंदेल, मुख्य संरक्षक - विनय सरावगी,मुख्य संयोजक - रमेश सिंह,मुख्य आयोजक - कुमार राजा,विजेन्द्र सिंह,रमेंद्र सिंह,मुख्य सलाहकार - विनय सिंह,कार्यक्रम प्रमुख - अजय सिंह, शैलेश्वर दयाल सिंह, सत्येंद्र सिंह,संजय सिंह उर्फ लल्लू सिंह, वरिष्ठ संरक्षक - जय सिंह यादव, सोमवित माजी,विकास जयसवाल, दीपक ओझा,शिव प्रकाश सिंह सिसोदिया उर्फ टून्ना सिंह, मुकेश काबरा, प्रिंस आजमानी,संजीत सिंह, अविनाश सिंह, मुकेश सिंह।



## खबर एक नजर में

### शिव एवं काली पूजा समिति मेसरा की हुई बैठक, गंगा बने अध्यक्ष

**रांची।** शिव एवं काली पूजा समिति मेसरा पूर्व पंचायत की बैठक रविवार को शिव मंदिर परिसर में पूजा समिति के अध्यक्ष दीपू महतो के अध्यक्षता में हुई। इसका संचालन सचिव प्रीतम सांड लोहरा ने किया। बैठक में शिव एवं काली पूजा समिति के संरक्षक संजय महतो की उपस्थित में 24 मार्च को सरहुल पूजा मनाने का निर्णय लिया गया। 30 मार्च को रामनवमी जुलूस निकाला जाएगा। 31 मार्च को डागर दिया जाएगा। 8-9 अप्रैल को को मंडा पूजा एवं 9 अप्रैल को झूलन किया जाएगा। 19 अप्रैल को काली पूजा किया जाएगा। वहीं, 14 मार्च को प्रथम मंगलवारी की तैयारी शाम 7 शिव मंदिर परिसर में की जायेगी। इसके लिए बैठक में नयी कमेटी का गठन किया गया, जिसमें अध्यक्ष गंगा करमाली, सचिव शुभम केसरी, कोषाध्यक्ष प्रभात महतो, कार्यकारी अध्यक्ष तारकेश्वर महतो, उपाध्यक्ष गोपी महतो, सागर महतो, बसंत चौधरी, अमित केसरी, अजय महतो, अजीत महतो, महासचिव राहुल प्रकाश को बनाया गया है। इसके आलावा मुख्य संरक्षक प्रेमचंद महतो और संजय महतो तथा संरक्षक टीपू महतो एवं अजय महतो कृष्णा करमाली श्याम करमाली प्रीतम साउंड लोरा एवं सुरेंद्र महतो जलेश्वर महतो एवं सूरज प्रकाश एवं मुनेश्वर पहान को बनाया गया है।

### सरहुल पर शिविर लगाने का निर्णय

**रांची।** बाबा विद्यापति स्मारक समिति के कार्यालय में एक आवश्यक बैठक जयन्त झा की अध्यक्षता में हुई। इसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 24 मार्च को समिति की ओर से कचहरी चौक रांची में सरहुल सेवा शिविर का आयोजन किया जाएगा। प्रकृति प्रेमी आदिवासी भाई-बंधु के लिए समिति द्वारा लगाई जानेवाली सरहुल सेवा शिविर में कच्चा चना गुड़ और शरबत की व्यवस्था की जाएगी। शिविर का उद्घाटन रांची नगर निगम के उपमहापौर संजीव विजयवर्गीय करेंगे। 24 मार्च की दोपहर 1 बजे से शाम 6 बजे तक लगाये जानेवाले शिविर में सरहुल में आए सभी भक्तजनों का स्वागत कच्चा चना गुड़ और शरबत पिलाकर हर्षोल्लास मनाया जायेगा। बैठक में समिति के अध्यक्ष जयन्त झा, कोशी सीमावर्ती मिथिलांचल मित्र मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष मृत्युंजय झा, प्रवीण कुमार मिश्रा, भावेश मिश्रा, उदित नारायण ठाकुर, शिवराम मिश्रा, भानु कच्छप, रमेश भारती, पंकज कुमार राय, सुनील कुमार सिन्हा, भुप्तो सिंह, जितेंद्र सिंह, दीपक जायसवाल, बाना मुंडा, केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष फूलचंद तिर्की उपस्थित थे। यह जानकारी समिति के कार्यकारी अध्यक्ष जयन्त झा ने दी।

### 22 मार्च को वैश्य दिवस मनाया जायेगा

**रांची।** वैश्य महासम्मेलन की ओर से 22 मार्च को वैश्य दिवस मनाया जायेगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय डॉ गिरीश कुमार संघी के निदेर्शानुसार पूरे झारखंड में वैश्य दिवस के रूप में मनाया जायेगा। प्रदेश स्तर से लेकर जिला स्तर से जिला स्तर एवं प्रखंड स्तर से पंचायत स्तर तक कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। इस दौरान वैश्य समाज के महापुरुषों का चित्र लगाकर उनकी जीवनी के बारे में बताया जायेगा। बच्चों एवं महिलाओं के बीच प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जायेगा। वैश्य दिवस 22 मार्च से लेकर 15 अप्रैल तक पूरे झारखंड प्रदेश में आयोजित की जायेगी।

### श्री चैती दुर्गा पूजा महासमिति का भूमि पूजन

**रांची।** श्री चैती दुर्गा पूजा महासमिति भुताहा तालाब के पंडाल का भूमि पूजन विधिविधान के साथ रविवार को किया गया। जिसमे मंदिर के पुजारी सुभाष चंद्र मिश्रा ने पूजा कराया। मौके पर महासमिति की और से कहा गया कि इस बार पूजा पंडाल बड़ा व भव्य बनाया जाएगा। उसी पंडाल में मां दुर्गे की बड़ी प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना की जाएगी। भूमि पूजन के इस अनुष्ठान में समिति के मुख्य संरक्षक किशोर साहू, राज कुमार गुप्ता,उदय साहू,अध्यक्ष रवि कुमार पिंकू,महामंत्री गोपाल पारीक, कार्यकारणी अध्यक्ष दीपू सिंह,कोषाध्यक्ष संजय सिंह( लल्लू सिंह),सुनील साहू, राहुल सिंह, रोहित वर्मा,राजू वर्मा,करण सिंह, मोहित रजक,आशीष रजक,विपिन बर्मन, यश वर्मा,रुपेश कुमार बर्मन (पप्पू),अजय कुमार सिंह,संजय साहू,अर्जुन सिंह, रोहन सिंह,शोरव रजक,आकाश रजक,प्रवक्ता नमन भारतीय,मिडिया प्रभारी शिव किशोर शर्मा,पंडाल प्रभारी आकाश रजक सहित अन्य कार्यकर्त्ता उपस्थित थे। यह जानकारी दुर्गा पूजा समिति के प्रवक्ता नमन भारतीय एवं मिडिया प्रभारी शिव किशोर शर्मा ने दी।

### 900 से अधिक श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

**रांची।** श्री कृष्ण प्रणामी सेवा ट्रस्ट संस्था के सेवाभाव सदस्यों ने रविवार को पुंदाग स्थित संस्था के निर्माणाधीन मंदिर परिसर में संस्था के सह संरक्षक बह्मलीन बसंत गौतम को श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही संस्था की ओर से मौके पर भक्तों व श्रद्धालुओं के बीच 77 वां श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का प्रसाद वितरित किया गया। जिसमें राहगीर, सुविधा से वंचित लोग, श्रद्धालु महिला पुरुष व युवक-युवतियों को मिलाकर कुल 900 से अधिक लोगों ने अन्नपूर्णा भंडारे के प्रसाद ग्रहण किया। अन्नपूर्णा भंडारे का संचालन संस्था के सदस्य एवम गुरु महाराज के परम भक्तिभावी शिष्य नन्द किशोर लछमी देवी पाटोदिया एवम उनके परिवार के सौजन्य से किया गया।

### श्रीमद्भागवत से आध्यात्मिक विकास : पंडित नीरज

**रांची।** श्रीधाम वृन्दावन से पधारे राष्ट्रीय कथा प्रवक्ता परम पूज्य पंडित नीरज कृष्ण शास्त्री ने कहा कि आज हमारे देश मे आदिकाल से वेद पुराण सम्मत संस्कार/संस्कृति, आध्यात्म एवं सनातन धर्म को भूलकर लोग पा>ात्य संस्कृति को अपनाने की होड़ मे लगे हैं। उस पा>ात्य संस्कृति, जिसका प्रादुर्भाव भोग-विलासिता पर आधारित है, जो कालांतर में मनुष्य को निराशा और अशान्ति के सागर मे डुबो देती है। जबकि भारतीय सनातन धर्म, संस्कृति और आध्यात्म पुरातन वेद पुराण से प्रादुर्भावित है। इसके अनुसरण से मानव का मानसिक एवं आध्यात्मिक विकास होता है।

### शास्त्रीय संगीत ध्रुपद समारोह संपन्न

**रांची।** स्वर्गीय पं रामवृक्ष पाठक ध्रुपद सम्राट (गया घराना) स्वरात्मिका के स्मृति में शास्त्रीय संगीत ध्रुपद सामारोह का आयोजित कार्यक्रम रविवार को रातू रोड स्थित साक्षी उपवन में संम्पन्न हुआ। यह कार्यक्रम पंडित शैलेन्द्र कुमार पाठक के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ।कार्यक्रम की शुरूआत राँची दूरदर्शन के केंद्र प्रमुख रंजीत कुमार राव ने स्वर्गीय पंडित रामवृक्ष पाठक के चित्र पर मालार्पण कर व दीप प्रज्वलित कर किया।इन अवसर पर गया घराना के शिष्यों ने श्री गणेश वंदना से कार्यक्रम की शुरूआत की।शास्त्रीय संगीत के विशिष्ट अतिथि रंजीत कुमार राव ने कहा कि शास्त्रीय संगीत को बढ़ावा देने के लिए इस तरह के कार्यक्रम का रांची में होना अपने आप में गौरव की बात है। शास्त्रीय संगीत के विस्तार के लिए उन्होंने हर संभव मदद करने की भी इच्छा जताते हुए स्वयं को शास्त्रीय संगीत ध्रुपद सामारोह में निमंत्रण के लिए गया घराना का धन्यवाद दिया।

### सिमलिया में रामनवमी को लेकर बैठक

**रांची।** रविवार को कटहल मोड के निकट शंकर चौक, सिमलिया में रामनवमी पूजा को लेकर रामभक्तों व हनुमानभक्तों की एक बैठक की गई। इसमें रामनवमी के अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकालने पर विचार किया गया। इसको लेकर विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। जिसमें निर्णय लिया गया कि प्रथम मंगलवारी 14 मार्च को महावीर झंडा खड़ा किया जायेगा। इस दौरान 21 सदस्यीय ताजा पार्टी को होंगे, जो शोभायात्रा को आकर्षित एवम भव्य बनायेगा। प्रत्येक मंगलवार को शंकर चौक, बागलता, श्री राम नगर, हनुमान नगर मंदिर में डंका, तलवार एवं लाठी का प्रदर्शन किया जायेगा। नगर भ्रमण के दौरान आगे शोभायात्रा होगीद्ध वहीं पीछे चलने वाले लोग शस्त्र प्रदर्शन करते चलेंगे। जगह जगह स्वागत शिविर लगेंगे। बैठक में राकेश चौधरी, राष्ट्र बचाओ आंदोलन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह, मनोज सोनी, विशाल प्रियदर्शी, सचिन सिंह आदि उपस्थित थे।

# राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मिले संदीप मुरारका, भेंट की पुस्तक



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** आदिवासी समुदाय के सकारात्मक पहलुओं पर लिखनेवाले कलमकार संदीप मुरारका और डॉ राम मनोहर लोहिया रिसर्च फाउंडेशन के अध्यक्ष अभिषेक रंजन सिंह रविवार को राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मिले। इस दौरान लेखक संदीप मुरारका ने गवर्नर को आदिवासियों पर लिखी गयी अपनी पुस्तक देश के 105 विशिष्ट जनजातीय व्यक्तित्व भेंट की। इस पुस्तक में पद्म पुरस्कारों के सम्मानित छियत्तर आदिवासी व्यक्तित्वों के साथ-साथ परमवीर चक्र, महावीर चक्र, ध्यानचंद अवार्ड एवं नारी शक्ति पुरस्कार से सम्मानित विभूतियों के बारे में शॉर्ट में बताया गया है। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि आदिवासी हमारे लिये प्रेरणास्त्रोत हैं, क्योंकि परस्थितियों के विपरीत होने के बावजूद अपने कठिन संघर्ष से वे सफलताओं का परचम लहरा रहे हैं। बताते चलें कि संदीप मुरारका शॉर्ट बॉयोग्राफी और फीचर के जरिये लगातार प्रेरक आदिवासी चरित्रों से पाठकों को रुबरु करा रहे हैं। उन्होंने 23 राज्यों की लगभग 52 जनजातियों के विख्यात आदिवासियों पर कॉफी टेबल बुक लिखा है।

# एचआरएम को मजबूत बनाना प्राथमिकता : डॉ गोम्स

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** डॉ कामिल बुल्के पथ स्थित जेवियर इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल सर्विस (एक्सआइएसएस) के ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट (एचआरएम) प्रोग्राम द्वारा 11- 12 मार्च को सेंट जॉन्स स्कूल के सभागार में लेबर लॉ पर आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला का समापन रविवार को हुआ। एचआरएम के कार्यक्रम प्रमुख डॉ श्यामल गोम्स की उपस्थिति में अमिताभ अधिकारी, सीएचआरओ, रतन इंडिया इंटरप्राइज और संस्थान के एलुमिनाई ने कार्यशाला का संचालन किया।

कार्यशाला की शुरुआत डॉ श्यामल गोम्स ने की। उन्होंने स्टूडेंट्स को रिसोर्सपर्सन और फैसिलिटेटर का परिचय दिया। डॉ सुनील सिंह ने वर्चुअल रूप से कार्यशाला में शिरकत की और सभी को संबोधित किया।

डॉ श्यामल गोम्स ने कार्यशाला में उपस्थित सभी का स्वागत किया। उन्होंने पाठ्यक्रम में श्रम कानूनों के महत्व पर जोर दिया और कहा कि एचआरएम को मजबूत बनाना प्राथमिकता है। इसके अलावा, औद्योगिक संबंध बनाये रखना और एक कार्यक्षेत्र के माहौल को खुशहाल बनाना आज हर कॉरपोरेट सेक्टर में प्रमुख चुनौतियां हैं।

अमिताभ अधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि सर्वश्रेष्ठ वकील कानून को रटते नहीं हैं, वे उसके ढांचे को समझते हैं। उसी तरह स्टूडेंट्स को भी चाहिए कि वे किसी भी विषय में समझ की गहराई में बढ़ कर अधिक से अधिक जानकारी प्राप्त करें ताकि उनका भविष्य सुरक्षित रहे। इस क्रम में उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति को अपने स्किल, हुनर या कौशल को व्यवहारिक तौर पर इस्तेमाल करने में सक्षम होना चाहिए।

पूरी तरह व्यवहारिक इस कार्यशाला में रिसोर्स पर्सन ने स्टूडेंट्स के साथ इंटरोक्टिव वीडियो व्याख्यान, प्रेजेंटेशन, रोल प्ले एंड प्रैक्टिकल, वास्तविक जीवन व्यवसाय परिदृश्य तथा केस स्टडी आदि साझा किए। कार्यशाला लेबर कोड, लेबर लॉ, हाल के संशोधनों और वास्तविक जीवन के उदाहरणों पर केंद्रित थी, जिन्हें छात्रों के सीखने के अनुभव को बढ़ाने और उनकी आसान समझ के लिए केस स्टडी के रूप में प्रस्तुत किया गया था। मूनलाइटिंग जैसे एचआर में हालिया रुझानों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। फैसिलिटेटर द्वारा अपने जीवन के अनुभवों को साझा करने से सत्र और भी दिलचस्प रहा। उपस्थित लोगो में एक्सआईएसएस के फायनान्स अधिकारी फादर क्लेबर मिंज,एक्सआईएसएस सुपीरियर फादर जेवियर सोरेंग एसजे, सेंट जॉन्स हाई स्कूल के वाइस प्रिंसिपल फादर बिनोद टोप्पो एसजे आदि शामिल थे। डॉ जॉनसन मिंज ने दो-दिवसीय कार्यशाला का सारांश दिया। धन्यवाद ज्ञापन एचआरएम के एचओपी डॉ श्यामल गोम्स ने किया।



# कुरीतियां दूर करने को शिक्षा जरूरी : आरटीपी विश्वकर्मा

## लोहार समाज का 12वां पारिवारिक मिलन सह प्रतिभा सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**रांची।** विश्वकर्मा मंच झारखंड के तत्वावधान में रविवार को विधानसभा सभागार विधायक क्लब सेक्टर-2 धुर्वा में लोहार समाज का 12वां पारिवारिक मिलन समारोह सह प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। श्रीकांत शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न इस कार्यक्रम का संचालन मंच के सचिव राकेश कुमार शर्मा ने किया। कार्यक्रम का उद्घाटन एचएमटीपी में कार्यरत आरटीपी विश्वकर्मा ने किया। भगवान विश्वकर्मा की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर तथा माल्र्यापण कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया।

आरटीपी विश्वकर्मा ने इस अवसर पर अपने उद्घाटन संबोधन में शिक्षा पर विशेष जोर देते हुए कहा कि शिक्षा से ही समाज में व्याप्त अंधविश्वास व कुप्रथाओं को खत्म किया जा सकता है। साथ ही लोग परिवार, समाज और देश का विकास कर सकते है।

अध्यक्षीय संबोधन में श्रीकांत शर्मा ने कहा कि झारखंड सरकार केरल की तर्ज पर आर्टिजन बोर्ड के गठन में झारखंड सरकार सक्रियता दिखाए तब ही समाज का कल्याण होगा। मुख्य संरक्षकर सत्यनारायण शर्मा ने कहा कि समाज के लोगों को राजनीतिक तौर पर भी सक्रिय रहना चाहिए इसके लिए जरुरी है कि वे किसी न किसी राजनीतिक पार्ट से जुड़े रहें। ऐसे कार्यक्रमों से ही लोगो में जागरुकता आती हैऔर लोगो में मेल-मिलाप बढ़ता है।

संबोधित करने वालों में विशिष्ट अतिथि शम्भू शरण शर्मा, दुधेश्वर भोला शंकर विश्वकर्मा , सुरेश चंद्र विश्वकर्मा, सत्यनारायण शर्मा, गणेश ठाकुर, अर्जुन शर्मा, डा.राजीव रंजन शर्मा, श्याम विजय लाल आदि शामिल थे। कमोबेश सभी वक्ताओं ने अपने संबोधन में समाज के उत्थान के संबंध में अपने विचार रखे। मंच के सचिव ने सामाजिक कार्यों की जानकारी के साथ लेखा जोखा प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में महिलाएं बच्चे,युवा एंव बुजुर्ग शामिल थे। समारोह में विशेष क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले समाज के लोगों को सम्मानित किया गया। साथ ही समाज के ऐसे लोगों को भी सम्मानित किया गया जो विश्वकर्मा मंच झारखंड के साथ लगातार जुड़े रहकर समाज का विकास करने में अपना बहुमूल्य योगदान किए है। कार्यक्रम के सफल आयोजन में कोषाध्यक्ष अरविंद कुमार शर्मा, सह कोषाध्यक्ष प्रदिप विश्वकर्मा, जिला सचिव मनोज विश्वकर्मा, रांची क्षेत्र के प्रभारी प्रदीप कुमार नवीन निश्चल, विनय शर्मा, निरंजन कु शर्मा, राजेश कुमार शर्मा, सतीश शर्मा, संजय कुमार, राधा कांत शर्मा, रेणु शर्मा,कविता शर्मा, संगीता देवी, रेखा कुमारी, रवि विश्वकर्मा, विश्वकर्मा आदि का अहम योगदान रहा। मनोज विश्वकर्मा के धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

### प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष को पितृशोक

**रांची।** झारखंड प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष संजय महतो के पिता नागेश्वर महतो (सेवा निवृत शिक्षक, उम्र 75 वर्ष) की रांची में इलाज के दौरान मृत्यु हो गयी। वह तमाड़ के सलगाडीह के निवासी थे। स्व. नागेश्वर महतो सामाजिक कार्यो मे बढ़ चढ़ कर, एवम गरीबों की सेवा करते थे। इलाके में उन्हें एक समाजसेवी के रूप में जाना जाता है। वे अपने समय में एक अच्छे फुट बाल खिलाडी भी थे। वे अपने पीछे पांच पुत्र और एक पुत्री छोड़कर चले गए। उनका अंतिम संस्कार तमाड़ के गागर सतिया नदी में किया गया। स्व. नागेश्वर महतो के निधन पर सिल्ली के विधायक सह पूर्व उप मुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो, सिल्ली के पूर्व विधायक अमित महतो, तमाड के विधायक विकाश कुमार मुंडा, कांके के विधायक समरी लाल, बंधु तिर्की, चाईबासा के सासंद गीता कोड़ा, पूर्व मुख्य मंत्री मधु कोड़ा आदि ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

स्पीड न्यूज

## डीएवी नीरजा सहाय में नारी शक्ति सम्मानित

**पिठोरिया।** कांके स्थित नीरजा सहाय डीएवी प्रांगण में नारी शक्ति को सम्मानित किया गया । अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवसश के तत्वावधान में विद्यालय परिसर में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए तथा महिला कर्मचारियों को धन्यवाद सह सम्मान ज्ञापित किया गया । प्राचार्या किरण यादव ने अपने जीवन के अनुभवों को साझा करते हुए समाज के विकास एवं सुधार में नारी के प्रयोजन की अवश्यंभाव्यता पर सारगर्भित संभाषण दिया तथा सृष्टि की पूर्णता में स्त्री एवं पुरुष दोनों की सहभागिता को रेखांकित किया । महिला कर्मियों ने कई कार्यक्रम यथा गायनए कविता अभिभाषणए नृत्यए संस्मरण आदि साझा किए । समस्त विद्यालय परिवार इस मौके पर उपस्थित रहा तथा नारी के सम्मान का हिस्सा बनते हुए गौरवांवित महसूस किया।

# पर्यटनकर्मियों ने सात पर्यटकों की बचायी जान

### पर्यटनकर्मियों ने जांबाजी दिखाते हुए हुंडरू फॉल में डूब रहे सभी को बाहर निकाला

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिकिदीरी।** पर्यटनस्थल हुंडरू फॉल में डूब रहे हजारीबाग के सात पर्यटकों को वहां तैनात पर्यटनकर्मियों ने जांबाजी का परिचय देते हुए बचा लिया। घटना रविवार को दिन के करीब साढ़े चार बजे की है। सभी पर्यटक एक ही परिवार के सदस्य है। सभी हजारीबाग मटवारी से पावर हाउस के रास्ते हुंडरू फॉल घूमने पहुंचे थे।

पर्यटनकर्मियों ने बताया की एक ही परिवार के कुल नौ सदस्य 5 महिला व 4 पुरुष के साथ हुंडरू फॉल घूमने आया रुद्र कुमार शर्मा (9 वर्ष) डेंजर जोन जोगिया दह के पास पहुंचकर पानी से खेल रहा था। इस क्रम में उसका पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में डूबने लगा। बचाने के लिए दौड़े उसके पिता कौशल किशोर ने अपना बेल्ट उसकी ओर फेंका, लेकिन तबतक रुद्र पानी के नीचे चला गया था। रुद्र को बचाने के लिए दो महिलाओं को छोड़कर सभी सदस्य एक के बाद पानी में उतर गए। इनमें से किसी भी सदस्य को तैरना नहीं आता था। सभी गहरे पानी में डूबने लगे। सभी को डूबता देख बाहर खड़ी दो महिलाओं ने बचाव-बचाव चिल्लाने लगी। चिल्लाने के आवाज सुनकर झरना के पास तैनात पर्यटनकर्मी बुधराम बेदिया, रंजन कुमार बेदिया, महेश्वर बेदिया, स्थानीय दुकानदार रामकुमार बेदिया व जितू बेदिया ने पहुंचकर जान की परवाह किए बगैर गहरे पानी में छलांग लगा दी। पानी में डूब रहे सात लोगों को सकुशल बाहर निकाला।

### सीपीआर तकनीक से बची रितिक की जान

डेंजर जोन जोगिया दह में 25 फीट गहरे पानी में डूब चुके रितिक कुमार (25 वर्ष) को पर्यटनकर्मियों ने काफी मशक्कत के बाद बेहोशी की हालत में बाहर निकाला गया। बाहर निकालने पर रितिक की सांसे बंद हो रही थी। पर्यटनकर्मियों ने तत्काल उसको जमीन में लेटाकर करीब एक घंटे तक सीपीआर (कृत्रिम सांस) तकनीकी से आक्सीजन देकर उसकी जान बचाई। इसके बाद परिवार के लोगों ने राहत की सांस ली। इधर रितिक की बहन आयुश्री कुमारी (21 वर्ष) भी बार बार बेहोश हो रही थी। सभी सदस्यों को बेहतर ईलाज के लिए अस्पताल भेज दिया गया। मौके पर सहयोग करने वालों में रामकुमार बेदिया रामकुमार बेदिया, जितू बेदिया, बालेश्वर बेदिया, राजकिशोर प्रसाद, हरिचरण बेदिया, विष्णु कुमार बेदिया, विवेक महतो, शफीक अंसारी आदि उपस्थित थे।

**इनकी बचायी गयी जान**

■ **रुद्र कुमार शर्मा, विनय कुमार शर्मा, नंदलाल शर्मा, कौशल किशोर शर्मा, आयुश्री कुमारी, रितिक कुमार सहित तीन महिलाएं शामिल है।**





# सहेली को बचाने नहर में कूदी बच्ची की डूबने से मौत

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिकिदिरी।** जल विद्युत परियोजना सिकिदीरी के पावर नहर में अपने दोस्त को बचाने के लिए नहर में कूदी पूजा उर्फ मुस्कान कुमारी की डूबने से मौत हो गई। घटना रविवार को दिन के तीन बजे की है। ईद मोड़ पावर नहर के किनारे रहने वाले सूरज रजवार अपनी पुत्री मुस्कान कुमारी (14 वर्ष) व पड़ोस की सुमन कुमारी (10 वर्ष) के साथ नहर में नहाने गए थे। नहाने के बाद उन्होने मुस्कान को जल्दी घर लौटने की बात बोल कर वे घर आ गए । इधर सुमन नहाने के दौरान पानी में डूबने लगी। सुमन को डूबता देख मुस्कान ने पानी में छलांग लगा दिया। लेकिन वह सुमन को बचाने के क्रम में खुद पानी में डूब गई। इधर सुमन को डूबता देख वहां मौजुद एक अन्य व्यक्ति ने उसे बचा कर पानी से बाहर निकाला। पिता सूरज को जानकारी मिलने पर उन्होने पानी में डूबे मुस्कान को बाहर निकाला। तबतक उसकी मौत हो चुकी थी। मुस्कान मध्य विद्यालय ईद में सातवीं कक्षा की छात्रा थी।

## एक नजर में

### महाराज मदरा मुंडा सेवा संस्थान न्यास ट्रस्ट की बैठक में कई निर्णय

**पिठोरिया।** सुतियाम्बे गढ़ बारी स्कूल परिसर में रविवार को महाराज मदरा मुंडा सेवा संस्थान न्यास ट्रस्ट की बैठक डॉ प्रदीप मुंडा की अध्यक्षता में बैठक हुई ।बैठक में चैत्र पूर्णिमा को मुंडा आदिवासी समाज के द्वारा महाराजा मदरा मुंडा से संबंधित धार्मिक स्थलों में वार्षिक पूजन शाह मेला का आयोजन को लेकर चर्चा की गई। मौके पर कहा गया कि कई लोग आदिवासी के हितैषी बनकर कई संगठन चला रहे हैं ।और आदिवासी भाई बहनों को बरगलाने का काम कर रहे हैं। ऐसे संगठनों से आदिवासी समाज को सजग रहने की अपील की गई । बैठक महाराज मदरा मुंडा सेवा संस्थान न्यास ट्रस्ट के पहलवान सिंह मुंडा ने कहा कि मुंडा समाज अपनी रुढ़ी प्रथा को बनाए रखने के लिए वचनबद्ध हैए उन्होंने कहा कि समाज किसी के बहकावे में ना आकर अपनी धार्मिकए सांस्कृतिक एवं समजिक परंपराओं को आगे ले जाने का कार्य करें ।बैठक में प्रदीप पहनए अमर गोपए भवानी मुंडाए रामदेव मुंडाए राम लगन मुंडा एरामदेव मुंडाए पूरण गोपए जय राम महलीए विश्वनाथ साहूए महेंद्र मुंडा एसहदेव राम समेत कई लोग शामिल थे।

### इटकी के रसूल नगर में लगा हेल्थ वर्कशॉप



**इटकी।** जसलोक हॉस्पिटल रांची व इटकी सेवा निकेतन ट्रस्ट हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को इटकी रसूल नगर में हेल्थ वर्कशॉप का आयोजन किया गया। वर्कशॉप में इटकी व आसपास के दर्जनों मेडिकल प्रैक्टिशनर व डॉक्टरों ने भाग लिया। वर्कशॉप में डॉ जितेंद्र कुमार ने जटिल बीमारियों का कम खर्च में बेहतर इलाज व स्वस्थ से संबंधित कई महत्वपूर्ण जानकारी दी। साथ ही रोगियों को बेहतर स्वास्थ सुविधा उपलब्ध कराने को लेकर चर्चा किया। इससे पूर्व वर्कशॉप का उदघाटन डॉ जितेंद्र कुमार ने फीता काटकर किया। वर्कशॉप में डॉ शकील अहमद व आर एन प्रसाद सहित अन्य ने अपने विचार रखे। मौके पर सेवा निकेतन हॉस्पिटल के डायरेक्टर मकसूद आलम, सलीम अंसारी, राजेन्द्र कुमार, मजहर आलम, खुर्शीद आलम, डॉ शाहनवाज आलम, राजीव कुमार, नेसार अहमद, मनोज केसरी, आकिब, लीला कुमारी, सुरैया परवीन सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# ओरमांझी : अवैध क्रशर माइंस के खिलाफ गोलबंद हुए ग्रामीण

### टॉस्क फोर्स ने अवैध क्रशरों को किया था ध्वस्त, फिर चालू हो गये क्रशर

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** अंचल क्षेत्र के खीराबेड़ा केषर संचालकों द्वारा प्रषान को सिधी चुनौती दी जा रही है। एसडीओ के नेतृत्व में गठित टास्क फोर्स की टीम द्वारा जिस 17 अवैध क्रशर पर कार्रवाई की गई थी। अब खीराबेड़ा के लगभग सभी क्रशर का संचालन शुरू कर दिया गया है। टास्क फोर्स टीम में शामिल ओरमांझी सीओ, थाना प्रभारी, डीएसपी, माइनिंग, विभाग, पोलुशन विभाग, वन विभाग व विजली विभाग के अधिकरी व पदाधिकारी द्वारा दर्जन भर अवैध क्रेषर को ध्वस्त व तीन क्रशरों का सील कर दिए गए थें। वहीं संचालाकों द्वारा कार्रवायी के कुछ ही दिन बाद सभी ध्वस्त क्रशर का मरमत कार्य शुरू कर दी गई थी और अब धरड़ले से सचांलन हो रहा है। दूसरी ओर खीराबेड़ा के ग्रामीण अवैध पत्थर माइंस व क्रेषर के खिलाफ गोलबंद होने लगे हैं। क्रशर माइंस से होने वाले परेशानियों को लेकर शनिवार को क्रेषर संचालकों के बीच एक बैठक हुई। ग्रामप्रधान महेष महली की अध्यक्षता व मुखिया मुखिया विरेंद्र मुंडा की उपस्थिति में ग्रामीणों ने अवैध क्रशर व माइंस संचालन के प्रति नाराजगी जताते हुए, तीन माह में संचालन बंद नही होने पर खूद संचालन बंद कराने की चेतावनी दी है। बैठक में बसंत मेहता, भुनेश्वर मेहता, मनोज महतो, अरविंद सिंह सहित कई क्रशर व माइंस संचालकों के अलावे प्रिती देवी, सनिता देवी, गीता देवी, भुने देवी, फुलेश्वर देवी, लालो देवी, ललिता देवी, झुनी देवी, मुली देवी, रमानी देवी, प्रतिमा देवी, मंगरी देवी, प्रमिला देवी, फुलमनी देवी, शीला देवी, दिनेष बेदिया, गोवर्धन बेदिया, महेंद्र बेदिया, फुचना बेदिया, त्रिवेणी बेदिया, सरदु बेदिया, रतिलाल बेदिया, रामकुमार बेदिया सहित खीराबेड़ा के युवा व काफी संख्या में महिलाएं उपस्थित थीं।



बैठक में अपनी बात रखते क्रशर संचालक।

> क्रशर संचालन से गांव के लोगों को रोजगार मिलता है। लाखों रुपया में क्रशर मशीन लगाए गए हैं। अचानक व्यवसाय बंद करना संभव नही है। वहीं गांव वालों का सवाल है जिस गांव में क्रशर नहीं वहां के लोग बेराजगार हैं या उनके बच्चे शिक्षा ग्रहण नही करते।

### क्रशर की धूल बन रहा रोजगार में बाधक

गांव की कई बेटियों ने कहा कि उनके पिता को बहला-फुसला का जमीन एंग्रीमेंट करा लिया गया है। कितने वर्ष के लिए एग्रीमेंट है किसी को मालूम नही। रात भर क्रेषर का संचालन होने से पढाई के साथ गांव वालों को रात में सोने में भी परेशानी होती है। सभी अवैध क्रेषर माइंस हर हाल में बंद होना चाहिए। ग्रामीणों का कहना है कि क्रेषर से धूल उड़कर उनके भोजन में चले जाते हैं। गांव में सामुहिक भोज जैसे कार्यक्रम में भी भोजन को सुरक्षित रखना मुष्किल हो जाते हैं। रास्ते से घर तक धूल भरे रहते हैं। खेतो में लगे फसल को भी नुकासन हो रहे हैं। जिसके कारण गांव के लोग खेती से जुड़ नही पा रहे हैं। क्रेषर बंद होने से गांव के लोग कृषि रोजगार से जुड़ सकते हैं।

## तमाड़ : प्रयास महिला सोसाइटी का सम्मान समारोह

**तमाड़।** प्रयास महिला वेलफेयर सोसायटी द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में रविवार को सम्मान समारोह हाई स्कूल मैदान परिसर में आयोजित किया गया। संस्था के द्वारा समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले महिलाओंए समाजसेवीए शिक्षकए पत्रकार को मेडल और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के अध्यक्ष सुखदेव गोस्वामीए सचिव राजीव गांगुलीए कोषाध्यक्ष सुधीर कुमार महतोए सदस्य नन्दा नायकए अनिमा मल्लिक का अहम योगदान रहा। मंच संचालन भुवनेश्वर मल्लिक द्वारा किया गया। सम्मान समारोह में गुंजन ईकिर मुंडाए गायत्री परिवार से निरंजन सिंहए महिला विकास मंच रांची जिला अध्यक्ष स्नेहा दासए उप प्रमुख शकुंतला खंडितए जगदीश गुप्ता मौजूद थे।

# श्रीराम सेना चैती दुर्गा पूजा समिति का भूमि पूजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**नामकुम।** रविवार को श्रीराम सेना चैती दुर्गा पूजा राम नवमी पूजा समिति के तत्वधान में भूमि पूजन किया गया। जिसमें मां के पंडाल के साथ साथ हर वर्स की भांति भगवान बजरंगी का अखाड़ा बनाने का भी निर्णय लिया गया,रामनवमी प्रभारी दीपेश पाठक ने बताया कि विगत 21 तारीख अमावस्या के दिन माता का नेत्रदान होगा और 22 मार्च से कलश स्थापना के साथ मूर्ति पूजा शुरू हो जाएगी।

इस दौरान श्रीराम सेना चैती दुर्गा पूजा रामनवमी पूजा समिति के तत्वधान में पूजा स्थल पर एक आम सभा रखा गया जिसमें तमाम पदाधिकारी और सदस्यगणों की उपस्थिति में विधिवत मंत्रोच्चार के साथ भगवान बजरंगी की पूजा अर्चना की गई लड्डू का भोग लगाया गया तथा पूजा कमेटी का पुर्नगठन किया गया साथ ही 10 दिवसीय दुर्गा पूजा के साथ रामनवमी पूजा का आयोजन करने एवं मेला के आयोजन करने का निर्णय लिया गया।वहीं आगामी नववर्ष एवं दुर्गा पूजा को लेकर शहर में प्रचार वाहन घुमाने एवं सभी क्षेत्र में बैनर एवं पोस्टर लगाने का निर्णय लिया गया,श्रीराम सेना ने सभी नगर वासियों एवं झारखंड वासियों को नववर्ष की बधाई देते हुए अपने धर्म एवं नव वर्ष का प्रचार प्रसार भव्य रूप से करने की अपील की ताकि आने वाली पीढ़ी को भी भारतीय नववर्ष एवं परंपरा का ज्ञान होता रहे। मौके पर शंकर महतो, भुनू साहू,नीरज सिंह, राजेश कुमार, विकास जायसवाल, दीपेश पाठक बाबा, आशीष सिंह गोलू, विष्णु वर्मा, रवि राय, विकास सिंह मौजूद थे।

# हक-अधिकार के लिए आवाज बुलंद करना जरूरी

### बेड़ो के ताबेर गांव के चिलम लदा में 10 पड़हा समाज के लोगों ने भरी हुंकार



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेड़ो।** जनजातियों को अपने हक अधिकार की रक्षा के लिए आगे आना होगा। जल, जंगल व जमीन की रक्षा के लिए हमें एकजुट होकर आवाज बुलंद करनी होगी। यह बातें 10 पड़हा कटरमाली के अध्यक्ष सुबोध लकड़ा ने कहीं। उन्होंने जनजातियों से एकजुट होकर अपने पूर्वजों द्वारा दिया गया सामाजिक व सांस्कृतिक विरासत को अक्षुण्ण बनाए रखने का आह्वान किया। उन्होंने बैठक में 10 पड़हा की सामाजिक व सांस्कृतिक पहचान को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए पड़हा समाज के द्वारा तैयार किए गए प्रस्तावों में सरहुल पूर्व संध्या व पूजा हर्सोल्लास से मनाने और एक साथ जुलूस निकाला जाएगा 10 पड़हा गांव में विशु शिकार से 10 नगाड़ा व 10 ढाक का वितरण किया जाएगा। साथ ही दो गांवों में धुमकुड़िया का निर्माण किया जाएगा। बैठक में पड़हा समाज के लोगों ने तालियों की गड़गड़ाहट व ध्वनिमत से आदिवासियों की पहनई जमीन व झंडा पर की जा रही जबरन कब्जा का विरोध करनेएसरहुल व विशु शिकार पर नशापान नहीं करने पड़हा भवन का सुंदरीकरण करने तथा जामटोली पहाड़ के ऊपर सरना स्थल पर झंडा गड़ीएअखरा व धूमकुरिया का निर्माण करने आदि प्रस्तावों पर सर्वसम्मति से सहमति प्रदान किया। इधर बैठक में 10 पड़हा की सामाजिक व सांस्कृतिक पहचान को सुदृढ़ बनाने व पड़हा एकता को मजबूत बनाने के लिए 10 पड़हा के किसी एक गांव में 10 पड़हा के नाम पर एक जतरा समारोह का आयोजन करने पर बल दिया गया।

## अनगड़ा : अनुसूचित जाति अधिकार रैली को लेकर जनसंपर्क अभियान



**अनगड़ा।** आगमी 14 मार्च को आयोजित अनुसूचित जाति अधिकार महारैली को सफल बनाने के लिए डॉ रीझु नायक के नेतृत्व में अनगड़ा एवं ओरमांझी के विभिन्न गावों का दौरा कर रैली को सफल बनाने की लोगों से अपील की स जन सम्पर्क अभियान टाटी सिलवे से शुरू होकर चिलदाग महेशपुर गांधी ग्राम गेतलसुद ईद बक्सीडीह सांडी बारीडीह ओरमांझी मुनापतरा आदि गावों में चलाया गया स नुकड़ सभा में भारतीय अनुसूचित जाति महासभा के केन्द्रीय अध्यक्ष आर पी रंजन ने मुख्य रूप से उपस्थित हो कर कहा कि आये दिन सभी सरकारों ने हम अनुसूचित जातियों को छलने का कार्य किया है स इसलिएअब हम सब को एक होकर संघर्ष करने की आवश्यकता है रैली को सफल बनाने के लिए बच्चे नौजवान विधार्थी माता बहनें वुजुर्ग सभी सांस्कृतिक पहनावा और ढोल नगाड़े के साथ शामिल हों। जन सम्पर्क अभियान में मौके पर राजेश नायक मुडा नायक बीर सिंह नायक शांती देवी शिवधर रजवार तुलसी रजवार रामकुमार नायक कलेश नायक मानसिह नायक सुरेन्द्र बैठा मंगल बैठा बिमल नायक संजय नायक गंगाधर नायक शिव प्रसाद नायक ब्रह्मदेव नायक सुनील नायक आदि शामिल थे।

# प्रसव पीड़ा से तड़प रही महिला की सहिया ने की मदद

### सड़क किनारे प्रसव पीड़ा से तड़प रही थी महिला, जच्चा-बच्चा की बची जान

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेड़ो।** स्वास्थ्य सहिया सह पंसस राखी भगत ने मानवता की मिसाल पेश की हैं। रांची गुमला मुख्य मार्ग के किनारे पोस्ट ऑफिस के पास प्रसव पीड़ा से तड़प रही महिला की सूचना पर पहुंची राखी भगत ने सड़क किनारे महिला का प्रसव करवाया। इसके बाद एम्बुलेंस से बेहतर उपचार के लिए सीएचसी बेड़ो पहुंचाया गया है। इस संबंध में स्वास्थ्य सहिया ने बताया कि हमें सूचना मिली कि एक अज्ञात महिला पोस्ट ऑफिस के पास प्रसव पीड़ा से तड़प रही है। इस सूचना पर जब हम पहुंचे तो महिला की स्थिति दयनीय थी और वह दर्द से छटपटा रही थी। ऐसे में मैंने इंसानियत को सर्वोपरि रखकर कपड़े और साड़ी की आड़ करके महिला की सड़क किनारे डिलेवरी कराई है। उन्होंने ने बताया कि महिला और बच्चा जो की लड़की है दोनों स्वस्थ हैं। बच्चे जन्म का अपराह्न समय 11 बजकर 20 मिनट वजन 2 किलो 300 ग्राम है। महिला का नाम मंजु कुमारी पति राजेश उरांव मसियातु गुमला निवासी है जो मजदूरी करके वापस अपने घर लौट रही थी। इधर स्वास्थ्य सहिया के इस कार्य के लिए प्रखंड मुख्यालय में सराहना हो रही है। वहीं राखी भगत ने कहा हमने मानवतावश उसकी मदद की है।

# पारंपरिक एकता का प्रतीक है डोलोत्सव : सुबोधकांत

### गुडू के पंचम डोल मेले में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ राधा-कृष्ण की हुई पूजा

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** प्रखंड के गुडू में रविवार की रात पंचम डोल मेला लगा। श्री वंशीधर महाप्रभु मेला समिति की ओर से आयोजित महोत्सव में झारखंड समेत बिहार, पश्चिम बंगाल, उड़ीसा व छत्तीसगढ़ के हजारों श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण और राधा का दर्शन.पूजन कर मन्नतें मांगी। अष्टधातु से बनी युगल मूर्ति को सुसज्जित झूले में झुलाने की रश्म अदा की गयी। देवताओं को नगर भ्रमण कराया गया। छऊ नृत्य व नर्तकी नाच आकर्षण के केंद्र रहे। सांस्कृतिक कार्यक्रम में अलाशा म्युजिकल ग्रुप के कलाकारों ने लोगों का खूब मनोरंजन किया। पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय, राजकुमारी माधुरी मंजरी, आजसू के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो, कांग्रेस नेता अजय नाथ शाहदेव, भाजपा नेत्री सुमन मिश्र, शोभा यादव, ग्रामीण एसपी नौशाद आलम अंसारी, डीएसपी प्रवीण सिंह, जिप अध्यक्ष निर्मला भगत, आजसू नेता भरत कांसी व प्रमुख संगीता तिर्की बतौर अतिथि शामिल हुये। श्री सहाय ने डोलोत्सव को पारंपरिक एकता का प्रतीक बताया।



### सुरक्षा के थे कड़े प्रबंध

मेले में सभी तरह की दुकानें सजी थी। मेलार्थियों ने मिठाई समेत घरेलू चीजों की जमकर खरीदारी की। ठेला-खोमचा वालों की चांदी रही। सुरक्षा के कड़े प्रबंध थे। थानेदार सपन कुमार महथा ने इसकी कमान संभाली। मेले में शांति बनी रही। किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं है।

### इन्होंने निभायी भूमिका

कामेश्वर महतो, अनिल तिर्की, सोमेश कुमार मिश्र, प्रो जौरा उरांव, आलोक कुमार पौराणिक, प्रभु लोहरा, सिकंदर महतो, अशोक महतो, रमेश गोप, परमदीप महतो, शिवचरण मेहता, प्रेम उरांव, अखिलेश मिश्र, रमेशचंद्र महतो, शहदेव उरांव, भोला महतो, श्रीकांत पाठक, शिवशंकर महतो, सोमेश उरांव, शशिकांत पाठक, चरणदेव महतो, राजू उरांव, आशीष उरांव, मुकेश कुमार सिंह, पितांबर महतो, दिलीप कुमार, जीतु गोप व अखिलेश मिश्र आदि।

## नामकुम : सरहुल मनाने को लेकर बैठक



**नामकुम।** सरहुल पूजा को धूमधाम से मनाने को लेकर रविवार को नामकुम प्रखंड के सभी सामाजिक अगुवा और बुद्धिजीवीयों की बैठक सरनास्थल पर आयोजित की गयी। इस दौरान आगामी 24 मार्च को सरहुल पूजा धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। साथ ही पूजास्थल पर हर वर्स की भांति भव्य मेला लगाने और गांव गांव के अखाडों से षोभायात्रा निकालने का निर्णय लिया गया। मौके पर मुख्य रूप से बिरसा पाहन, सोनल कच्छप, बिपिन टोप्पो, आरती कुजूर, रामावतार केरकेटटा,रमेस तिर्की,देवचन्द्र कौडियार, अनिता तिर्की, मुन्ना बडाईक, राजेश कौडियार आदि मौजूद थे।

# चीन को झटका

एपल ई की पार्टनर फॉक्सकॉन टेक्नोलॉजी ग्रुप ने स्थानीय प्रोडक्शन को बढ़ाने के लिए भारत में एक नए प्लांट पर लगभग 70 करोड़ डॉलर का निवेश करने की योजना बनाई है। कंपनी की यह योजना अमेरिका और चीन के बीच बढ़ते तनाव के कारण चीन के मैन्युफेक्चरिंग सेक्टर में तेजी से बदलाव की तरफ इशारा करती है।नाम ना बताने की शर्त पर सूत्रों ने बताया कि ताइवान की कंपनी ने बेंगलुरु एयरपोर्ट के करीब 300 एकड़ की साइट पर फॉक्सकॉन के पुर्जे बनाने के लिए प्लांट बनाने की योजना बनाई है। यह प्लांट ऐप्पल के हैंडसेट को भी असेंबल करने का काम कर सकता है। कुछ लोगों ने कहा कि फॉक्सकॉन भी अपने नए इलेक्ट्रिक वाहन बिजनेस के लिए कुछ चीजों का प्रोडक्शन करने के लिए साइट का उपयोग कर सकता है। फॉक्सकॉन के अब तक के सबसे बड़े निवेश में से एक लाख लोगों को मिलेगा रोजगार। यह निवेश भारत में फॉक्सकॉन के अब तक के सबसे बड़े एकल इन्वेस्टमेंट में से एक है। फॉक्सकॉन के इस निवेश से पता चलता है कि कैसे चीन को कंज्यूमर्स इलेक्ट्रॉनिक्स के दुनिया के सबसे बड़े उत्पादक के रूप में अपनी स्थिति खोने का खतरा मंडरा रहा है।

भारत में नई प्रोडक्शन साइट से लगभग 1 लाख लोगों ने रोजगार पैदा होने की उम्मीद है जो इन दिनों जब दुनिया के देश मंदी झेल रहें हैं एक बड़ी संभावना है। चीन के झेंग्झौ शहर में कंपनी के विशाल आईफोन असेंबली कॉम्प्लेक्स में इस समय लगभग दो लाख कर्मचारी काम करते हैं, हालांकि पीक प्रोडक्शन सीजन के दौरान यह संख्या बढ़ जाती है। कंपनी की योजनाएं अभी भी बदल सकती हैं क्योंकि फॉक्सकॉन निवेश और परियोजना विवरण को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया में है लेकिन यह देश के लिए बड़ी संभावना है और चीन के लिये झटका।

# उत्साहित भाजपा

तीन राज्यों के चुनाव परिणामों से भाजपा खासी उल्लासित है और उसका नजारा दिल्ली में पार्टी के मुख्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में नजर आया। सही मायनों में भाजपा इन चुनाव परिणामों के निष्कर्षों को इस वर्ष होने वाले महत्वपूर्ण राज्यों मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, तेलंगाना व कर्नाटक के चुनावी समर तक लेकर जाना चाहती है। वह तीन राज्यों के चुनावों में मिली सफलता से नया विमर्श गढ़ने की कोशिश में है। उसके लिये हिमंत बिस्वा सरमा ने पूर्वोत्तर के मोदी-शाह की भूमिका निभाई है। उन्हें पूर्वोत्तर में भाजपा का चाणक्य कहा जाता है। बहरहाल, अच्छी बात यह है कि भाजपा की सक्रियता के बाद पूर्वोत्तर न केवल राष्ट्र की मुख्यधारा से जुड़ता नजर आया बल्कि अलगाववादी आंदोलनों पर भी लगाम लगी है। भाजपा ने इस मिथ को भी तोड़ने का प्रयास किया कि दिल्ली में बैठी सरकारें पूर्वोत्तर के विकास के साथ सौतेला व्यवहार करती हैं। भाजपा के प्रयासों से हिमंत बिस्वा के संयोजन में पूर्वोत्तर के लिये गठित नॉर्थ-ईस्ट डेवलपमेंट अलायंस यानी नेडा का गठन भी निर्णायक साबित हुआ है। इसके बाद भाजपा ने कांग्रेस मुक्त पूर्वोत्तर के नारे के साथ असम, त्रिपुरा आदि राज्यों में सरकारें बनायीं। वहीं दूसरी ओर ईसाई व आदिवासी बहुल इलाकों में पकड़ मजबूत बनाकर भाजपा यह संदेश देने की भी कोशिश में है कि वह अल्पसंख्यक विरोधी नहीं है। बहरहाल, भाजपा ने कुशल चुनावी रणनीति और स्थानीय मुद्दे भुनाने की कला से पूर्वोत्तर में नई इबारत लिख दी हैं। वैसे पूर्वोत्तर राज्य विकास के लिये दिल्ली में सत्तारूढ़ सरकार के साथ तालमेल बनाने के पक्षधर रहे हैं। कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्ष विखरा हुआ है और भाजपा अपने नीतियों में लचीलापन लाकर लगातार अपना जनाधार बढ़ा रही है। चुनावी योजनाओं में वह सदैव सबसे आगे चल रही है।

# संजीवनी के माध्यम से आया बड़ा बदलाव

**पीएम मोदी** ने रविवार को कहा कि ऑनलाइन चिकित्सा सुविधा मुहैया कराने वाले ऐप ई-संजीवनी की पहुंच भारत में डिजिटल क्रांति की शक्ति को दशार्ता है। उन्होंने कहा कि 10 करोड़ से अधिक लोगों ने इस सुविधा का लाभ उठाया है।

आकाशवाणी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात की 98वीं कड़ी में उन्होंने कहा कि ई-संजीवनी ऐप आम आदमी, मध्यम वर्ग और ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वालों के लिए जीवन रक्षक ऐप बन गया है।

उन्होंने कहा, ये है भारत की डिजिटल क्रांति की शक्ति। मोदी ने कहा कि इस ऐप का उपयोग कर अब तक टेलीकंसल्टेशन करने वालों की संख्या 10 करोड़ के आंकड़े को पार कर गई है। उन्होंने कहा, ह्यह्ये बहुत बड़ी उपलब्धि है। भारत के लोगों ने तकनीक को कैसे, अपने जीवन का हिस्सा बनाया है, ये इसका जीता-जागता उदाहरण है।उन्होंने कहा कि कोरोना काल में ई-संजीवनी ऐप के जरिए टेलीकंसल्टेशन एक बड़ा वरदान साबित हुआ।

प्रधानमंत्री ने इस दौरान एक चिकित्सक और एक मरीज से संवाद भी किया। उन्होंने कहा, ह्यह्यदेश के सामान्य लोगों के लिए, मध्यम वर्ग के लिए, पहाड़ी क्षेत्रों में रहने वालों के लिए, ई-संजीवनी जीवन रक्षा करने वाला ऐप बन रहा है।

प्रधानमंत्री ने भारत के डिजिटल लेनदेन के मंच यूनीफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) का भी उल्लेख किया और कहा कि दुनिया के कई देश इसकी तरफ आकर्षित हैं। उन्होंने भारत और सिंगापुर के बीच हाल में डिजिटल लेनदेन लिंक सेवा शुरू किए जाने का जिक्र करते हुए कहा, ह्यह्यभारत का ई-संजीवनी ऐप हो या फिर यूपीआई, ये जीवन जीने की सुगमता को बढ़ाने में बहुत मददगार साबित हुए हैं।

प्रधानमंत्री ने देशवासियों से भारत को स्वच्छ बनाने में योगदान करने और प्लास्टिक थैलों की जगह कपड़ों के थैलों का इस्तेमाल करने की अपील की। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान ने देश में जन-भागीदारी के मायने बदल दिए हैं। इस क्रम में उन्होंने हरियाणा के दुल्हेड़ी गांव के सफाई अभियान की चर्चा की जिसमें ग्रामीणों ने भिवानी शहर को स्वच्छता के मामले में अनुकरणीय शहर बनाने के लिए युवा स्वच्छता एवं जनसेवा समिति का गठन किया।





- शिवशंकर उरांव

मन की बात कार्यक्रम जनभागीदारी की अभिव्यक्ति का अद्भुत मंच बन गया है। उन्होंने कहा कि जब ह्लसमाज की शक्ति बढ़ती है तो देश की शक्ति भी बढ़ती है। उन्होंने संवाद के इस माध्यम से पारंपरिक खेलों और भारतीय खेलों को बढ़ावा दिए जाने सहित अपने विभिन्न आह्वानों का उल्लेख किया और कहा कि लोगों ने इनमें बढ़चढ़कर भागीदारी की।

प्रधानमंत्री ने कहा कि इससे जुड़े युवा तड़के चार बजे ही भिवानी पहुंचकर शहर में अलग-अलग स्थानों पर सफाई अभियान चलाते थे। उन्होंने इस बात पर संतोष व्यक?त किया कि इस समिति से जुड़े युवा अब तक शहर से कई टन कचरा साफ कर चुके हैं।

कचरे से कंचन की अवधारणा को स्वच्छ भारत अभियान का एक महत्वपूर्ण हिस्सा करार देते हुए मोदी ने ओडिशा के केंद्रपाड़ा जिले में स्वःसहायता समूह चलाने वाली कमला मोहराना का उदाहरण दिया और कहा कि इस समूह की महिलाएं टोकरी और मोबाइल स्टैंड जैसी वस्तुएं दूध के पाऊच और अन्य प्लास्टिक पैकिंग सामग्री से बनाती हैं। उन्होंने कहा, इससे समूह से जुड़ी महिलाओं को अच्छी आमदनी हो रही है और स्वच्छता भी बढ़ रही है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम जनभागीदारी की अभिव्यक्ति का अद्भुत मंच बन गया है। उन्होंने कहा कि जब ह्लसमाज की शक्ति बढ़ती है तो देश की शक्ति भी बढ़ती है। उन्होंने संवाद के इस माध्यम से पारंपरिक खेलों और भारतीय खेलों को बढ़ावा दिए जाने सहित अपने विभिन्न आह्वानों का उल्लेख किया और कहा कि लोगों ने इनमें बढ़चढ़कर भागीदारी की। गौरतलब है कि विपक्षी दल मन की बात कार्यक्रम की अक्सर आलोचना करते हैं और आरोप लगाते हैं कि प्रधानमंत्री सिर्फ अपने मन की बात करते हैं जनता की नहीं सुनते हैं। उन्होंने कहा, ह्यह्यइस सफर में मन की बात को आप सभी ने जनभागीदारी की अभिव्यक्ति का अद्भुत मंच बना दिया है।ह्लह्ल उन्होंने कहा, ह्यह्यआप, अपने मन की शक्ति को तो जानते ही हैं। वैसे ही, समाज की शक्ति से कैसे देश की शक्ति बढ़ती है, ये हमने ह्यमन की बातह्ल की अलग-अलग कड़ियों में देखा और समझा है। मैंने इन्हें अनुभव किया है और स्वीकार भी किया है।

मोदी ने इस दौरान कहा कि उन्होंने इस कार्यक्रम में भारत के पारंपरिक खेलों, भारतीय खिलौनों को प्रोत्साहन की बात की थी और लोगों ने इसमें बढ़चढ़कर भागीदारी की।

उन्होंने कहा, जब मैंने भारत के पारंपरिक खेलों को प्रोत्साहन की बात की थी, तुरंत उस समय देश में एक लहर सी उठ गई भारतीय खेलों से जुड़ने की, इनमें रमने की, इन्हें सीखने की। जब, भारतीय खिलौनों की बात हुई, तो देश के लोगों ने इसे भी हाथों-हाथ बढ़ावा दे दिया। अब तो भारतीय खिलौनों की इतनी मांग हो गई है कि विदेशों में भी इनकी मांग बहुत बढ़ रही है।

इसी क्रम में प्रधानमंत्री ने सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयन्ती एकता दिवस पर गीत, लोरी और रंगोली से जुड़ी प्रतियोगिताओं और इनके विजेताओं का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि इन प्रतियोगिताओं में 700 जिलों के पांच लाख से अधिक लोगों ने हिस्सा लिया।

प्रधानमंत्री ने संगीत और निष्पादन-कला के क्षेत्र में उदीयमान कलाकारों को दिए जाने वाले उस्ताद बिस्मिल्लाह खान युवा पुरस्कार का उल्लेख किया और कहा कि हाल में ऐसे कलाकारों को भी पुरस्कृत किया गया है, जिन्होंने लोकप्रियता खो चुके वाद्ययंत्रों को फिर से लोकप्रिय बनाया है। उन्होंने ऐसे ही एक कलाकार जॉयदीप मुखर्जी की चर्चा की जो सुर-सिंगार को एक बार फिर से लोकप्रिय बनाने के प्रयास कर रहे हैं।उन्होंने उप्पलपु नागमणि की भी सराहना की जिन्हें मैंडोलिन पर कर्नाटक शैली की धुनों के लिए पुरस्कृत किया गया है। होली के त्योहार का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने लोगों से अनुरोध किया कि वे इसे वोकल फॉर लोकल के संकल्प के साथ मनाएं।

(लेखक अध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोंचा झारखंड हैं।)

## खास बात

### नयी शिक्षा नीति



**प्रिया राज**

**हमारी** प्रतिस्पर्धा अब वैश्विक हो गयी है। शिक्षा क्षेत्र में बदलाव लाने और रोजगारोन्मुख शिक्षा प्रणाली बनाने का संकल्प लिया गया था। मगर इस दिशा में कोई उल्लेखनीय प्रगति नहीं हो पाई थी। फिर हमारे देश में जिस तरह शिक्षा क्षेत्र में विषमता बढ़ती गई है, उसमें बुनियादी शिक्षा और फिर उच्च शिक्षा के स्तर पर व्यावहारिक बदलाव करने की मांग उठती रही है। फिलहाल सरकारी और निजी शिक्षण संस्थानों की पढ़ाई-लिखाई के स्तर और सुविधाओं में बहुत बड़ा अंतर नजर आता है। इसे लेकर व्यापक सामाजिक असंतोष भी देखा जाता है। इस अंतर को पाटना बहुत जरूरी है। फिर उच्च शिक्षा के स्तर पर हमारे देश के विश्वविद्यालय पढ़ाई-लिखाई के तरीके, अनुसंधान, सुविधाएं आदि के पैमाने पर दुनिया के विश्वविद्यालयों के सामने फिसड्डी साबित होते रहे हैं। इस स्थिति से उबरने की जरूरत भी रेखांकित की जाती रही है। अब उच्च शिक्षा केवल सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रमों के तहत विद्यार्थियों को एक से दूसरे देशों में भेजने का मामला नहीं रह गया है। यह व्यावसायिक मामला भी है। नई शिक्षा नीति में इसे ध्यान में रखते हुए सरकारी और निजी विश्वविद्यालयों को प्रोत्साहित और विकसित करने की रूपरेखा तैयार की गई है।

फिर पाठ्यक्रमों का स्वरूप रोजगार और विशेष योग्यता अर्जित करने, अनुसंधान आदि के आधार पर तैयार करने पर जोर दिया गया है। दरअसल, अब शिक्षा प्रणाली को न सिर्फ अपने देश की, बल्कि वैश्विक जरूरतों के मुताबिक ढालना बहुत जरूरी है, ताकि विज्ञान, तकनीकी शिक्षा, सामाजिक विज्ञान आदि क्षेत्रों में प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का मौका मिल सके। नई शिक्षा नीति से यह मकसद सध सकता है। आखिरकार व्यापक सलाह-मशविरों और सुझावों के बाद के. कस्तूरीरंगन समिति द्वारा तैयार नई एनईपी घोषित कर दी गई है। हमारे देश की शिक्षा को व्यावहारिक और रोजगारन्मुखी करने पर जोर है। (प्रशिक्षु छात्रा संतजेवियर कॉलेज रांची।)

# चेतना में निवेश

## विचार-प्रवाह

**जग्गी वासुदेव**

**कुछ** भी करना है तो उसके लिए मानवीय ऊर्जा, समय व साधनों की कुछ मात्रा समर्पित करनी पड़ती है। इसलिए हमें चेतना में निवेश करना चाहिए। अब तक हम सिर्फ जीवित रहने के लिए प्रयास करते रहे हैं। लेकिन जब तकनीकें यथार्थ बन जाएंगीं, तब अपना अस्तित्व बनाए रखना कोई मुद्दा ही नहीं रहेगा।

जब अस्तित्व कोई मुद्दा ही नहीं होगा तो हम जरूर ही चेतना में निवेश करना शुरू करेंगे। लेकिन जितना जल्दी हम यह शुरू करेंगे, उतना ही उन नई संभावनाओं की ओर आगे बढने पर समस्याएं कम होंगीं, जो तकनीकों द्वारा प्रदान की जाएंगी। क्या आप की पहचान और आप के अनुभव आपको दूसरों से अलग रखते हैं, या आप की पहचान और आप के अनुभव दूसरों को आपमें शामिल करते हैं- इसी से ये तय होगा कि तलवार किस तरफ से वार करेगी। तकनीक हमेशा दुधारी तलवार होती है-यह दोनों तरफ से काट सकती है।

आप किस तरफ इसका इस्तेमाल करेंगे यह इस बात पर निर्भर करता है कि आप कौन हैं? क्या आप की पहचान और आप के अनुभव आपको दूसरों से अलग रखते हैं, या आप की पहचान और आप के अनुभव दूसरों को आपमें शामिल करते हैं- इसी से ये तय होगा कि तलवार किस तरफ से वार करेगी। तो फिर हमें क्या करना चाहिए, जिससे मानव समाज में चेतना बड़े स्तर पर प्रकट हो? प्रत्येक पीढ़ी में अत्यंत जागरूक मनुष्य होते रहे हैं। लेकिन कुछ पीढ़ियों और कुछ समाज में उनकी बातें सुनी गई हैं, जबकि अन्य कुछ समाज में उनकी तरफ ध्यान नहीं दिया गया, तो अब समय आ गया है।

**लगन** अगर सच्ची हो
तो, बन जाते सेतु जल पर,
इतिहास उन्हीं का होता है,
जो रखते पांव अनल पर।

गाजीपुर वासियों का स्वप्न हुआ साकार, साक्षी हैं माँ गंगा की लहरें,
जुड़ गया गाजीपुर-ताड़ीघाट।
सफलतापूर्ण ट्रायल की बधाई। धन्यवाद माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी।

– मनोज सिन्हा

## आपके ट्वीट

06 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने से पहले ही हमारी सरकार ने अन्नदाता किसानों को ?02 लाख करोड़ से अधिक का गन्ना मूल्य का भुगतान किया गया।

– योगी आदित्यनाथ





**इसमें** संदेह नहीं है कि एलआईसी, एसबीआई समेत कई अन्य सरकारी-निजी उपक्रमों, व्यवसायिक घरानों ने वर्तमान सरकार के दबाव में अदाणी ग्रुप की कंपनियों में खरबों का निवेश किया।

–राहुल गांधी

# विश्व पुस्तक मेले में आजादी के अमृत महोत्सव की गूंज

## सामयिक

**योगेश कुमार गोयल**

**राष्ट्रीय** राजधानी दिल्ली के लोग ही नहीं बल्कि देशभर के साहित्यकार और शिक्षा क्षेत्र से जुड़े लोग करते हैं। इस बार मेले में जी-20 देशों के अलावा 30 से भी ज्यादा देश और 1000 से ज्यादा प्रकाशक और पुस्तक विक्रेता सहभागी हैं। दो हजार से ज्यादा स्टाल हैं। 500 कार्यक्रम और 50 सांस्कृतिक कार्यक्रमों होने हैं। मेले की थीम ह्यआजादी का अमृत महोत्सवह्ल है।

भारत की आजादी के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में साहित्यिक और सांस्कृतिक गतिविधियों का गवाह यह मेला बन रहा है। विश्व पुस्तक मेले में इस वर्ष फ्रांस मेहमान देश है। इसलिए यहां फ्रांसीसी पुस्तकें हैं। बड़ी संख्या में फ्रांसीसी साहित्यकार और प्रकाशक भी हिस्सा ले रहे हैं। फ्रांस से नोबेल पुरस्कार विजेता एनी एर्नाक्स सहित 16 फ्रांसीसी लेखक और 60 से ज्यादा प्रकाशक तथा सांस्कृतिक प्रतिनिधि मेले में पहुंचे हैं। एनबीटी-इंडिया के निदेशक के मुताबिक विश्व पुस्तक मेला इस वर्ष पुस्तकों और साहित्य का सबसे बड़ा उत्सव है। जी20 पवेलियन, एनईपी पवेलियन, एड-टेक जोन, मेले के नए आकर्षण हैं।

राष्ट्रीय पुस्तक न्यास ने पहला विश्व पुस्तक मेला 1972 में 18 मार्च से 4 अप्रैल तक दिल्ली के जनपथ रोड पर विंडसर प्लेस में आयोजित किया था।इसका उद्घाटन तत्कालीन राष्ट्रपति वीवी गिरी ने किया था। शुरूआत में पुस्तक मेले में 4-5 देश ही शामिल होते थे। अब यह संख्या 30 से भी ज्यादा हो गई है। 1972 से 2012 तक पुस्तक मेले का आयोजन बाइनियल ईयर (सम संख्या का वर्ष) में किया जाता था। उसके बाद से इसका आयोजन प्रतिवर्ष होता है। विश्व पुस्तक मेला इस साल 50 वर्ष का सफर पूरा कर रहा है। इस उपलक्ष्य में डाक विभाग एनबीटी स्टैंप का सबको इंतजार है। इस बार के मेले की विशेषता यह है। यह इस वर्ष नए हॉल, नए स्थान और नई सुविधाओं के साथ अपने पुराने अंदाज में और पहले की तुलना में दो गुना बड़ा है। मेले के थीम पवेलियन में आजादी के गुमनाम नायकों पर आधारित करीब 200 पुस्तकों की प्रदर्शनी लगाई गई है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति का मेले में अलग पवेलियन है। बच्चों की गतिविधियां, लेखक मंच, न्यू डेली राइट टेबल पर वैश्विक स्तर वाली 30 देशों की 200 से ज्यादा पुस्तकों के अनावरण का सिलसिला शुरू हो चुका है।

देश में बच्चों के ऐसे भविष्य की परिकल्पना करते हुए, जहां बच्चे पुस्तकें पढ़ने तथा पुस्तक खरीदने के माहौल में बड़े हों और पुस्तक-पठन संस्कृति को फैलाने के उद्देश्य से एक अगस्त 1957 को शिक्षा मंत्रालय के अंतर्गत राष्ट्रीय पुस्तक न्यास की स्थापना की गई थी। यह न्यास समाज के सभी आयु वर्ग के लिए सभी प्रमुख भारतीय भाषाओं में पुस्तकों के प्रचार और प्रकाशन में सक्रिय रहा है। हालांकि आधुनिकता के दौर में बच्चों के साथ-साथ बड़ों का लगाव भी पुस्तकों के प्रति कम हुआ है। बुद्धिजीवियों का मानना है कि हर समय यह संभव नहीं कि पुस्तकों के स्थान पर मोबाइल या लैपटॉप आदि से पढ़ा जाए। दरअसल पुस्तकें हर समय साथ निभाती हैं और वास्तविक संतुष्टि पुस्तकें पढ़ने से ही मिलती है। इस बात में कोई दो राय नहीं कि जिन लोगों की दिलचस्पी पुस्तकों में होती है, वे पुस्तक पढ़े बिना संतुष्ट नहीं होते। फिर भले ही उस पुस्तक में वर्णित बातें विभिन्न संचार माध्यमों से वे पहले ही जान चुके हों। ऐसे में लोगों की पुस्तकों के प्रति रुचि बनाए रखने में विश्व पुस्तक मेला जैसे आयोजन सार्थक भूमिका रहा है। अच्छी पुस्तकें बच्चों और युवा पीढ़ी को ज्ञानवान, संस्कारित और चरित्रवान बनाने में बड़ी भूमिका निभाती हैं।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

## कार्टून वर्ल्ड

युद्ध का प्रभाव




साभार : कार्टून मूवमेंट

## लेटर टू एडिटर

### साझे प्रयास हों

**जहरीली** शराब के उत्पादन और बिक्री को रोकने में पुलिस और आबकारी विभाग की नाकामी शर्मनाक है। यह ठीक है कि शराब का कारोबार करने वाले तस्करों को पकड़ने के लिए सरकार व प्रशासन द्वारा छापामारी की जानी चाहिए, लेकिन आमजन को भी स्वयं जागरूक होने की जरूरत है। समाज और सरकार साझे प्रयास से ही इस कारोबार पर नकेल कस सकता है। – **रवि किशन, रांची**

### पुनर्विचार करें

**स्कूलों** तथा अन्य शिक्षा संस्थाओं को खोलने बारे हरियाणा सरकार का फैसला बढ़ते कोरोना महामारी के मामलों के मद्देनजर ठीक नहीं है। प्रदेश में खोले गए स्कूलों में जहां भी कोरोना टेस्ट हुए हैं, उन सभी जगह पर पॉजिटिव मामले सामने आए हैं, जो कि खतरे की घंटी है। सरकार से यह अनुरोध है कि शिक्षा संस्थाओं को खोलने के निर्णय पर पुनर्विचार करे।

– **कौशल,खूंटी**

# भाग्य के भरोसे झूलता विपक्ष

## सामयिक

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

**रायपुर** के कांग्रेस अधिवेशन में सोनिया गांधी ने अपने राजनीतिक संन्यास की घोषणा बहुत ही मर्यादित ढंग से कर दी है और उन्होंने अपने काल की उपलब्धियों और हानियों का जिक्र भी काफी खुलकर किया है लेकिन कांग्रेसियों का भक्तिभाव भी अद्भुत है। वे बार-बार कह रहे हैं कि इसे आप सोनिया जी का संन्यास क्यों मान ले रहे हैं? वे अब भी कांग्रेस की सर्वोच्च नेता हैं। यह कथन बताता है कि सोनिया गांधी के प्रति कांग्रेसियों में कितनी अंधभक्ति है? क्या आपने कभी अटलजी या आडवाणीजी के प्रति ऐसा भक्तिभाव भाजपा में देखा है?

सभी लोकतांत्रिक देशों की पार्टियां समय-समय पर अपने नेताओं को बदलती रहती हैं लेकिन हमारी कांग्रेस को आजादी के बाद जड़ता ने ऐसा घेरा है कि वह पार्टी नहीं, प्राइवेट लिमिटेड कंपनी बन गई है, जैसे कि हमारी प्रांतीय पार्टियां हैं। अब कांग्रेस कह रही है कि उसी के नेतृत्व में मोदी-विरोधी मोर्चा बनाना चाहिए। यदि कांग्रेस के बिना कोई तीसरा गठबंधन बनेगा तो मोदी को हटाना आसान नहीं होगा। वोट बंट जाएंगे लेकिन तृणमूल कांग्रेस, आम आदमी पार्टी, भारत राष्ट्र समिति, समाजवादी पार्टी, कम्युनिस्ट पार्टी आदि पार्टियां क्या कांग्रेस को अपना नेता स्वीकार कर लेंगी? मल्लिकार्जुन खड़गे तो नाममात्र के अध्यक्ष हैं। असली कमान तो राहुल गांधी के हाथ में है। क्या इन सभी पार्टियों के वरिष्ठ नेता राहुल को अपना नेता मान लेंगे? उम्रदराज लोग राहुल को जरूर नेता मान लेते लेकिन वैसे गुण राहुल में हैं क्या? खड़गे का यह कहना ठीक है कि 2004 से 2014 तक कई दलों ने कांग्रेस के साथ सफल गठबंधन किया था लेकिन उस समय कांग्रेस सत्ता में थी और अब तो यह उम्मीद भी नहीं है कि संसद में इस समय उसके जितने सदस्य हैं, उतने भी 2024 के बाद भी रह पाएंगे।

कांग्रेस अध्यक्ष का यह कहना कि 2024 में भाजपा के सांसदों की संख्या 100 से नीचे हो जाएगी, कोरी कपोल कल्पना ही है। जो पार्टियां कांग्रेस के साथ मिलकर 2024 का चुनाव लड़ना चाहती हैं, उनमें गजब का लचीलापन है।

कांग्रेस उन पर मुग्ध है लेकिन क्या कांग्रेस यह भूल गई कि नीतीश का जनता दल, शरद पवार की एन.सी.पी. और डी.एम.के. जैसी पार्टियां कब पलटा खा जाती हैं और कब इधर से उधर खिसक जाती हैं, किसी को कुछ पता नहीं।

विरोधी दलों का मोर्चा बनने में जितनी देर लगेगी, वह उतना ही कमजोर और अविश्वसनीय होगा। विरोधी दलों का मोर्चा किसी तरह बन भी गया तो भी वह नरेन्द्र मोदी की कृपा के बिना कभी सफल नहीं हो सकता। यदि मोदी सरकार विपक्ष पर वैसी ही कृपा कर दे, जैसी कि इंदिरा गांधी ने आपातकाल लाकर की थी या राजीव गांधी ने बोफोर्स के जरिए की थी तो हमारे लकवाग्रस्त विपक्ष में थोड़ी-बहुत जान जरूर पड़ सकती है। अब भारत की राजनीति से विचारधारा का तो अंत हो गया है लेकिन हमारे विपक्ष के पास न कोई मुद्दा है, न कोई नीति है और न ही कोई नेता है। वह भाग्य के भरोसे झूल रहा है।

(लेखक, भारतीय विदेश परिषद नीति के अध्यक्ष हैं।)

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# हाइटेंशन तार गिरने से अब तक कई मवेशियों की मौत

## बिजली विभाग की लापरवाही से हो रही हैं दुर्घटनाएं

खबर मन्त्र संवाददाता

**टाटीझरिया।** झरपो भराजो और खैरा पंचायत के कई गांवों में अब तक 11 हजार बोल्ट हाइटेंशन तार की गिरने से कई मवेशियों की मौत और कई मचान में रखे पुआल जलकर राख हो गए आस पास के घरों में भी आगलगी की घटनाओ से क्षेत्र में दहस्त का माहौल देखा जा रहा है।

अब तक बिजली विभाग के पदाधिकारी गण और कर्मियों को क्षेत्र में जर्जर 11 हजार बोल्ट हाइटेंशन तार को बदलकर नया तार लगाने की गुहार स्थानीय लोगों ,समाज सेवियों, जनप्रतिनिधियों द्वारा कई बार लगाया गया है । लेकिन बिजली विभाग के अधिकारी और कर्मी गण सुस्ताना अंदाज में जहां तहां बिजली के तार को बदलने की कार्य करते देखे जा रहे है। बता दें, भराजो गांव के मथुरा नगर मोहल्ला टाटीझरिया और 17



माइल एन एच 100 जाने के रास्ते जर्जर अवस्था में बिजली के खंभे में झूलती हुई 11 हजार बोल्ट की तार लगी है जो गठबंधन में तब्दील थी अचानक 11 मार्च को गिर गया जिससे मवेशी चराने गए लोग बाल बाल जानलेवा हादसा होने से बच गए। हालांकि उक्त स्थल पर एक लोमड़ी की मौत हो गई। जहां वन विभाग एक तरफ जंगली जानवरों को रक्षा कर रही है ।तो वही बिजली विभाग के लापरवाही से जंगली जानवरों को जान माल की क्षति पहुंचाया जा रहा है ।घटना की जानकारी मथुरा भराजो गांव के समाज सेवी बसंत प्रजापति ने दिया।

उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय बिजली कर्मियों द्वारा हाइटेंशन तार को बार बार जोड़ा जाता है लेकिन कुछ दिन होते ही जमीन पर नजर आता है। उन्होंने यह भी कहा की क्षेत्रवासियों में बिजली विभाग के पदाधिकारी गनों और कर्मियों पर बिजली संबंधी समस्याओं को सुधार नहीं होने पर नराजगी है। चौक चौराहे में चर्चा का विषय बना है कि महीने की अंतिम तिथि आता है और बिजली विभाग द्वारा राशि की वसूली करते है। समस्याओं के समाधान में नजर अंदाज करते है ।

# टाटीझरिया प्रखंड कार्यालय जाने वाला पीसीसी रोड जर्जर

**टाटीझरिया ।** टाटीझरिया प्रखंड मुख्यालय जाने वाले रोड जर्जर हो गया है। एक वर्ष पहले सड़क पीसीसी हुआ करता था। इसी रास्ते प्रखंड कार्यालय और मुरुमातु गांव है। जहां आवागमन कर रहे प्रखंड क्षेत्र के डहरभंगा भराजो खैरा डुमर बेडम टाटीझरिया झरपो धर्मपुर आठों पंचायत अंतर्गत विभिन्न गांवों के सैकड़ों राहगीरों व कर्मियों को उड़ रहे धूल गर्दे,हल्का बर्षा होने पर कीचड़ से सना रास्ते में तब्दील होने के कारण काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।

यह सड़क जो प्रखंड कार्यालय के रास्ते मुरुमातु गांव को जाती



है कभी कभी हादसा हो सकता है। यह पीसीसी सड़क को तोड़कर पानी कि पाईप बिछाया गया है जो कोनार डैम से हजारीबाग शहर तक पानी पहुंचाया जाना है अर्थात कहीं खुशी तो कहीं गम की कहावतें अब सामने देखने को मिल रही है।

## बरकट्ठा विस के हर क्षेत्र में हो रहा विकास : विधायक

**बरकट्ठा।** विधायक अमित कुमार यादव ने रविवार को 1 करोड़ 10 लाख की लागत से बनाने वाली उत्क्रमित मध्य विद्यालय तुर्कबाद में उन्नयन कार्य का शिलान्यास नारियल फोड़ कर किया। मौके पर विधायक ने कहा की विधानसभा क्षेत्र में प्राथमिकता के आधार पर विकास की जा रही है। विद्यालय ,सड़क,बिजली ,स्वास्थ्य के क्षेत्र शामिल है। प्रखंड के महत्वपूर्ण सड़क डामर चौक,झींगी बराई, तुर्कबाद,बरकंगांगो , बरवा से तुइयो तक सड़क का शिलान्यास जल्द किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा की । केंद्रीय विद्यालय की स्वीकृति मिल चुकी है। भवन का निर्माण कार्य एवम पढ़ाई एक साथ शुरू होगी।कार्यक्रम में जिला परिषद सदस्य कुमकुम देवी,स्थानीय मुखिया फूलवती कुमारी, उपमुखिया किशोर मोदी, दशरथ यादव,मुखिया सुखदेव यादव,बिंदेश्वर यादव, इंद्रदेव यादव, शिक्षक यमुना साव,शशिभूषण प्रसाद,रामकिशन प्रसाद,राजेंद्र यादव,विजय पांडेय,मुकेश दास छोटेलाल मेहता, धुर्व मोदी के अलावे कई लोग शामिल थे।

# पुलिस के खिलाफ फूटा ग्रामीणों का गुस्सा, विधायक के घर पर जड़ा ताला

**हजारीबाग।** बरही विधायक उमाशंकर अकेला के चौपारण स्थित आवास के समक्ष रविवार को गोबिंदपुर और बच्छई के कुछ ग्रामीणों ने विरोध-प्रदर्शन किया। इस दौरान विधायक आवास का घेराव करते हुए ग्रामीणों ने आवास के मुख्य गेट में ताला जड़ दिया। इस कारण विधायक को कई कार्यक्रम में पहुंचने में विलंब हो गया। वहीं इस बात की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी शंभु नंद ईश्वर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच और लोगों से बातचीत कर मामले को शांत कराने का प्रयास किया. काफी देर तक हुई वार्ता के बाद थाना प्रभारी के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने ताला खोल दिया। पुलिस पर लगाया चेन स्नेचर महिला को बिना कार्रवाई छोड़ने का आरोपः इस संबंध में समाजसेवी रामलखन राणा, गोपाल विश्वकर्मा, बीरेंद्र यादव, त्रिलोकी यादव, आवेदिका अनिता देवी सहित कई लोगों ने बताया कि सिंघरावा मोड़ समीप स्थित संतोषी मंदिर प्रांगण में आयोजित यज्ञ में 23 फरवरी को जल यात्रा के दौरान एक अज्ञात महिला सात महिलाओं के गले से चेन झपट कर भाग रही थी. ग्रामीणों



ने घटना को अंजाम देने वाली महिला को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया था। 24 फरवरी को इस संबंध में नया सिंघरावां निवासी योगेंद्र कुमार यादव की पत्नी अनिता देवी ने थाने में आवेदन भी दिया था। ग्रामीणों का आरोप है कि इसके बावजूद पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की और आरोपी महिला को छोड़ दिया.थाना प्रभारी के आश्वासन पर विधायक के आवास का खोला तालाः इस संबंध में थाना प्रभारी शंभु नंद ईश्वर ने लोगों को समझाते हुए आश्वस्त किया कि आपके आवेदन पर मामला दर्ज कर लिया गया है। अनुसंधान के क्रम में इचाक से एक महिला को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। मामले में आगे की कार्रवाई जारी है। इसमें दो स्टाफ को सस्पेंड करने के लिए वरीय पदाधिकारियों को प्रतिवेदन भेज दिया गया है. दोषी के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आश्वस्त करते हुए कहा कि जेल भेज गई महिला को रिमांड पर लिया जाएगा और उससे पूछताछ कर जानकारी लेकर आगे की कार्रवाई की जाएगी। दोषियों पर हो कार्रवाईः इस प्रकरण में विधायक ने थाना प्रभारी से कहा कि मामले का जल्दी उद्भेदन कर दोषी पदाधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई करें, नहीं तो बाध्य होकर जनता आगे आंदोलन करेगी. उन्होंने कहा कि मैं जनता के साथ हूं।

## एमजीएम ब्लड बैंक में 150 यूनिट रक्तदान

**जमशेदपुर।** संस्था यात्रा एक नए जीवन की शुरूआत के द्वारा एम.जी.एम. अस्पताल स्थित ब्लड बैंक में एक दिवसीय विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 150 यूनिट रक्त संग्रह की गई। मौके पर संस्था यात्रा एक नए जीवन की शुरूआत के अध्यक्ष श्रीमती रीना सिंह ने बताया कि एम.जी.एम. अस्पताल मे रक्तदान शिविर का आयोजन करने का मकसद गरीब और एकदम अंतिम व्यक्ति तक रक्त को निशुल्क पहुंचाने के लिए कोई प्रोसेसिंग चार्ज ना लगे किसी तरह की परेशानी ना हो और जरूरतमंद हर व्यक्ति तक एक एक बूंद रक्त पहुंच जाए इसी उद्देश्य के साथ में संस्था ने यहां रक्तदान शिविर आयोजित किया। रक्तदान शिविर का उद्घाटन मजदूर नेता राकेश्वर पांडे ने दीप जलाकर के किया। मौके पर कुणाल सारंगी , भाजपा के वरिष्ठ नेता अभय सिंह, बबुआ सिंह , इंटक के प्रदेश अध्यक्ष राकेश्वर पांडे, आजसू के चंद्रगुप्त सिंह, भाजपा के दिनेश कुमार व अमरजीत सिंह राजा,शिव शंकर सिंह, नमन के संस्थापक अमरप्रीत सिंह काले, आजसू जिला अध्यक्ष कन्हैया सिंह ,चिंटू सिंह, परशुराम बागी उपस्थित थे।

# लोकल सेल समिति बनाने को ले ग्रामीणों की बैठक

**विस्थापित संयुक्त सेल संचालन नाम से समिति बनाने का निर्णय**

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** कुरसे पंचायत भवन में रविवार को भुरकुंडा परियोजना के अंतर्गत लोकल सेल संचालन समिति की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता मुखिया संदीप उरांव ने की। बैठक में राजस्व ग्राम कुरसे, बलकुदरा, देवरिया, दुंदुवा के ग्रामीण शामिल हुए। बैठक में आम सहमति बनाकर लोकल सेल संचालन समिति बनाकर सेल का संचालन करने की बात कही गई। जिसका नाम बिस्थापित सयुक्त सेल संचालन समिति,( भुरकुंडा परियोजना) रखने पर सहमति जताई गई। जिससे सेल का सफल संचालन किया जा सके। कहा गया इसी समिति के माध्यम से आम अवाम और बेरोजगार लोगो को सेल में रोजगार दिया जायेगा। कहा गया की सेल संचालन समिति का



सहमति पत्र मंगलवार को अंचलाधिकारी, एसडीओ और भुरकुंडा पीओ को देकर सेल का संचालन जल्द चालू कराने की बात कही जायेगी। मौके पर मुखिया विजय मुंडा, पूर्व पार्षद झरी मुंडा, विजय साहू, राणा सिंह, रामदास बेदिया, राजेंद्र मुंडा, प्रदीप मांझी, अमर यादव, संतोष मांझी, राजू मुंडा, योगेंद्र यादव, बीरेंद्र मांझी, सन्नी बेसरा, बिहारी मांझी, अजय साहू, कैलाश साहू, राजाराम प्रशाद, देवानंद प्रशाद, नंदकिशोर मुंडा, शंकर मांझी, फुलेश्वर राम, रोहित मुंडा, महेश सिंह, जयलाल सिंह, संतोष यादव, अनिल एक्का, संजय यादव, मनोज महली, उमेश मुंडा, रबिन्द्र यादव, मनोज मुंडा, सूरज बाड़ा, श्रीनाथ करमाली, अनिल खाखा, सिकेन्द्र उरांव, प्रिंस बेदिया, राजकपूर सिंह, हरिचरण करमाली, सिकेन्द्र मुर्मू,अनिल, बिनय प्रशाद, उमेश प्रजापति, ललित कुमार, प्रेम प्रसाद, धनीराम मुर्मू, मिंटू मुंडा, बिनोद करमाली सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### गरीबों की सेवा सर्वोपरि : डब्लू सिंह




**भुरकुंडा (रामगढ़)।** समाजसेवी संस्था राष्ट्रीय सेवा मंच द्वारा प्रत्येक सप्ताह की भांति रविवार को साप्ताहिक हाट भुरकुंडा में दूर-दराज ग्रामीण क्षेत्रों से दातुल-पत्तल बेचने आये गरीबों को भोजन कराया गया। दस दौरान मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह, उमाशंकर जायसवाल और शिक्षक भूपेन्द्र वर्णवाल उर्फ रिन्क ने दर्जनों गरीब महिला-पुरुष व बच्चों के बीच पूरी सब्जी का वितरण किया। मौके पर डब्लू सिंह ने कहा कि नर सेवा नारायण सेवा होता है। मंच का उद्देश्य ही गरीब-जरूरतमंदों की सेवा है। उन्होंने कहा कि सबों के सहयोग से पिछले सात वर्षों से मंच द्वारा गरीबों को भोजन कराया जाता रहा है, जो आगे भी जारी रहेगा। श्री सिंह ने ऐसे नेक कार्यों में सबों को तन-मन-धन से सहयोग करने की भी अपील की। कार्यक्रम को सफल बनाने में राकेश शर्मा, लालू उरांव, दिलीप गांझू, सुकरा उरांव, लखन राम, संजीव सिन्हा आदि का विशेष योगदान रहा।

### सरहुल को ले समिति की बैठक



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** रिभर साईड भुरकुंडा स्थित सरना स्थल में शनिवार को केंद्रीय मिलन सरहुल पूजा समिति की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता समिति के संरक्षक दर्शन गंझू व संचालन सचिव संतोष उरांव ने किया। बैठक में सरहुल की तैयारियों पर चर्चा की गई। सर्वसम्मति से निर्णय हुआ कि आगामी 24 मार्च को रिभर साईड केंद्रीय सरना स्थल में पाहन द्वारा पूरे विधि-विधान से पूजा-अर्चना कराई जाएगी। जबकि 25 मार्च को केंद्रीय सरना स्थल से भव्य शोभा यात्रा आकर्षक झांकी के साथ निकाली जायेगी। जो विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण करते हुए भुरकुंडा थाना के समीप सरना स्थल पहुंचेगा। सरहुल पूजा की सफलता को ले दिवार-लेखन, झंडा-बैनर व पोस्टर लगाने का कार्य जोर शोर से चल रहा है। मौके पर श्रीनाथ करमाली, श्यामसुंदर करमाली, संतोष मांझी, देवानंद बेदिया, उमेश मुंडा, राजकुमार गौंड, सिरोफिना एक्का, तुलसी बेदिया, महेंद्र मुंडा, महादेव बेदिया, राजन करमाली, सुरेश रजवार, मनोज बेदिया, देवकुमार बेदिया, उमेश करमाली, सीताराम बेदिया, अनिल एक्का, बुटन मुंडा, मनोज मुंडा, अरविंद करमाली, संतोष बेदिया, देवशरण मुंडा आदि मौजूद थे।

### तालाबों का डीडीसी ने किया निरीक्षण



रामगढ़। मिशन अमृत सरोवर के तहत झारखंड जल छाजन योजना एवं डब्लू डी सी – प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 अंतर्गत दुलमी प्रखंड के ईचातू ,बोंगई तथा सिरू गांव में बनाए गए तालाबों का शनिवार को जिले के उप विकास आयुक्त नागेंद्र कुमार सिन्हा के द्वारा निरीक्षण किया गया। इस दौरान तकनीकी विशेषज्ञ जल छाजन प्रकोष्ठ सह आंकड़ा केंद्र सहित अन्य के द्वारा उप विकास आयुक्त को मिशन अमृत सरोवर के तहत तालाब निर्माण के संबंध में जानकारी देने के क्रम में बताया गया कि तालाबों का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है इस संबंध में उप विकास आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों के साथ समन्वय करते हुए ज्यादा से ज्यादा ग्रामीणों को तालाबों का लाभ देने हेतु योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिए। वहीं, उन्होंने स्थल पर उपस्थित आमजनों को तालाब के माध्यम से लाभ प्राप्त करने के संबंध में कई महत्वपूर्ण जानकारियां देते हुए उन्हें मछली पालन ,खेती आदि के लिए तालाब का इस्तेमाल करने के लिए प्रेरित किया। मौके पर तकनीकी विशेषज्ञ जल छाजन प्रकोष्ठ सह आंकड़ा केंद्र रामगढ़ फौजिया रहमान, उप परियोजना निदेशक आत्मा, लेखापाल सह नोडल ऑफिसर एमआईएस ओम प्रकाश शर्मा, जल छाजन समिति के अध्यक्ष सचिव ,सदस्यगण सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

### बूथ को लेकर भाजपा की बैठक



**कुजू।** यूथ रिक्रिएशन क्लब में रविवार को बूथ सशक्तिकरण अभियान के तहत भाजपा मांडू मंडल का बैठक आयोजित किया गया। बैठक में मुख्य रूप से मांडू मंडल मंत्री सह शक्ति केंद्र के प्रभारी डिंपल प्रजापति,मनोहर गुप्ता, मंडल टोली के सदस्य अखिलेश्वर प्रसाद शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने बूथ अध्यक्षों के साथ बैठक कर पन्ना प्रमुख बनाने, बूथ कमेटी का पुनः निरीक्षण कर सशक्त बनाने, सरल ऐप, नमो ऐप डाउनलोड करने की बात कही। साथ ही भाजपा के नीति व सिद्धांतों को जन जन तक पहुंचाने की बात कही। मौके पर उपाध्यक्ष रतन प्रसाद साहू,जनक प्रसाद,भाजयुमो मांडू मंडल अध्यक्ष रवि साहू, मिथलेश मेहता, रजोश प्रसाद, श्रवण सिंह, शुभम कुमार,अशोक गुप्ता,हिमांशु कुमार, राजेंद्र केसरी शामिल हुए।

## एक नजर में

### रुद्र चंडी महायज्ञ को लेकर गाड़ा गया झंडा



**बड़कागांव।** प्रखंड के ग्राम अंबाजीत में श्री श्री 108 श्री रूद्र चंडी महायज्ञ को लेकर झंडा गाड़ने का कार्यक्रम किया गया। विधिवत पूजा के उपरांत ग्रामवासी झंडे के साथ नगर भ्रमण का कार्यक्रम किये। तत्पश्चात झंडा ग्राम के चारों दिशाओं में उत्तर दक्षिण पूर्व पश्चिम में चार झंडा व मुख्य झंडा यज्ञ मंडप के बगल में देवी मंडप प्रांगण में गाडा गया।इस कार्यक्रम में आचार्य ऋषि देव मिश्रा,आनंद पाठक ने मुख्य भूमिका निभाई ।वहीं मिथिलेश मिश्रा, गोपालनंद मिश्रा,बबलू मिश्रा भी साथ साथ रहे।इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से यज्ञ समिति अध्यक्ष गोपीनाथ सिंह, सचिव अशोक सिंह,उपाध्यक्ष परमानंद दास,कोषाध्यक्ष राम पदारथ सिंह,पुजारी जय कांत सिंह,ग्राम अध्यक्ष अजय सिंह,सचिव अवधेश सिंह,कोषाध्यक्ष निर्भय कुमार,राधा गोविंद सिंह,ईश्वर सिंह सहित सैकड़ों ग्रामीण महिला पुरुष शामिल थे।

### चरही में मना अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

**चरही।** महिला दिवस के अवसर पर शनिवार को स्वयं सहायता समूह झारखंड महिला उत्थान के तत्वाधान में कोनार विलेज स्टेनसन ग्राम डूमर में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया।कार्यक्रम का उद्घाटन संस्था की सचिव नीलम बेसरा और महिला पंचायत प्रतिनिधि के सयुक्त तत्वाधान में दीप प्रज्वलित कर किया।संस्था की सचिव ने उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि महिला अपने हक और अधिकार को समझें।इतिहास काल से से महिला किसी से कम नहीं है।सृष्टि को रचने वाली महिला ही है। जो पुरूषों से कम नही है।आज के समय महिला पुरुषों को कंधे से कंधा मिलाकर चल रही है।आगे कहा कि महिला किसी से कम नहीं है। हर क्षेत्र में इनकी भूमिका अग्रणी रही है।और रहेगी।महिला घरेलू हिंसा को डटकर विरोध करें।आज महिला अपने आप में सशक्त है।दबने की जरूरत नहीं है।इस कार्यक्रम में चुरचू प्रखंड के चरही, इंद्रा, जरबा, बासाडीह, चुरचू, जमडीहा, ओरिया,धमनसरिया,लोठे के महिला और किशोरियां शामिल हुए।इस अवसर पर लीडर सीप करने वाली महिलाओं को झारखंड महिला उत्थान संस्था सचिव ने सम्मानित किया।इस कार्यक्रम में चरही पंसस आशा राय,चुरचू पंसस सुषमा टुडू,चरही पंचायत की पूर्व उपमुखिया सुनीता देवी,डूमर वार्ड सदस्य सोरोनी मरांडी, कर्मी टुडू, महिला लीडर रीना देवी,सैबुन निशा,सुनीता हंसदा , ललिता हंसदा,किशोरी में महक परवीन जरबा और अन्य महिलाएं और लड़कियां कार्यक्रम में भाग लिए। मौके पर झारखंड संस्था के कार्यकर्ता चिंता तिग्गा,फूलकुमारी तिग्गा,उषा देवी,मालती कुमारी , भगिया देवी,मीना देवी,कविता कुमारी,अनिल बेसरा,आशीष अनुरंजन बेसरा सहित कई लोग शामिल थे।

### सक्सेस गुरु एके मिश्रा की मां का निधन

**बड़कागांव।** सक्सेश गुरु ए के मिश्रा की 80 वर्षीय माता मुंद्रिका देवी रविवार को सुभाष नगर स्थित आवास पर अंतिम सांस ली। सोमवार को बड़कागाँव के लंगातु गांव स्थित मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार होगा। सक्सेश गुरु की माँ बिगत एक माह से अस्वस्थ चल रही थी। मुंद्रिका देवी एक कुशल गृहणी होने के साथ सामाजिक कार्यो में बढ़चढ़कर भाग लिया करती थी। मुन्द्रिका देवी के पति स्वर्गीय विशेश्वर नाथ मिश्र बड़कागाँव उच्च विद्यालय के प्रिंसिपल थे। स्वर्गीय मुन्द्रिका देवी अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गई है। स्वर्गीय मुंद्रिका देवी के पुत्रों में चाणक्या आईएस एकेडमी के एम डी सक्सेगुरु ए के मिश्रा, भाजपा नेता अनिल मिश्रा तथा चाणक्या आईएस एकेडमी उपाध्यक्ष बिनय मिश्रा ने अपने शोक संवेदना प्रगट करते हुए कहा कि माँ की ममता की छाव में पला बढ़ा पुत्र की जिंदगी स्वर्ग से कम नही आका जा सकता। आज जो कुछ है वह सब माँ की ही वजह से है। बताया कि सोमवार को पैतृक गांव लंगातु के श्मशान घाट पर माँ का अंतिम संस्कार किया जायेगा।

### प्रदूषण के खिलाफ ग्रामीणों का प्रदर्शन जारी

**कुजू।** क्षेत्र के बूढ़ाखाप स्थित आलोक स्टील फैक्ट्री से निकल रहे बेतहाशा प्रदूषण को कम एवं डीप बोरिंग का इस्तेमाल बंद करने को लेकर दर्जनों महिला- पुरुष ग्रामीणों द्वारा किया जा रहा धरना प्रदर्शन को तीसरे दिन रविवार को रामगढ़ एसडीपीओ किशोर कुमार रजक समाप्त कराने के लिए पहुंचे। लेकिन ग्रामीण अपनी मांगों को बताते हुए पूरा होने तक समाप्त नही करने की बात कही। इधर कंपनी के महाप्रबंधक ने निदेशक के बाहर होने की बात कहते हुए 16 मार्च तक सकारात्मक वार्ता करने के लिए पत्र जारी किया। तब तक ग्रामीणों को प्रदर्शन समाप्त करने का आग्रह किया। लेकिन ग्रामीण अपनी बातों पर अड़े रहे। धरना प्रदर्शन में महिलाओं की ओर से आरती देवी, बसंती देवी, पूनम देवी, कुमुद देवी, उषा देवी, बबीता देवी, संजू देवी, ममता देवी, रीना देवी, शीला देवी, गुलाबी देवी, मनी देवी, बचनी देवी, प्रियंका देवी, उर्मिला देवी, सुजंती देवी, अनीत देवी, हेमंती देवी, शांति देवी, विराजो देवी तथा पुरुषों की ओर से पिंटू कुमार, चितू महतो, नारायण कुमार महतो, अघनू महतो, तीलू महतो, इंद्र लाल महतो, अजय डिसिल्वा, महेंद्र राज, चंदन कुमार, विनोद महतो, जगदू महतो, सुरेश महतो, भुनेश्वर महतो, संतोष महतो समेत बड़ी संख्या में लोग शामिल थे।

### द राढ़ महोत्सव में कलाकारों ने बिखेरी छटा

**गिरिडीह।** बगोदर प्रखंड में पहली बार द राढ़ महोत्सव का आयोजन किया गया। इसके माध्यम से झारखंड की लोक संस्कृति और कला को पुनर्जीवित रखने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम में देश के नामचीन कलाकारों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति की गई। जिसमें कलाकारों ने झारखंड की कला संस्कृति सहित नटुआ नाच, छऊ नृत्य, पाइका, घोड़नाच, ढोलक वादन, झूमर नृत्य आदि की शानदार प्रस्तुति दी. प्रखंड के घाघरा गांव में शनिवार को देर रात दुधिया रोशनी के बीच खुले आसमान के नीचे कार्यक्रम का आयोजन हुआ था, जिसे देखने के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ी थी। कार्यक्रम की शुरूआत अखड़ा पूजा के साथ हुई। गुरुचरण महतो एवं तेजो घासी के नेतृत्व में नटुआ नाच के साथ सबसे पहले अखड़ा को जगाया गया। इसके बाद उस्ताद बिस्मिल्लाह खां युवा पुरस्कार से सम्मानित कलाकार विनोद कुमार महतो की टीम जागो-जगाओ सांस्कृतिक कला मंच के द्वारा घोड़नाच और झूमर की प्रस्तुति की गई। अंतरराष्ट्रीय और आईपीएल फेम प्रभात कुमार महतो की टीम के द्वारा पाइका नृत्य, अंतरराष्ट्रीय नटुआ टीम हरिराम कालिंदी, झारखंड झूमर जगत के कलाकार मिसिर पुनरिआर, उस्ताद कार्तिक कर्मकार, ढोल वादक नेशनल चैंपियन हेमली कुमारी आदि के द्वारा भी एक से बढ़कर एक कार्यक्रम पेश किया गया। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एसडीपीओ नौशाद आलम, थाना प्रभारी नीतीश कुमार दल- बल के साथ तैनात थे. इधर कार्यक्रम का लुत्फ उठाने के लिए पूर्व विधायक नागेंद्र महतो, जिप उपाध्यक्ष छोटेलाल यादव, प्रमुख आशा राज, जिप सदस्य बैजनाथ महतो उर्फ छोटू दा, भाजपा नेता आशिष कुमार उर्फ बोर्डर, आंदोलनकारी टाइगर जयराम महतो सहित कई लोग पहुंचे हुए थे। द राढ़ पीपुल ट्रस्ट और हरियर उलगुलान ट्रस्ट के बैनर तले कार्यक्रम आयोजित हुआ। द राढ़ पीपुल्स ट्रस्ट के संस्थापक गंगा महतो एवं हरियर उलगुलान ट्रस्ट के संस्थापक बैजनाथ उर्फ छोटू दा, प्रखंड आयोजन समिति के अध्यक्ष शशि कुमार महतो, सचिव छोटन प्रसाद छात्र आदि भी मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### ट्रैक्टर पलटने से चालक की मौत

**उंटारी रोड पलामू।** थाना क्षेत्र के सिडहा में शनिवार की देर रात एक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गई है। जिसमें घटनास्थल पर ही चालक अवधेश राम( 48 वर्ष) की दर्दनाक मौत हो गयी है। घटना की सूचना मिलते ही उंटारी रोड थाना प्रभारी अशोक कुमार महतो दल बल के साथ घटना स्थल पहुंच शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम हेतु एमआरएमसीएच में रविवार को भेज दिया है। थाना प्रभारी अशोक कुमार महतो ने बताया कि गढ़वा जिले के कांडी थाना क्षेत्र के खुटहेरिया गांव के सुधीर सिंह की ट्रैक्टर सेटरिंग का सामान लेकर उंटारी के कुटमु गांव आयी थी। लौटने के क्रम में शनिवार की रात करीब 11 बजे सिड़हा गांव के समीप अनियंत्रित होकर बगल के खेत में पलट गई। जहां घटनास्थल पर ही चालक अवधेश राम की मौत हो गयी।

### आश्रित को नौकरी दी जाये : किशोर

**मेदिनीनगर।** अभिभावक संघ के अध्यक्ष सह सुप्रीम कोर्ट अधिवक्ता किशोर कुमार पांडेय ने डीएवी प्रबंधन से कहा कि बसना निवासी सुधीर कुमार पांडेय मेदिनीनगर के डीएवी स्कूल में बस ड्राइवर थे जो शनिवार की रात में कार दुर्घटना में घायल हो गये थे। अस्पताल पहुंचते ही उनकी मृत्यु हो गई। वे अपने पीछे पत्नी और दो छोटे बच्चे को छोड़ गए हैं, जिसका भरण पोषण करने वाला कोई नहीं है। इस घटना पर मानवीय संवेदना जताते हुए श्री पांडेय ने स्कूल प्रबंधन से आग्रह किया है कि बच्चों के परवरिश के लिए आश्रितों को कोई नौकरी दिया जाए।

### अनुज चौधरी बने जेएनवीएस के संथाल परगना के प्रमंडलीय प्रभारी



**उंटारी रोड पलामू।** महान स्वतंत्रता सेनानी अमर शहीद जुब्बा साहनी के 79वा शहादत दिवस के अवसर पर झारखंड निषाद विकास संघ का बैनर तले राज्य स्तरीय बैठक रांची स्थित प्रेस क्लब में की गई। बैठक में उपस्थित संघ के केंद्रीय अध्यक्ष किशोर निषाद , केंद्रीय प्रधान महासचिव रितेश निषाद के साथ प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए पदाधिकारियों ने सर्वप्रथम अमर शहीद जुब्बा साहनी की चत्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया। तत्पश्चात बैठक की शुरूआत की गई। बैठक में सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक उत्थान को लेकर विषेश चर्चा किया गया। संघ की ओर से अनुज कुमार चौधरी को संस्थाल परगना के प्रमंडलीय प्रभारी की जिम्मेवारी सौंपी गई। संथाल परगना के प्रमंडलीय प्रभारी बनाए जाने पर श्री चौधरी ने कहा कि झारखंड में अपना हक और अधिकार के लिये स्वजातीय समाज से तीन पदाधिकारी आगामी विधनसभा की चुनाव लड़ेगी।

### देवेंद्र तिवारी बने राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष



**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी की बैठक हुई। बैठक में देवेन्द्र तिवारी को सर्वसम्मति से राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी का प्रदेश अध्यक्ष घोषित किया गया। रेड़मा स्थित युवा वाहिनी के प्रदेश कार्यालय में आयोजित बैठक में काफी संख्या में युवा वाहिनी के सदस्य शामिल थे। बैठक के प्रारंभ में सभी सदस्यों को यह जानकारी दी गई की प्रदेश अध्यक्ष सोनू मिश्रा ने समयाभाव का हवाला देकर दायित्व मुक्त किया गया है । प्रदेश अध्यक्ष के लिए तीन नाम पर चर्चा हुई जिसमें सर्वसम्मति से देवेन्द्र तिवारी को प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया। राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी रांची जिला प्रभारी पंडित गुड्डू तिवारी ने प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी को माला पहनाकर बधाई दिया । बैठक के उपरांत श्री तिवारी ने इस वर्ष भव्य रुप में परशुराम जयंती मनाने की चर्चा की। कहा कि इस वर्ष भी भव्यता के साथ शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसमें बाहर के कलाकारों के द्वारा झांकी का भी प्रस्तुतीकरण किया जाएगा। झांकी में भगवान परशुराम,राम दरबार व महादेव का जीवंत झांकी प्रस्तुत किया जाएगा। वहीं संध्या में गायकों के द्वारा भक्ति जागरण किया जाएगा।

### आलोक तिवारी प्रदेश महासचिव, प्रमंडलीय अध्यक्ष मनोज पांडेय और जिला अध्यक्ष बने मधुकर शुक्ला



**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय परशुराम सेना भार्गव ने अपने संगठन का विस्तार करते हुए प्रदेश कार्यकारणी की बैठक प्रदेश अध्यक्ष जयंत झा के नेतृत्व में किया।जिसमें युवा नेतृत्व के साथ साथ अनुभव का इस्तेमाल करते हुए 7 जिला अध्यक्षों सहित पलामू प्रमंडलीय कमिटी का गठन करते हुए संगठन का विस्तार किया गया। जिसमें प्रदेश महासचिव आलोक तिवारी को, प्रदेश प्रवक्ता राम निवास तिवारी को वहीँ पंडित पाण्डे मनोज सिंह को पलामू प्रमंडल का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। मनोज पांडेय पूर्व से ही ब्राह्मण समाज के सिरमौर के तौर पर जाने जाते हैं। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में अपने समाज के लिये बेहतर कार्य करते हुए समाज के लिए अग्रणी भूमिका निभाई है। वही प्रमंडलीय संरक्षक मृत्युंजय तिवारी छोटू, परशुराम खाप निवासी नवीन पांडे प्रमंडलीय संगठन मंत्री, प्रमंडलीय उपाध्यक्ष अरविंद पांडे,आशुतोष तिवारी ब्राह्मण को जबकि प्रमंडलीय सोशल मीडिया प्रभारी संजय दुबे को बनाया गया। वही पलामू जिला अध्यक्ष सिंगरा निवासी मधुकर शुक्ला को जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया। साथ ही गढ़वा गोपालपुर के मीनू दुबे को गढ़वा जिलाध्यक्ष, शुभम गिरी को लातेहार जिलाध्यक्ष, नविन्दु पांडे को रांची जिलाध्यक्ष,किंकर पांडे को हजारीबाग जिलाध्यक्ष, शंकर पांडे को गुमला जिलाध्यक्ष,शशि पांडे को रामगढ़ का जिलाध्यक्ष बनाया गया। प्रदेश अध्यक्ष जयंत झा ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी।

### बैठक में आगामी कार्यक्रमों की योजना पर हुआ विचार विमर्श



**मेदिनीनगर।** विश्व हिंदू परिषद के जिला इकाई की बैठक जिला कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक के दौरान हाल ही में संपन्न धर्म रक्षा निधि समर्पण अभियान की समीक्षा की गई। जिला मंत्री सूबेदार दामोदर मिश्र ने इसके पहले हित चिंतक अभियान और अब धर्म रक्षा निधि समर्पण अभियान में जिला के योगदान पर संतोष व्यक्त की। बैठक में आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा व विचार विमर्श किया गया। कहा गया कि बजरंग दल सेवा सप्ताह 12 मार्च से 19 मार्च तक मनाया जायेगा। इस में एक श्मशान घाट और एक मंदिर की सफाई का काम समिति युक्त सभी प्रखंड और खंड में बजरंग दल के कार्यकताओं के द्वारा किया जाएगा। श्री राम जन्मोत्सव कार्यक्रम 21 मार्च से 04 अप्रैल तक तथा श्री हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम, 05 व 06 अप्रैल को मनाई जानी है। बैठक में प्रांत के अधिकारी किशोरी लाठ, विभाग बजरंग दल सह संयोजक सूरज कुमार और विभाग बजरंग दल सह संयोजक संदीप कुमार दास, महेंद्र नाथ, उपाध्यक्ष अजीत पाठक, पप्पू लाठ, शशि भूषण मिश्र, विवेक कुमार चौबे, संदीप कुमार गुप्ता, दिलीप गिरी, लक्ष्मी कांत सोनी, सुशील सोनी शामिल थे।

### राजद नेता नरेश ने कार्यकर्ताओं संग की बैठक

उंटारी रोड पलामू। उंटारी रोड प्रखंड के जोगा ( जरही टोला ) स्थित आजनवन खेल मैदान में रविवार को राजद नेता व कार्यकताओं की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता सुनील राम व संचालन शिक्षक विनोद पाल ने किया। बैठक में पार्टी की मजबूती व विस्तार को लेकर विषेश चर्चा किया। साथ ही पार्टी की मजबूती पर बल दिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए वरीय राजद नेता श्री सिंह ने कहा कि राजद आगामी चुनाव में विश्रामपुर विधानसभा में मजबूती के साथ चुनाव लड़ेगी। इसके लिए कार्यकर्ताओं को अभी से ही लग जाना होगा।

## युगल किशोर चुने गये महावीर नवयुवक दल जनरल के अध्यक्ष

### श्री महावीर नवयुवक दल की हुई बैठक





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भगवान श्रीराम की जयंती रामनवमी को लेकर श्री महावीर नवयुवक दल जनरल के अध्यक्ष का चुनाव किया गया। युगल किशोर प्रसाद एक बार फिर से नवयुवक दल जनरल के अध्यक्ष चुने गए। शिवाला घाट स्थित शिव मंदिर के प्रांगण में हुई बैठक में युगल किशोर प्रसाद को सर्वसम्मति से अध्यक्ष मनोनीत किया गया। युगल किशोर को बारहवीं बार यह जिम्मेवारी सौंपी गई। बैठक में अध्यक्ष चुने जाने पर युगल किशोर प्रसाद ने कहा कि उनका प्रयास शांति सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में पूरे उल्लास के साथ रामनवमी का त्योहार मनाये जाने का होगा। जल्द ही कमेटी के अन्य पदधारियों की घोषणा भी कर दी जाएगी। बैठक की अध्यक्षता गणेश गिरी ने की और संचालन विजय ओझा ने किया। बैठक में दुर्गा जौहरी, बबलू गुप्ता, प्रभात उदयपुरी, नागेंद्र प्रसाद नागिन, बिट्टू पाठक, रामनाथ चंद्रवंशी, ज्योति पांडेय, सोमेश सिंह, प्रभात कुमार, अग्रवाल सुरेश कुमार टाम, अजीत सिन्हा , मुकेश अग्रवाल , राजू चंद्रवंशी , मनोहर कुमार लाली , कमल गुप्ता , श्याम जी चौधरी, आशीष भारद्वाज ,कुंवर अग्रवाल,अरविंद अग्रवाल, रितेश कुमार लवली, विनीत पांडे अमन कुमार, मनीष भिवानिया, पंकज शर्मा, राजकुमार बर्मन, गुड्डू बर्मन, संजय बर्मन, ब्रजेश शुक्ला अमृता अग्रवाल चंद्रभूषण चंद्रवंशी रमेश शुक्ला छोटी त्रिपाठी शंभू अग्रवाल, मुन्ना कुमार लल्लू श्रावण अग्रवाल, अमित कुमार टूटू, निकू सिंह, राम काफी संख्या में राम भक्त मौजूद थे।

## श्री पंचमुखी हनुमानजी की प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व निकाली गयी भव्य शोभायात्रा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हुसैनाबाद पलामू।** शहर के पुराना ठाकुरबाड़ी कुर्मिटोला में श्री पंचमुखी हनुमानजी के मंदिर व मूर्ति स्थापना को लेकर चल रहे पांच दिवसीय कार्यक्रम में रविवार को श्री पंचमुखी हनुमान जी के मूर्ति का भव्य शोभायात्रा निकाली गई ।जिसमें शहर के हजारों महिला एवं पुरूष ने भाग लिया । शहर जय श्री राम,व बच्चा बच्चा जय श्री राम का के धुन से शहर भक्ति मय हो गया। शोभायात्रा को लेकर पूरा शहर को महाबीरी झंडा से पाट दिया गया था एवं एक ट्रैक्टर पर मूर्ति को भव्य तरीका से सजा कर ढोल नगाड़ा बजा शंखनाद के साथ हजारों की सांख्या में शहर वासी झूम रहे थे। कार्यक्रम मन्दिर परिसर कुर्मिटोला से उठ कर पूरा शहर को भ्रमण कराया गया । शहर भ्रमण के बाद मूर्ति को पुनः मन्दिर परिसर में लाया गया। जहां पंडित मृतुन्जय पाठक,पवन पाठक आचार्य अंचल पाठक मोहन शास्त्री, वाराणसी पंचगंगा घाट वाराणसी के आचार्य गणों ने पूरे विधि विधान से पूजा किया । वहीं 13 मार्च को प्राण प्रतिष्ठा व भव्य भंडारा का कार्यक्रम रखा गया हैं। मौके पर भाजपा नेता विनोद कुमार सिंह ,आयोजन समिति के संरक्षक प्रकाश अग्रवाल, धुर्वप्रसाद अग्रवाल, सुबोध शौसूंडीक ,बिंगन चौधरी,पवन पटेल,राजू शौडीक रंजन शौडीक ,बटेरण प्रसाद,मुकुंद अग्रवाल, प्रेम चौधरी,बिहारी चौधरी, सुदामा चौधरी, समेत लोग सक्रिय सदस्य के अलावा हजारों की संख्या में महिला पुरुष भक्त शामिल थे।

## अपसंस्कृति और फूहड़पन के खिलाफ लोकसंस्कृति को करें विकसित : डॉ शुक्ला

### इप्टा के राष्ट्रीय सम्मेलन को लेकर पोस्टर जारी



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भारतीय जन नाट्य संघ (इप्टा) का 15 वां राष्ट्रीय सम्मेलन 17-19 मार्च को मेदिनीनगर के नगर भवन में होगा। इस अवसर पर तीन दिवसीय अखिल भारतीय सांस्कृतिक समारोह नीलाम्बर पीताम्बर लोक महोत्सव का भी आयोजन किया जाएगा। सम्मेलन को लेकर तैयारियां जोर शोर से चल रही है । इस बीच रविवार को आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ. अरुण शुक्ला के आवास पर कार्यक्रम आयोजित कर सम्मेलन का कविता व स्लोगन पोस्टर जारी किया गया। सभी पोस्टर दिल्ली इप्टा के कलाकार रजनीश साहिल द्वारा तैयार किए गए हैं। जिसमें झारखंड के प्रमुख कलाकार, साहित्यकार व संस्कृतकर्मियों की कविताएं, उनके विचार को रेखांकित किया गया है। इसके अलावे पाश, धूमिल, रोजा, सर्वेश्वर दयाल सक्सेना, गिर्दा, ओमप्रकाश वाल्मीकि, भीष्म साहनी, कैफी आजमी, बलराज साहनी, मिर्जा गालिब, इस्मत चुगताई, जावेद अख्तर, फणीश्वर नाथ रेनू, वंदना टेटे, जसिंता केरकेट्टा, निर्मला पुतुल, अनुज लुगुन, मधु मंसूरी आदि के पोस्टर तैयार किये गए हैं, जिसकी प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। समिति के संरक्षक डॉ. वनजा शुक्ला, अध्यक्ष डॉ अरुण शुक्ला, महासचिव शैलेंद्र कुमार, उपेंद्र मिश्रा, पंकज श्रीवास्तव, वर्षा आनंद, अर्पिता श्रीवास्तव, लक्ष्मी यादव आदि ने कविता/स्लोगन पोस्टर जारी करते हुए इस आयोजन के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अपसंस्कृति व फूहड़पन के खिलाफ लोकसंस्कृति को विकसित करने की दिशा में प्रयास है। अध्यक्ष डॉ. अरुण शुक्ला ने बताया कि बेगूसराय इप्टा की टीम लक्ष्मी यादव के नेतृत्व में पलामू पहुंच चुकी है। जो गांव-गांव, शहर-शहर जाकर लोगों को लोकगायन के माध्यम से राष्ट्रीय सम्मेलन के प्रति जागरुक कर माहौल बनाने का कार्य करेगी। उन्होंने बताया कि 17 मार्च को झंडोतोलन एवं रंगयात्रा के साथ तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन सह सांस्कृतिक समारोह की शुरूआत होगी। इसके साथ ही आजादी के 75 वें वर्ष पर चित्र, कविता, इप्टा आंदोलन की झलकियां की प्रदर्शनी लगायी जाएगी। 17 मार्च की शाम को शिवाजी मैदान में प्रख्यात सूफी गायक मीर मुख्तियार अली अपने सूफियाना अंदाज से समां बांधेंगे।

## किसान महापंचायत को लेकर किसान ब्रिगेड ने चलाया जनसंपर्क अभियान



### 23 को हुसैनाबाद अनुमंडल मैदान में पहुंचकर सम्मेलन को बनायें सफल : कर्नल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद पलामू।** किसान ब्रिगेड के तत्वावधान में हुसैनाबाद अनुमंडल मैदान में होने वाले आगामी 23 मार्च दिन गुरुवार को किसान महापंचायत को लेकर किसान ब्रिगेड की टीम लगातार पंचायत वाइज जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों को जागरूक I कर रही हैं। इसी क्रम में रविवार को किसान ब्रिगेड की टीम डंडीला पंचायत के लोगों से मिलकर अपनी बातों को रखा। ब्रिगेड के संरक्षक कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह ने कहा कि यह लड़ाई आम जनों की हैं इसलिए सभी कार्यकताओं को अपने कार्यों को गति देने की आवश्यकता है। हुसैनाबाद हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र के जनता विभिन्न समस्याओं से जूझ रहे हैं लेकिन उनका सुध लेने वाला कोई नहीं है किसान डबल बिजली बिल, भूमि गड़बड़ी, सिंचाई की समस्या, सुखाड़ को लेकर परेशान है भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है नवजवान बेरोजगार घूम रहे हैं। इस निकम्मी सरकार को जगाना जरूरी है। उन्होंने अपने कार्यकताओं को उत्प्रेरित किया कि तन मन धन से मिलकर पंचायत में लोगों को जोड़ने का कोशिश करें और अपने विचारों को उन तक पहुंचाएं तथा 23 मार्च को हुसैनाबाद अनुमंडल मैदान में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर किसान महापंचायत को सफल बनाने का आग्रह किया। मौके पर पर बुटन यादव, गणेश राम, लालजी यादव, विनोद यादव, विंदा यादव, जितेन्द्र यादव, जवाहिर चौहान, विकास कुमार, दुलारी देवी व फुलकुवर देवी सहित सैकड़ों ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

## तोलरा विष्णु मंदिर संचालन समिति का हुआ गठन

### बिनय तिवारी संचालन समिति के अध्यक्ष और मुखिया रोहित मंदिर विकास के अध्यक्ष बने

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**विश्रामपुर पलामू।** बिश्रामपुर प्रखंड अंतर्गत तोलरा कोयल नदी तट पर बने भव्य व विशाल विष्णु मंदिर की प्राणप्रतिष्ठा मंदिर विकास तथा संचालन को लेकर रविवार को मंदिर प्रांगण में एक बैठक कर कमिटी बनाई गई । जिसमें बिनय कुमार तिवारी को संचालन समिति का अध्यक्ष बनाया गया । वहीं मंदिर विकास कमिटी का अध्यक्ष पंचायत के मुखिया रोहित कुमार तिवारी को बनाया गया । कमिटी में संरक्षक के रुप में एलाईसी आफिसर बिरेंद्र तिवारी ,आजीवन संरक्षक तुलसी तिवारी, रासबिहारी तिवारी, मनेष तिवारी को बनाया गया । वही कमेटी में कौशल तिवारी, अजीत तिवारी, अरुण त्रिवेदी, गोकुल तिवारी, सोनू तिवारी, धनंजय तिवारी, संजय तिवारी, सुमंत तिवारी ,नीतू तिवारी ,मुकेश तिवारी, किरानी तिवारी ,रविंद्र तिवारी, रामनिवास तिवारी, श्री देव तिवारी ,उदय तिवारी, कृष्णा तिवारी, रामस्वरूप तिवारी, नारद तिवारी सहित दर्जनों लोग को शामिल किया गया है । बैठक में कमेटी के सफल संचालन करने और 20 मई से लक्ष्मीनारायण यज्ञ की तैयारी के लिए विचार विमर्श किया।

## पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने मृतक के परिजनों को दी सहायता



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मनातू पलामू।** मनातू प्रखंड के ग्राम मंसुरिया निवासी स्वर्गीय कैलाश यादव की मौत प्रखंड निलांबर पिताांबरपुर के ग्राम ओरिया में बाइक दुर्घटना में हो गया था। इस दुख की घड़ी में पांकी विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता ने मृतक के घर जाकर परिजनों से मिलकर गहरा शोक व्यक्त की । साथ ही उन्होंने मृतक के परिजन को सहयोग राशि प्रदान किया। साथ ही विधायक ने परिजनों को हरसंभव सहयोग करने का आश्वासन दिया। इस घटना पर विधायक ने परिजन को ढाढ़स बंधाया। कहा कि वे हमेशा मृतक के परिजनों के साथ हैं।

## एक नजर में

### भाजपा की बैठक में बूथ सशक्तिकरण अभियान चलाने पर जोर



**मेदिनीनगर।** भारतीय जनता पार्टी डाल्टनगंज भंडारिया विधानसभा की बैठक जिला कार्यालय पलामू में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख मनोज सिंह ने कहा कि कार्यकर्ता बूथ मजबूत करने के लिए जुट जाएं जो कार्यकर्ता निष्क्रिय हैं, उनसे भी चर्चा की जाए। अगर वह संगठन कार्य नहीं कर रहे हैं तो अन्य लोगों को जिम्मेदारी दी जाए। कहा कि मंडल के प्रत्येक शक्ति केंद्र पर पार्टी का कार्यक्रम संपन्न होना चाहिए, कार्य करने में कोई भी कोताही नहीं बरती जाएगी, जिनको जो जिम्मेदारी दी गई है वह पार्टी के सच्ची निष्ठा और लगन के साथ पार्टी का काम करें और बूथ सशक्तिकरण अभियान में जुट जाएं। बूथ सशक्तिकरण अभियान में बूथों की कार्यसमिति में अध्यक्ष सहित 31 कार्यकर्ता रहेंगे। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री श्याम बाबू ने किया। बैठक में मुख्य रूप से भाजपा पलामू जिला अध्यक्ष विजया नंद पाठक, विधायक आलोक चौरसिया, श्याम बाबू ,अरविंद सिंह ,धर्मेंद्र उपाध्याय ,सभी मंडल अध्यक्ष ,छतरपुर एवं डाल्टनगंज विधानसभा के समस्त कार्यकर्ता मौजूद थे।

### सेवानिवृत्त सरकारी कर्मियों को दी गयी विदाई



**उंटारी रोड पलामू।** उंटारी रोड प्रखंड के सतबहिनी में आयोजित होली मिलन सह सम्मान समारोह में केंद्र और राज्य सरकार के दर्जनों सेवानिवृत्त हुए कर्मियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन भाजपा नेता वेदप्रकाश शर्मा ने किया। सम्मान समारोह के बाद आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में बाहर से आये कलाकारों ने अपने कला का जादू रातभर बिखेरा । श्रोताओं की मांग के अनुरूप गायक कलाकारों ने एक से बढ़कर एक गीत संगीत प्रस्तुत कर श्रोताओं के भरपुर मनोरंजन किया। सम्मान समारोह में जिन सेवानिवृत्त कर्मियों एवं समाजसेवियों को सम्मानित किया गया उसमें बैंक कर्मी विंध्याचल शर्मा, अक्षयवर शर्मा, शिक्षक जयशंकर शर्मा, रेलकर्मी नवल शर्मा, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी मोतीलाल शर्मा हवलदार बादशाह शर्मा, सब इंस्पेक्टर महेंद्र नाथ शर्मा और बीरबल शर्मा, कैप्टन योगेंद्र शर्मा , सूबेदार मेजर समता प्रसाद शर्मा, समाजसेवी बाबूराम दीक्षित और विश्वंभर दीक्षित को वहां के विभिन्न सेवा में कार्यरत युवाओं की ओर से आयोजित सम्मान समारोह में शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। ।वहीं उनके सम्मान में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित कर उस पल को यादगार बना दिया। झारखंड के गायक कलाकार रौशन पांडेय, बिहार के पवन कुमार और पूजा गुप्ता की टीम ने भक्ति, श्रृंगार और वीररस के कई गीत संगीत प्रस्तुत कर श्रोताओं के भरपूर मनोरंजन किया। मौके पर टाटा टेल्को इंजीनियर नीरज शर्मा, जेएनयू दिल्ली के प्रोफेसर चन्द्रशेखर शर्मा, जितेंद्र शर्मा, दीपक शर्मा, धंजू शर्मा, देवेंद्र शर्मा,मंटू शर्मा, मनोज कुमार शर्मा,संतोष शर्मा, सतीष कुमार शर्मा, पपु शर्मा,सोनू शर्मा, सुनील शर्मा,बीरेंद्र शर्मा,अमित शर्मा, नीतेश शर्मा, ओम प्रकाश शर्मा, प्रवीण शर्मा, अविनाश शर्मा,नंदा पासवान आदि लोगों ने कार्यक्रम को सफल बनाये।

## मैट्रिक के चार व इंटरमीडिएट के बनाये गये दो परीक्षा केंद्र

**हरिहरगंज (पलामू )।** जैक द्वारा संचालित मैट्रिक तथा इंटरमिडिएट की कदाचारमुक्त परीक्षा के लिए सभी तैयारी पूरी कर ली गई है । प्रखंड में मैट्रिक के लिए चार तथा इंटर के लिए दो परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं । इनमें सभी केंद्रों पर दंडाधिकारी तथा पुलिस अधिकारी की तैनाती संबंधित पत्र जारी कर दिया गया है । साथ ही परीक्षा केन्द्र के दो सौ गज की परिधि में निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है । इनमें मैट्रिक के 2305 परीक्षार्थी शामिल होंगे । इनमें परीक्षा केन्द्र राजकीय सीता प्लस टू उच्च विद्यालय पर मैट्रिक के 722 बालिका उच्च विद्यालय हरिहरगंज पर 413, बाल किशोर सिंह कॉलेज कौवाखोह मे 619 तथा मोतीराज महिला इंटर कॉलेज में 551 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। वहीं इंटर के लिए मोतीराज महिला कॉलेज , बालकिशोर सिंह कालेज तथा कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के 816 , परीक्षा केन्द्र बालिका उच्च विद्यालय पर मैट्रिक के लिए स्तरोन्नत उच्च विद्यालय कोठिला, तेन्दुआ, खड़गपुर, सुलतानी, विश्रामपुर पिठौरा तथा आवासीय अनुसूचित जाति विद्यालय कौवाखोह के कुल 480 तथा इंटर के लिए सीता +2 उच्च विद्यालय व प्रोजेक्ट धनमानी +2 उच्च विद्यालय के 1040 छात्र परीक्षा देंगे ।

## सत्यनारायण अध्यक्ष और नित्यानंद रामनवमी पूजा समिति के उपाध्यक्ष बने

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मोहम्मदगंज पलामू।** रामनवमी पूजा के भव्य आयोजन के लिए रविवार को स्थानीय देवीधाम मंदिर परिसर में ग्रामीणों की बैठक हुई। बैठक में सर्वसम्मति से श्री रामनवमी पूजा समिति का गठन किया गया । जिसमें सत्यनारायण सिंह अध्यक्ष, नित्यानंद पाठक उपाध्यक्ष, रविराज और जगत कुमार कोषाध्यक्ष, सनी कुमार,मंटु यादव सचिव, अखिलेश्वर प्रसाद सिंह संरक्षक, कवींद्र कुमार संगठन मंत्री,विवेक विशाल बंटी व्यवस्थापक,राकेश कुमार सिंह,रविशंकर बिट्टू सिंह मीडिया प्रभारी बनाये गए।धीरेन्द्र बैठा,अश्विनी कुमार सिंह,नीरज सिंह, मुखिया कमला देवी, पंसस ममता देवी को विशेष आमंत्रित सदस्य में रखा गया है। इसके अलावा कमलेश मेहता,विनय मेहता, रूपेश पिंटू सिंह,दिलीप मुन्ना सिंह, रजनीश रानू सिंह, मंटु दास, अभय, अनु सिंह, मुकेश चौरसिया, सनोज कुमार,पूरन पासवान, बबलू यादव, कन्हाई राम ,पिंटू कुमार,जुगनू सक्रिय कार्यकारिणी सदस्य बनाये गए। इस मौके पर काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## कौशल नगर में करोड़ों की निजी लागत से बना राज्य का पहला पार्क और विश्व का पहला पर्यावरण धर्म ज्ञान मंदिर : अमित

### विक्रम संवत 2080 के नये वर्ष को यादगार बनाने के लिए पर्यावरणविद ने लगाया जपानी कोहिनूर आम का पौधा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**छतरपुर पलामू ।** छतरपुर अनुमंडल के ग्राम पंचायत डाली बाजार के कौशल नगर स्थित मोहनलाल खुर्जा व पार्वती देवी पार्क में विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्म व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने नववर्ष पर जापान के कोहिनूर आम का और भूटान का सिंदूर का पौधा लगाकर अपने लोगों के साथ विक्रम संवत 2080 को स्वागत करते हुए यादगार बनाया। उक्त अवसर पर वनभोज का भी आयोजन किया गया। वन भोज कार्यक्रम में शामिल लोगों को पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ पौधा लगाकर पर्यावरण धर्म के आठ मूल मंत्रों की शपथ दिलायी गयी । उन्होंने कहा कि हमारी देश की सभ्यता और संस्कृति है कि जब कभी भी कोई धार्मिक अनुष्ठान होता है तो वैदिक मंत्रोच्चार से दंपति को गांठ जोड़कर पूजा अर्चना कर उसकी शुरूआत होती है। पौधारोपण से सभ्यता व संस्कृति बचेगा। पर्यावरण धर्मगुरु कौशल ने कहा कि चैत माह में विक्रम संवत जो विक्रमादित्य के समय से होते आ रहे है उसे भी भूलना नहीं चाहिए। विशिष्ट अतिथि बी पी एस ए संस्था के प्रधान सचिव सह ग्राम पंचायत डाली बाजार के मुखिया पूनम जायसवाल ने कहा कि यह पार्क भले ही निजी खर्च पर करोड़ों की लागत से बनाए गए हैं पर उसका अवलोकन पर किसी तरह का प्रतिबंध नहीं है। ग्राम पंचायत डाली बाजार के पूर्व मुखिया सह छतरपुर पूर्वी के जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल ने कहा कि इस पार्क में दुनिया का पहला पर्यावरण धर्म ज्ञान मंदिर का निर्माण पिता के द्वारा कराए जा रहे है। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीपीएसए संस्था के सचिव अरविंद कुमार एवं संचालन छतरपुर पूर्वी जिला पार्षद के प्रतिनिधि सुचित कुमार जायसवाल वही धन्यबाद ज्ञापन अरुण कुमार जयसवाल ने किया। मौके पर पूर्व उप मुखिया अफजाल अंसारी, महेजर यादव , जुबेर अंसारी, कोमल जायसवाल , शिल्पा जायसवाल,गीता देवी, अल्पना देवी ,पूर्णिमा कुमारी, सूरज कुमार, रॉकी कुमार, सुमित कुमार ,विकास कुमार, अमन , रामू, छोटू, आराध्या, आशिकीका ,आद्रिका, अनुषा,अमरेंद्र आदि शामिल थे।

# सभी वर्गों के हितों का रखवाला है 2023-24 का आम बजट : विद्युतवरण महतो

## सांसद ने बजट की खूबियों को विस्तार से पत्रकारों को कराया अवगत

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** सांसद विद्युतवरण महतो ने आम बजट 2023-24 की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए बताया हैकि अमृतकाल का पहला बजट देश के सभी वर्गों के हितों का रखवाला है। हर समाज का ध्यान बजट में रखा गया है,और इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के साथ-साथ वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण के प्रति आभार व्यक्त किया है। सांसद ने अपने बिष्टुपुर स्थित कार्यालय में एक संवावददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि आम बजट 2023-24 में खासकर गाँव, गरीबों, किसानों, महिलाओं, आदिवासियों, दलितों, पिछड़ों, शोषितों, वंचितों, दिव्यांगजनों, आर्थिक रूप से पिछड़े तथा मध्यम वर्ग के लोगों को सशक्त और सक्षम बनाने वाला है। देश के जन-जन और हर क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के प्रति समर्पित आम बजट के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी एवं आदरणीया वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी को जमशेदपुर संसदीय क्षेत्र की समस्त जनता एवं अपनी ओर से हार्दिक बधाई एवं अभिनंदन करता हूँ। यह अमृत काल का पहला बजट है। यह आगामी 25 वर्षों का आधार बजट है जो भारत की अर्थव्यवस्था को मजबूती एवं स्थिरता प्रदान करने वाला है। संवाददाता सम्मेलन में भाजपा प्रदेश कार्य समिति की वरिष्ठ नेत्री श्रीमती रीता मिश्रा, महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव, प्रदेश प्रवक्ता राजेश कुमार शुक्ल, पूर्व महानगर अध्यक्ष चंद्रशेखर मिश्रा, महानगर महामंत्री राकेश कुमार सिंह, अनिल मोदी, सांसद के सचिव संजीव कुमार और सांसद प्रतिनिधि चितरंजन वर्मा भी उपस्थित थे। सांसद ने कहा कि हमारी आजादी के 75वें साल में दुनिया ने भारतीय अर्थव्यवस्था को एक चमकता सितारा माना है। चालू वर्ष का हमारा आर्थिक विकास दर 7 प्रतिशत पर होने का अनुमान लगाया गया है। वर्ष 2027 तक भारत, जापान, जर्मनी जैसे देशों को पीछे छोड़ते हुए तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था हो जायगी। बजट की खुबियों पर उन्होंने कहा कि इस बजट के माध्यम से मध्यम-वर्ग के नौकरीपेशा लोगों को बड़ी राहत दी गयी है। अब नौकरी पेशा लोगों को 7 लाख रुपये सालाना की आय पर कोई टैक्स नहीं देना होगा। साथ ही, टैक्स स्लैब को भी घटा कर 5 तक सीमित कर दिया गया है। महिला एवं वरिष्ठ नागरिकों को विशेष सम्मानः सांसद ने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा महिला सम्मान विकास पत्र जारी करने एवं महिलाओं को अब 2 लाख रुपए की बचत पर सालाना 7.5 प्रतिशत ब्याज मिलेगा। वरिष्ठ नागरिकों के लिए सेविंग्स एकाउंट में रखी जाने वाली रकम की लिमिट को भी 4.5 लाख रुपए से बढ़ाकर 9 लाख रुपए करने का निर्णय भी एक अच्छी पहल है। साथ ही, वरिष्ठ नागरिक बचत योजना की लिमिट को भी 15 लाख से बढ़ा कर 30 लाख रुपये कर दिया गया है। ये योजनाएं महिला सशक्तिकरण और वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी।



विद्युतवरण महतो ने कहा कि रेलवे के लिए 2 लाख 40 हजार करोड़ रुपए का बजट दिया गया है जो कांग्रेस की यूपीए सरकार के समय के 2013-14 के बजट से 9 गुना अधिक है। इसी तरह प्रधानमंत्री आवास योजना का बजट को बढ़ाकर 69 हजार करोड़ रुपए कर दिया गया है। पीएम आवास योजना में 66 प्रतिशत की बढ़ोतरी दिखाती है कि सरकार गरीबों के लिए कितनी संवेदनशील है। उक्त योजना के तहत बड़े पैमाने पर झारखण्ड के गरीब परिवारों को आवास मिल सकेगा।

**प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना :** उन्होंने कहा कि सरकार ने 80 करोड़ से भी अधिक लोगों को मुफ्त राशन मुहैया कराने की विशेष योजना 28 महीनों तक चलायी। इस बजट में सरकार ने 1 जनवरी 2023 से पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत सभी अंत्योदय एवं प्राथमिकता वाले परिवारों को मुफ्त राशन देने की योजना को अगले एक साल तक बढ़ाने की घोषणा की है जिसपर 2 लाख करोड़ रूपए खर्च वहन किया जाएगा।

**स्वच्छ भारत मिशनः** स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत मोदी सरकार 11.7 करोड़ से अधिक घरेलू शौचालयों का निर्माण करने में सक्षम रही है। स्वच्छ भारत मिशन के द्वारा केवल घरेलू शौचालय प्रदान करना ही नहीं अपितु देश के गांवों को अपने सूखे कचरे और गीले कचरे के प्रबंधन के लिए सक्षम बनाने में भी सफलता प्राप्त हुई है।

**उज्जवला योजनाः** इस योजना ने 9.6 करोड़ से अधिक परिवारों को गैस कनेक्शन प्राप्त करने में सक्षम बनाया है।

कोविड-19 टीकाकरणः-कोविड-19 महामारी से लड़ने के लिए 220 करोड़ से अधिक वैक्सीन की खुराक प्रदान की गई है।

**प्रधानमंत्री जन-धन खातेः** प्रधानमंत्री जन-धन योजना विश्व की अब तक की सबसे बड़ी वित्तीय समावेशन योजनाओं में से एक है। मोदी सरकार ने जन-धन योजना के माध्यम से देश के कई नागरिकों को बैंकिंग प्रणाली तक पहुंचने में सक्षम बनाया है। इस योजना के द्वारा कुल लगभग 47.8 करोड़ बैंक खाते खोले गए हैं

उक्त तथ्यों के आलोक में सांसद ने कहा कि यह बजट सतत विकास और आजादी के 100 साल बाद भारत की परिकल्पना का बजट है।

### आदिवासी कल्याण पर मोदी सरकार का फोकस

सांसद ने बताया कि मोदी सरकार ने देश के विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों के लाभ के लिए प्रधानमंत्री पीवीटीजी विकास मिशन शुरू किया है। मोदी सरकार द्वारा इस योजना के लिए कुल 15,000 करोड़ रूपये का बजटीय परिव्यय आवंटित किया गया है। मोदी सरकार का लक्ष्य पी.वी.टी.जी. परिवारों और वस्तियों को सुरक्षित आवास, स्वच्छ पेयजल और स्वच्छता, शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण, सड़क और दूरसंचार कनेक्टिविटी और स्थायी आजीविका के अवसरों जैसी बुनियादी सुविधाओं से परिपूर्ण करना है। मोदी सरकार ने निर्णय लिया है कि पूरे देश में 740 एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों के लिए कुल 38,800 शिक्षण और सहायक कर्मचारियों की भर्ती की जाएगी।

## स्पीड न्यूज

### नमन का तिरंगा यात्रा 23 को काले ने कई क्षेत्रों में की बैठक

**जमशेदपुर।** आगत 23 मार्च शहादत दिवस पर 'नमन' द्वारा आयोजित अखंड तिरंगा यात्रा सह शहीद सम्मान यात्रा हेतु संस्थापक अमरप्रीत सिंह काले ने नमन कार्यालय में अखिल भारतीय पूर्व सैनिक परिषद एवं काशीडीह, सिंघाड़ा मैदान, कैरेज कोलोनी, चुना भट्ठा बमार्माइंस, इसप्लांट बस्ती, बाउरी बस्ती, ब्राह्मण टोला, भुइंयाडीह, देवनगर, बाराद्वारी, केबुल बस्ती सहित अन्य कई क्षेत्रों में बैठक कर स्थानीय युवाओं, महिलाओं एवं वरिष्ठ जनों को यात्रा में शामिल होने का आग्रह किया। इस मौके पर श्री काले ने आज उपस्थित देशभक्तों से जोर देकर कहा की हमें राष्ट्र हित में बड़ी सोच और बेहतर समझ के साथ जात- पात , ऊँच - नीच से ऊपर उठ कर राष्ट्र के परम वैभव की कल्पना के साथ आगे बढ़ने की जरूरत है। ऐसे ही अनेक बलिदानियों के बलिदान को याद कर युवाओं को जागृत करने का प्रयास कर रहा है नमन परिवार।

### ग्रामीणों ने की 113 यूनिट रक्तदान

**बोड़ाम।** विश्व कल्याण समिति बांकादा-गागीबुरु, बोड़ाम और एनएमओपीएस/जेएचएआरओटीइए फ एवं बिरसा कृषि विकास ट्रस्ट बोड़ाम के संयुक्त तत्वावधान में बोड़ाम प्रखंड के बाँकादा मध्य विद्यालय में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर को सफल बनाने में झाड़खंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के पटमदा-बोड़ाम के युवा साथियों ने बढ़-चढ़ हिस्सा लिया और सहयोग किया।

### कांग्रेसियों ने साकची में चलाया हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा

**जमशेदपुर।** रविवार को झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर और झारखंड राज्य के स्वास्थ्य मंत्री श्री बन्ना गुप्ता जी एवं पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे जी के निदेर्शानुसार झारखंड प्रदेश अल्पसंख्यक विभाग कांग्रेस पार्टी के प्रदेश सचिव सह पश्चिम विधानसभा विधायक प्रतिनिधि अंसार खान के नेतृत्व में हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा कार्यक्रम चंपारण होटल साकची से शुरू करते हुए साक्ची पूरे मार्किट में किया गया । इस पदयात्रा में राहुल गांधी के द्वारा भेजे हुए संदेश पत्र को दुकानदारों और नगर वासियों के बीच बांटा गया और अंसार खान तथा रियाजुद्दीन खान एवं कांग्रेस जनों ने तमाम मार्केट के लोगों को भारत में आसमान छूती महंगाई, जबरदस्ती थोपी गई।

# सांसद कार्यालय के सामने उलझे कांग्रेसी व भाजपाई

## पुलिस ने संभाला मोर्चा दोनों पक्षों को समझाने में छूटे पसीने

## महंगाई के खिलाफ सांसद कार्यालय के सामने धरना देने पहुंचे थे कांग्रेसी

### गूंजन यादव, राकेश सिंह तथा अन्य 40 पर पुलिस ने दर्ज की प्राथमिकी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



धर्मेंद्र सोनकर के नेतृत्व में उतेजित कांग्रेसियों को नियंत्रित करती पुलिस।



कांग्रेसियों पर उबलते भाजपाइयों को संभालती पुलिस।

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो के कार्यालय के समीप रविवार की दोपहर जमकर हंगामा हुआ। इस दौरान कांग्रेस भाजपा कार्यकताओं के बीच धक्का-मुक्की भी हुई ।वही मामला बढ़ता देख पुलिस को भी आना पड़ा। दोनों पार्टी के कार्यकताओं को अलग करने के लिए स्थानीय पुलिस को काफी मशक्कत करना पड़ा। दरअसल जमशेदपुर के कांग्रेसी महिला कांग्रेस की नगर अध्यक्ष उषा यादव के नेतृत्व में देश में बढ़ती महंगाई के विरोध में जमशेदपुर के सांसद कार्यालय के समीप प्रदर्शन करने पहुंचे । इस दौरान भाजपा के केंद्र सरकार के साथ-साथ स्थानीय सांसद के विरोध में कांग्रेस के कार्यकताओं ने नारे लगाने शुरू किए यही नहीं थाली और बर्तन बजाकर वहीं पर सभी कार्यकर्ता धरने में बैठ गए। सांसद कार्यालय में उस वक्त भाजपा के कुछ कार्यकर्ता के साथ-साथ भाजपा के पूर्व महानगर अध्यक्ष चंद्रशेखर मिश्रा सुरंजन राय और जमशेदपुर के सांसद प्रतिनिधि संजीव कुमार सहित कई लोग मौजूद थे। भाजपा कार्यकताओं को कांग्रेस के कार्यकताओं के द्वारा ऐसा करना नागवार गुजरा। और उन लोगों ने जाकर कांग्रेस के कार्यकताओं को वहां से हटकर दूसरी ओर जाने कहा। इसी बात को लेकर कांग्रेस और भाजपा के कार्यकताओं के बीच विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया की कार्यकताओं के धक्का-मुक्की वाली नौबत आ गई। मामला बढ़ता देख भाजपा के कई कार्यकर्ता भी वहां पहुंच गए हैं । उधर इस बात की जानकारी जैसे ही कांग्रेस के लोगों को मिली तो कांग्रेस के भी कई कार्यकर्ता वहां पहुंच गए। मामला बढ़ता देख भाजपा के महानगर जिला अध्यक्ष गुंजन यादव भी घटनास्थल पहुंचे। लेकिन मामले खत्म होने के बजाय आया और बढ़ गया ,इसी बीच सांसद विद्युत वरन महतो भी घटनास्थल पहुंच गए। इस दौरान सांसद ने कांग्रेस के कार्यकताओं को समझाने का काफी प्रयास किया लेकिन जब कांग्रेस के कार्यकर्ता नहीं माने तो सांसद भी अपने आवासीय कार्यालय के अंदर चले गए।

### सस्ती लोकप्रियता के लिए कांग्रेसियों ने किया हंगामा : गूंजन

**जमशेदपुर।** भाजपा जमशेदपुर ने सांसद विद्युत वरण महतो के कार्यालय के बाहर कांग्रेसियों के प्रदर्शन को सस्ती लोकप्रियता हासिल करने का प्रयास बताया। भाजपा जमशेदपुर महानगर के अध्यक्ष गुंजन यादव ने कहा कि सांसद विद्युत वरण महतो के आवास पर केंद्रीय बजट के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा हेतु प्रेस-वार्ता बुलाई गई थी। परंतु प्रेस-वार्ता के मध्य में चंद कांग्रेसी इसमें विघ्न डालने पहुंच गए। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में विरोध करने का अधिकार सभी को है। परंतु रविवार को कांग्रेस के इस कथित प्रदर्शन की जानकारी ना सांसद कार्यालय, ना ही जिला प्रशासन एवं ना ही लोकतंत्र के सजग प्रहरी मीडिया को थी। गुंजन यादव ने कहा कि बिस्टुपुर स्थित सांसद कार्यालय में चल रहे प्रेस-वार्ता के मुद्दे को चंद कांग्रेसियों ने अपने प्रदर्शन की ओर मोड़कर सस्ती लोकप्रियता हासिल करने का कुत्सित प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि अगर कांग्रेस कार्यकताओं को वास्तव में सांसद विद्युत महतो से मिलकर अपनी बातों को रखना था तो उन्हें इस प्रकार की अभद्रता नही करनी चाहिए थी।

# निष्काम कर्म करें तो भगवान भी आ जाते साथ : सतश्री

**खबर मन्त्र ब्यूरो**





**जमशेदपुर ।** श्रीराम कथा समिति की ओर से बिष्टुपुर स्थित गोपाल मैदान में 12 से 18 मार्च तक संगीतमय राम कथा का आयोजन किया जा रहा है, जिसका शुभारंभ रविवार को हुआ। बिष्टुपुर स्थित राम मंदिर से संध्या लगभग पांच बजे बैंड-बाजे के साथ शोभायात्रा निकली, जिसमें 251 महिलाएं सिर पर कलश व श्रीफल (नारियल) रखकर चल रही थीं, जबकि पुरुष श्रद्धालु बैंड-बाजे की धुन पर नृत्य करते हुए बढ़ रहे थे। शोभायात्रा के सबसे आगे सुसज्जित रथ पर सूरत (गुजरात) से आए कथावाचक परमपूज्य सतश्री विराजमान थे। बिष्टुपुर मेन रोड से होते हुए जयघोष करते हुए शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालु गोपाल मैदान पहुंचे। यहां पोथी व व्यासपीठ का पूजन सोंथालिया व चावड़ा परिवार ने किया। परिवार की महिलाओं ने पोथी व व्यासपीठ की आरती उतारी। जय-जय सीताराम...जय-जय राधेश्याम... का सुमधुर भजन करते हुए सतश्री ने सबसे पहले आयोजकों व शहरवासियों को धन्यवाद दिया। उन्होंने झारखंड और इसके छोटानागपुर पठार की भी अतिसुंदर व्याख्या की। इसी क्रम में उन्होंने कहा कि वह पहली बार जमशेदपुर आए हैं, जबकि इससे पहले धनबाद में दो-तीन बार कथा कहने आ चुके हैं। आयोजक राजेश चावड़ा की प्रशंसा करते हुए कहा कि शुरू में उन्हें हिचकिचाहट हो रही थी, लेकिन जब आप किसी निष्काम कर्म का संकल्प कर लेते हैं तो भगवान भी साथ आ जाते हैं। सतश्री ने कहा कि श्रीराम कथा से सामाजिक व धार्मिक भावना तो आगे बढ़ती ही है, राष्ट्र भी मजबूत होता है। उन्होंने श्रोताओं से आह्वान किया कि जाति-संप्रदाय से ऊपर उठकर भारत को हिंदू राष्ट्र और विश्वगुरु बनाने में योगदान करें।

**विधायक सरयू राय ने लिया आशीर्वाद :** राम कथा के प्रथम दिन बतौर अतिथि जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय उपस्थित हुए। उन्होंने न केवल कथा का श्रवण किया, बल्कि उससे पहले कथावाचक सतश्री से आशीर्वाद लिया।प्रथम दिन बतौर यजमान हरिशंकर सोंथालिया, उनके सुपुत्र महेश व किशन सोंथालिया, राजेश चावड़ा व उनके सुपुत्र देवजीत समेत दोनों परिवार की महिलाएं भी पोथी व व्यासपीठ के पूजन व आरती में सम्मिलित हुईं।

**यूट्यूब पर भी उठा सकते कथा का आनंद :** बिष्टुपुर स्थित गोपाल मैदान में सतश्री की राम कथा सोमवार से प्रतिदिन संध्या 4 बजे से प्रारंभ होगी। जो श्रद्धालु किसी कारणवश नहीं आ सकते वे यूट्यूब चैनल ह्यसतश्री हिंदीह्ण पर कथा का जीवंत प्रसारण देख व सुन सकते हैं।

**कथा में उपस्थित थे :** राजेश चावड़ा, जायेश अमीन, मनोज आडेसरा, विपिन आडेसरा, हरी शंकर सोनथालिया, किशन सोनथालिया, सुरेश सोनथलिया, महेश सोनथालिया, सत्यनारायण अग्रवाल मुन्ना, पवन शर्मा, आनंद चौधरी, किशोर गोलछा, दिलीप गोलछा, दिलीप गोएल, पावन नरेडी, राहुल चौधरी, अनिल चौधरी, अमित संघी, रामू देबुका, नवीन श्रीवास्तव, मनोज चेतानी, रोहित अग्रवाल, आकाश शाह सहित कई उपस्थित थे।

## एक नजर में

### करीना मार्डी की स्मृति में रक्तदान शिविर कल

**जमशेदपुर।** सामाजिक संस्था नई जिंदगी परिवार जमशेदपुर की ओर से कल 14 मार्च 2023 मंगलवार को जमशेदपुर ब्लड सेंटर में एक मिनी रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा । यह शिविर प्रातः 10 बजे से अपराह्न 1 बजे तक चलेगा । 69 बार के आदिवासी युवा रक्तदाता राजेश मार्डी ने इस संबंध में बताया कि यह रक्तदान शिविर उनकी दिवंगत मां स्व. करीना मार्डी को समर्पित है, जिनका लंबी बिमारी के कारण गत 21 फरवरी को देहांत हो गया था । रक्तदान के बाद सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति प्रमाण पत्र एवं उपहार देकर सम्मानित किया जाएगा और जरूरत पड़ने पर उन्हें रक्त भी उपलब्ध कराया जाएगा । सभी सक्षम युवा, छात्र, प्रबुद्ध नागरिक तथा महिलाओं से इस शिविर में शामिल होने की अपील की गई हैं ।

### संस्कृति हमारी पहचान, इसे बचाये रखने की जरूरत : सविता महतो

**चांडिल।** रविवार को कुंकडू के बुरुडीह में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में विधायक सविता महतो शामिल हुए एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का विधायक सविता महतो ने फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विधायक ने कहा संस्कृति हमारी पहचान इसे बचाए रखने की जरूरत है। उन्होंने युवाओं से इस प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने का अपील किया। इस मौके पर प्रतिमा सिंह पातर, महजीत सिंह, शक्तिपद महतो, झामुमो के केंद्रीय सदस्य काबलु महतो सहित कई लोग उपस्थित थे।

### सरहुल पर्व समारोह में शामिल हुए पूर्व जिप सदस्य ओमप्रकाश

**चांडिल।** रविवार को चांडिल प्रखंड के हाथिनादा गांव में आयोजित सरहुल पर्व में चांडिल के पूर्व जिला परिषद सदस्य सह झामुमो नेता ओमप्रकाश लायेक उपस्थित हुए। वहां उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए ओमप्रकाश ने कहा सरहुल प्रकृति पर्व है। हम सभी को हमारे संस्कृती को बचाए रखने की जरूरत है।

### कांग्रेसियों ने गृहमंत्री के साथ सांसद का पुतला जलाया

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमिटी के कार्यकारी नगर अध्याछ धर्मेंद्र सोनकर के निर्देशनुसा जुगसलाई बिस्टुपुर प्रखंड कांग्रेस कमेटी द्वारा पूर्व प्रखंड अध्यक्ष अभिजीत सिंह के नेतृत्व में जमशेदपुर के सांसद श्री विद्युत वरण महतो के कार्यालय के सामने शांतिपूर्ण तरीके से विरोध कर रही पूर्वी सिंहभूम महिला कांग्रेस कमेटी की महिलाओं के साथ किए गए अभद्र व्यवहार एवं कांग्रेस कार्यकताओं के साथ किए गए अभद्र व्यवहार के विरोध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ,गृहमंत्री अमित शाह ,त्रिपुरा के मुख्यमंत्री डॉक्टर मानिक शाह एवं जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो का पुतला दहन किया गया।

### स्कूटी सवार युवक के साथ मारपीट कर किया जख्मी

**गम्हरिया।** आदित्यपुर थाना अंतर्गत बड़ा गम्हरिया स्टेशन रोड के समीप स्कूटी सवार युवक चन्दन मंडल को विशाल गोराई व पंकज गोराई नामक युवक द्वारा डंडे व पिस्तौल के बट से पिटाई कर गम्भीर रूप से जख्मी कर दिया गया। स्थानीय लोगों द्वारा उसे आदित्यपुर थाना पहुंचाया गया जहां से पुलिस ने चंदन मंडल को तत्काल ईलाज के लिए एमजीएम अस्पताल भेजकर भर्ती कराया ।अस्पताल में चंदन की स्थिति गंभीर बनी हुई है। इस बावत मिली जानकारी के अनुसार, चंदन मंडल के बेटे के साथ पंकज गोराई और विशाल गोराई का पूर्व से विवाद चल रहा है। कुछ दिन पहले चंदन मंडल के बेटे के साथ विशाल गोराई और पंकज गोराई ने मारपीट किया था। रविवार को रेलवे फाटक रोड के समीप चंदन मंडल की स्कूटी में विशाल गोराई और पंकज गोराई ने टक्कर मारकर गिरा दिया। इसके बाद विशाल व पंकज ने चंदन पर हमला कर दिया जिससे चंदन बुरी तरह घायल हो गया।

### महिला कांग्रेसियों के साथ दुर्व्यवहार निंदनीय : राकेश

**जमशेदपुर।** कांग्रेस के प्रदेश सचिव एवं कोल्हान के प्रवक्ता राकेश तिवारी ने जमशेदपुर के सांसद के आवास के समक्ष महंगाई के खिलाफ महिला कांग्रेस के द्वारा शांतिपूर्ण धरना कर रहे कार्यकताओं के साथ भाजपा कार्यकताओं द्वारा धक्का-मुक्की किया जाना बहुत ही निंदनीय घटना है। लोकतंत्र में विपक्ष पार्टियों को यह अधिकार है की महंगाई बेरोजगारी जैसे जन मुद्दे पर क्षेत्र के सत्ताधारी पार्टी के सांसद को मांग पत्र सौंप कर केंद्र कि सरकार तक अपनी आवाज को पहुंचाने का एक माध्यम है। इस पर भी भारतीय जनता पार्टी गुंडागर्दी कर रही है यह बिल्कुल अलोकतांत्रिक है और इस तरह की धक्का-मुक्की और दुर्व्यवहार की जितनी भी निंदा की जाए यह कम है।

# तालसा में विशाल बाहा परब में खूब झूमे ग्रामीण






मारां तालसा, धाड़ दिशोम, सुंदरनगर में विशाल बाहा परब का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में घाटशिला विधायक रामदास सोरेन एवं आदिवासी समाज के वरिष्ठ नेतागण एवं समाजसेवी उपस्थित हुए। आदिवासी नवयुवक क्लब, मारां तालसा के नवीन मुर्मू ने बताया कि बड़ी संख्या में आदिवासी स्त्री-पुरुष सपरिवार बाहा समारोह में भाग लेने पहुंचे। पूरा क्षेत्र मांदर की थाप और नृत्य से गूंजता रहा।

# टिमकेन कंपनी में कर्मचारियों को नुक्कड़ नाटक से बताया सड़क सुरक्षा का महत्व

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**जमशेदपुर ।** आज 11 मार्च 2023 शनिवार को जमशेदपुर नाट्य संस्था गीता थिएटर के कलाकारों द्वारा ळक्टडएठ कंपनी के कर्मचारियों के बीच सड़क सुरक्षा अभियान के तहत जिम्मेदार नागरिक नामक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। नाटक का आरंभ एक गीत के साथ होता है जिसके अंत होते ही नाटक के सूत्रधार नट-नटी दर्शक के सामने आते हैं और नाटक की भूमिका रचते हैं। नाटक में एक के बाद एक चार दृश्य कमचारियों के बीच दशार्या गया जो निम्नलिखित है : पति-पत्नी का झगड़ा- दृश्य में दिखाया जाता है कि जब भी पति या पत्नी अथवा कोई भी व्यक्ति घर से किसी काम के लिए बाहर निकले तो तनाव वाला माहौल ना बनाएं सा ही समय से थोड़ा पहले निकलने की आदत रखें। सड़क पर मोबाइल से बात करते और मटरगश्ती से बचें : पैदल व्यक्ति सड़क पर मोबाइल इस्तेमाल और एक प्रेमी जोड़ा सड़क पर मस्ती के कारण दुर्घटना होती है।

# एएन कॉलेज दुमका में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमिनार आज, तैयारी पूरी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** एएन कॉलेज में आयोजन होने वाली दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार की तैयारी पूरी हो गई है। इस बावत प्राचार्य डॉ संजय कुमार सिंह के अध्यक्षता में रविवार को समीक्षात्मक बैठक आयोजित हुई। इसकी जानकारी प्राचार्य डॉ सिंह ने देते हुए बताया कि कॉलेज में टोकन रिसर्च एंड डेवलपमेंट, बेंगलुरु के सहयोग से आगामी 13 मार्च से दो दिवसीय बहुविषयक अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है।

इसके लिए कालेज प्रशासन की तैयारी लगभग पूरी हो चुकी है। आयोजन को लेकर प्राचार्य डॉ सिंह के नेतृत्व में शिक्षक व शिक्षकेतर कर्मचारी जिम्मेदारियों के निर्वहन में जुटे है। आयोजन सचिव डॉ अमर नाथ सिंह हैं। संयोजक प्राचार्य डा सिंह ने बताया कि 13 मार्च को सुबह 11 बजे सेमिनार का उद्घाटन एसकेएमयू के कुलपति प्रो डॉ सोना झरिया मिंज करेंगी।

कार्यक्रम में टीएमबीयू, भागलपुर व बीएनएमयू, मधेपुरा के पूर्व कुलपति प्रो डॉ ए के राय मुख्य अतिथि के रूप होंगे। विशिष्ट अतिथि एसकेएमयू प्रतिकुलपति प्रो डॉ बिमल प्रसाद सिंह, डीएसडब्ल्यू डॉ संजय कुमार सिंह, कुलसचिव डॉ संजय कुमार सिन्हा, सहयोगी संस्था टोकन रिसर्च एंड डेवलपमेंट के निदेशक डॉ केतन कुमार मिश्रा अतिथि होंगे। वैज्ञानिक सह केवीके, दुमका व बीएयू, रांची की हेड डॉ किरण सिंह सेमिनार में मुख्य वक्ता होंगी। बैठक में विभिन्न विभागों की समीक्षा करते हुए कार्यक्रमों की रूपरेखा पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में स्वागत गान प्रस्तुत करने के लिए सुकन्या चौधरी के टीम ने आकर रिहर्सल किया। बैठक में वित्त पदाधिकारी डा नवीन कुमार सिंह, डा चंद्रभानु प्रताप सिंह, डा प्रमोद कुमार झा, डा अनिल कुमार सिंह, डॉ प्रदीप गोराई, डा रबी उल इस्लाम, डा अनिल कुमार सिंह, डा अमरकांत पोद्दार, डा नीरज झा, प्रो यशवंत कुमार सिंह, प्रो केडी मंडल, प्रो अन्हद लाल, प्रो वीरेंद्र गोराई उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### हंसडीहा पुलिस ने दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में लगाया सूचना बोर्ड

**हंसडीहा।** सड़क सुरक्षा सप्ताह जागरूकता अभियान के तहत हंसडीहा थाना प्रभारी सुगना मुंडा ने रविवार को दुर्घटना संभावित क्षेत्रों को चयनित कर सूचना बोर्ड लगाया गया। इस दौरान थाना प्रभारी ने बताया कि दुमका-भागलपुर मुख्य मार्ग पर हंसडीहा थाना क्षेत्र के बनियारा गांव से कुरमाहाट के बीच ब्लैक स्पोर्ट का चयन कर जागरूकता बोर्ड लगाया गया है। सूचना बोर्ड में दुर्घटना संभावित क्षेत्र होने एवं वाहन धीरे चलाने की बात लिख वाहन चालकों को जागरूक एवं सचेत करने का प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान थाना प्रभारी सुगना मुंडा के अलावे एएसआई अनुरंजन मिंज सहित अन्य पुलिस बल मौजूद थे।

### एसकेएमयू में नामांकन के लिए छात्र अब 30 मार्च तक कर सकेंगे आवेदन

**दुमका।** उच्च शिक्षा निदेशक से जारी सत्र 2023-24 के कॉमन यूनिर्वसिटी इंट्रेंश टेस्ट की तिथि का विस्तार हो गया है। सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय में नामांकन को लेकर छात्रों के लिए राहत की खबर है। तिथि का विस्तार करते हुए उच्च शिक्षा निदेशक के पत्र जारी कर नामांकन की तिथि का विस्तार करते हुए 30 मार्च तक ऑनलाईन आवेदन की तिथि बढ़ा दी है। इसकी जानकारी विश्वविद्यालय प्रवक्ता डॉ शंभू कुमार सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि वैसे छात्र जो 12 की परीक्षा दे रहे है और स्नातक स्तर पर विश्वविद्यालय में नामांकन कराना चाहते है। वे सीयूईसी की ऑनलाईन आवेदन 30 मार्च तक कर सकेंगे। पूर्व में यूजी और पीजी के लिए नामांकन के लिए ऑनलाईन आवेदन की निर्धारित अंतिम तिथि 12 मार्च तक थी। तिथि में बदलाव से संताल परगना जैसे पिछड़ों इलाकों के छात्रों के लिए बड़ी राहत है।

### भव्य कलश यात्रा निकाल सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का हुआ शुभारंभ

**हंसडीहा।** सरैयाहाट प्रखंड के पोखरिया गांव में रविवार को आयोजन समिति पोखरिया द्वारा आयोजित सात दिवसीय श्री श्री 108 श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह का शुभारंभ भव्य कलश शोभा यात्रा के साथ किया गया। कलश यात्रा में शामिल 251 कन्याओं ने धर्म की जय हो, अर्धम का नाश हो, हरे कृष्ण हरे कृष्ण हरे राम आदि के जयकारे लगाते हुए कथा स्थल से प्रारंभ होकर बलवारा गांव स्थित पोखर से विधिवत मंत्रोच्चार के साथ कलश में जल भरकर पुनः कथास्थल पर कलश को स्थापित किया। इस दौरान आयोजन समिति के सदस्यों ने जानकारी देते हुए बताया कि मंद्राचल कैरीनाथ से पहुंचे। कथा व्यास बाबा राजहंस महाराज के द्वारा भागवत कथा श्रवण 12 से 18 मार्च तक सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे और संध्या 7 बजे से रात्रि 10 बजे तक कराया जायेगा। भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ के अंतिम दिन प्रसाद वितरण कर संपन्न होगा। आयोजन समिति के सदस्यों ने ग्रामवासियों से आग्रह किया कि बढ़-चढ़कर भागवत कथा यज्ञ में सम्मिलित होकर कथा का श्रवण करें और पुण्य के भागी बनें। मौके पर आयोजन समिति सदस्य मौजूद थे।

### 251 कन्याओं के साथ निकाली गयी भव्य कलश यात्रा

**मसलिया।** प्रखंड अंतर्गत आमगाछि पंचायत के तिलाबाद गांव में श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ को लेकर 251 कन्याओं के साथ भव्य शोभा कलश यात्रा निकाली गई। जो तिलाबाद गांव के यज्ञ स्थल से करीब 4 किलोमीटर दूरी पैदल तय कर नुनबिल नदी के दलाही घाट से कलश यात्रा निकाल कर यज्ञ स्थल वापस पहुंची। शोभा कलश यात्रा को लेकर तिलाबाद के साथ साथ आस-पास के गांव के ग्रामीणों में भी खूब उत्साह देखा गया। लोग सुबह से ही नहा धोकर इस शोभा यात्रा को देखने के लिए नदी घाट पहुंच रहे थे। आपको बता दें कि इस सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के परिवेषण हरिद्वारा के स्वामि हंसानन्द गिरी महाराजा द्वारा किया जाएगा। इस महा आयोजन को लेकर ग्रामीण काफी सक्रिय है। यज्ञ स्थल पर भक्तों के लिए विशेष ध्यान रखा गया है।

# भाजपा ने दुमका विस के शक्ति केंद्रों के कार्यकर्ताओं संग की बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**



बैठक को संबोधित करते जिला अध्यक्ष।

**दुमका।** अग्रसेन भवन में भाजपा की दुमका विधानसभा स्तरीय बूथ सशक्तिकरण अभियान को लेकर रविवार को कार्यशाला का आयोजन हुआ। कार्यशाला जिला अध्यक्ष परितोष सोरेन के अध्यक्षता में आयोजित हुई। कार्यशाला का मंच संचालन बूथ सशक्तिकरण अभियान के निमित्त जिला टोली के संयोजक जिला उपाध्यक्ष गौरव कांत ने किया। कार्यशाला में मुख्य रूप से पूर्व विधायक डॉ लुईस मरांडी उपस्थित हुई। कार्यशाला में जिला अध्यक्ष ने शक्ति केंद्रों पर अल्पकालिक विस्तारक के माध्यम से बूथ समिति बनाकर बूथ सशक्तीकरण करने, पन्ना प्रमुख एवं उनकी समिति बनाकर प्रत्येक माह प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को बूथो पर सुनने एवं बूथ कमेटी की बैठक नियमित रूप से माह में करने की बात कही। विधानसभा क्षेत्र के 67 शक्ति केंद्रों के 286 बूथों पर बूथ को कैसे सशक्त करने के लिए सांगठनिक कार्यों को बताया। कार्यक्रम में विशेष रूप से, बूथ सशक्तिकरण प्रदेश टोली के संजोजिका व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य लक्ष्मी कुमारी ने कार्यशाला में उपस्थित लोगों को विशेष रूप से कार्यक्रम को सफल करने के लिए बिंदुवार प्रशिक्षित किया। आगामी 10 दिनों में दुमका विधानसभा के बूथों का जमीनी स्तर पर प्रभास कर सभी विस्तारक सामाजिक राजनीतिक रूप से सत्यापन करते हुए सूची जिला में जमा करने की बात कही।

### दुमका के युवक का जामा में मिला शव हत्या की आशंका

**जामा।** थाना क्षेत्र के दुमका-मसलिया मुख्य मार्ग के पंदनपहाड़ी गांव के पास रविवार को पुलिस ने युवक का शव अर्धनग्न अवस्था में बरामद किया। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। शव की पहचान दुमका नगर थाना क्षेत्र के शिवपहाड़ मुहल्ले के कृष्ण कुमार के रूप में हुई है। प्रभारी थानेदान रविशंकर सिंह ने बताया कि मृतक के शरीर पर जख्म के निशान नहीं पाये गये हैं। लेकिन उसके मूंह से खून निकला पाया गया है।

# चलती ट्रेन में सीट को लेकर हुई मारपीट, दो यात्री को फेंका, एक की मौत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चक्रधरपुर।** चलती ट्रेन में सीट को लेकर हुए विवाद में दो यात्रियों को ट्रेन से फेंक दिया, जिससे एक यात्री की मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रुप से घायल हो गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार टिटलागढ़ से हावड़ा जा रही इस्पात एक्सप्रेस में जनरल डिब्बे में सफर कर रहे हैं चक्रधरपुर टोकलो थाना के भरनिया गांव निवासी दुलू सरदार झारसुगड़ा से चक्रधरपुर आ रहा था। वह जनरल डिब्बे में सवार था। इस बीच यात्रियों में किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। इसके बाद यात्रियों ने एक व्यक्ति को ट्रेन में ही मरना पीटना शुरू कर दिया। इस बीच भरनिया गांव निवासी दुलू सरदार भी बीच बचाव करने लगा तो उसके साथ भी मारपीट करना शुरू कर दी। विवाद इतना बढ़ गया कि उसे लोगों ने चक्रधरपुर लोटा पहाड़ रेलवे स्टेशन के बीच मुरहातू गांव के समीप किलोमीटर 319/25 डाउन लाईन के पास फेंक दिया। जिससे वह गिरने के बाद आप लाइन तक जा पहुंचा। बाद में आप लाइन पर आ रहा है एक मालगाड़ी के चपेट में आने से उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। बाद में यात्रियों दुलू सरदार को भी ट्रेन से फेंक दिया। लेकिन जब वह ट्रेन से गिरा उसे समय गाड़ी काफी धीमी गति से चल रही थी जिस कारण से हुआ बच गया। लेकिन पत्थर में गिरने से उसके सिर और पर हाथ में भी चोट लगी है। घटना की खबर चक्रधरपुर रेल मंडल में आग की तरह फैल गई। लेकिन जब तक लोगों को सूचना मिला तब तक गाड़ी टाटानगर स्टेशन पहुंच चुका था। जिससे आरोपी भाग निकले। इधर घटना का सूचना मिलने के बाद सोनुवा थाना प्रभारी सोहनलाल ने तत्काल एंबुलेंस को घटना स्थल भेजा। उसके बाद घायल को उठाकर चक्रधरपुर अनुमंडल अस्पताल लाया गया। जहां उसकी इलाज चल रहा है। घायल व्यक्ति को सर में गंभीर चोटें आई हैं। इधर घटना के बाद सुमिता होता फाउंडेशन के अध्यक्ष सदानंद होता, पूर्व वार्ड परिषद दिनेश जाना अनुमंडल अस्पताल पहुंचकर घायल को प्राथमिक उपचार करके उसे बेहतर इलाज के लिए व्यवस्था कर रहे हैं। बाद में चक्रधरपुर थाना पुलिस भी अनुमंडल अस्पताल पहुंच कर घायल का बयान दर्ज किया हैं।

# बबूल के पेड़ से लटकता मिला युवक का शव, शिनाख्त नहीं


शव को कब्जे में लेने पहुंची पुलिस।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**शिकारीपाड़ा।** थाना क्षेत्र के कुरूमटांड़ गांव में एक बबूल के पेड़ पर फंदे से लटकता युवक का शव पुलिस रविवार को बरामद किया। युवक की शिनाख्त नहीं हो पाई है। निर्जन इलाके में स्थित बबूल के पेड़ पर युवक का शव गमछा और बालो की रस्सी से लटका पाया गया है। कुरुमटांड़ गांव के लोगों की नजर जब शव पर पड़ी तो उन्होंने पुलिस को सूचना दी। घटनास्थल पर पुलिस पहुंच शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त में जुट गई। ग्रामीणों को पहचान के लिए बुलाया गया। लेकिन किसी ने भी पहचानने से इंकार किया है। पुलिस शव के शिनाख्त करते हुए हत्या या आत्महत्या है। उसके पड़ताल में जुट गई है।

# एल्बम बनाने वाले शख्स का शव झाड़ियों से बरामद, पिटाई के बाद हत्या की आशंका

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** जिले के शिवपहाड़ इलाके में रहने वाले 35 वर्षीय कृष्णा ठाकुर की बेरहमी से हत्या कर दी गयी है। वह शनिवार शाम से लापता था और रविवार को जामा थाना क्षेत्र के अमलाचातर गांव के पास झाड़ियों में उसका शव मिला। पुलिस का कहना है कि शव देखने से पहली नजर में ऐसा लग रहा है जैसे कि उसकी हत्या बुरी तरह पत्थर से कूच कर की गयी है। कृष्णा गीतों का एल्बम बनाने और ठेकेदारी कार्य से जुड़ा था।



**क्या है पूरा मामला :** जिले के जामा थाना क्षेत्र के पास रविवार सुबह अमलाचातर गांव के पास झाड़ियों में कृष्णा ठाकुर नाम के एक युवक का शव बरामद किया गया है। वह गीतों का एल्बम बनाने और ठेकेदारी का काम किया करता था। शनिवार को वह पूजा करने चुटोनाथ महादेव के यहां गया था और वहां से वापस घर नहीं आया। जिसके बाद घरवालों ने काफी खोजबीन की तो रविवार सुबह पता चला कि उसका शव पड़ा हुआ है। शव अर्द्धनग्न अवस्था मे प्राप्त हुआ है। जहां शव मिला है वहीं पास में ही उसकी बाइक भी बरामद की गई है। परिजनों ने कहा दोषियों पर हो कार्रवाईः इस घटना के बाद मृतक के परिजनों में काफी आक्रोश है। उनका कहना है कि जिस किसी ने बेरहमी से कृष्णा की हत्या की है उस पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। हालांकि वे अभी तक किसी के खिलाफ पर हत्या का शक जाहिर नहीं कर रहे हैं। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

# गरीबों को हक देने में झारखंड के मुकाबले कोई दूसरा राज्य नहीं : बादल


कार्यक्रम में उपस्थित कृषि मंत्री बादल पत्रलेख।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बासुकिनाथ।** कृषि विभाग की ओर से जरमुंडी प्रखंड मैदान रविवार को लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। जिला गव्य विकास कार्यालय द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बोलते हुए कृषि मंत्री ने हेमंत सरकार की उपलब्धियों गिनाया। उन्होंने कहा कि अबुआ राज में प्रदेश में विकास की आंधी चल रही है। गरीब किसान मजदूर के साथ समाज के सभी वर्गों के विकास के लिए सरकार संवेदनशील है। सर्वजन पेंशन योजना के माध्यम से सरकार ने वह काम कर दिखाया जो देश के किसी अन्य राज्यों में देखने को नहीं मिला है। हर तरह के आपदा में प्रदेशवासियों के सहयोग के लिए हमारी सरकार सामने आई है। आगजनी या दुर्घटना के मामले में आपात राहत सहायता प्रदान करने के लिए शासनादेश जारी किया गया है। महिलाओं और दिव्यांग के भी आंसू पोछने का सरकार ने काम किया है। प्रखंड के 14319 किसान के खाते में सुखाड़ राहत योजना की राशि भेजी गई। 4552 बच्चे के खाते में 5000 दान दिया। इस दौरान कृषि मंत्री ने वेदव्यास आवास योजना के तहत 5 प्रधान मंत्री मत्स्य संपदा योजना के 2 लाभुकों को आइस बॉक्स के साथ मोटरसाइकिल की चाबी सौपीं गई। साथ ही 10 टन की क्षमता वाले जामा में कोल्ड स्टोरेज निर्माण किया जाएगा। कार्यक्रम में आत्मा द्वारा पंपसेट 5 पावर स्प्रेयर 5 थेसिंग फ्लोर फ्लोर 2 रोटावेटर 2 लाभुको को बांटा गया। इसके अलावा गाय बकरी कुक्कुट पलकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। मौके पर जिला गव्य विकास पदाधिकारी चंद्र कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

**झारखंड में बीमार या घायल पशुओं को फौरन मिलेगी चिकित्सा**

# नंबर डायल करते ही पहुंचेगी एंबुलेंस : कृषि मंत्री

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** जिस तरह किसी दुर्घटना के बाद घायलों को अस्पताल पहुंचाने या गंभीर रोगियों को अस्पताल लाने के लिए 108 नंबर डायल वाली एंबुलेंस की व्यवस्था है, अब उसी तरह की व्यवस्था बीमार और घायल पशुओं की लिए की जाएगी। यानी पशुओं को भी अस्पताल पहुंचाने के लिए एंबुलेंस सेवा की शुरूआत की जाएगी। यह जानकारी झारखंड सरकार के कृषि एवं पशुपालन मंत्री बादल पत्रलेख ने दुमका परिसदन में दी है। झारखंड सरकार के कृषि और पशुपालन मंत्री बादल पत्रलेख ने दुमका परिसदन में कहा कि पशुओं के प्रति संवेदना दिखाते हुए हमारे विभाग की ओर से पशु चिकित्सा एंबुलेंस सेवा की शुरूआत होने वाली है। यह मनुष्यों के 108 डायल वाले एंबुलेंस की तरह काम करेगी। इस एंबुलेंस में जो पशु चिकित्सक होंगे वे सूचना पाकर गांव-देहात जहां कहीं भी घायल या बीमार पशुओं को इलाज की आवश्यकता होगी वे मौके पर पहुंच पशुओं का इलाज करेंगे। लोग दिए गए नंबर पर फोन कर एंबुलेंस की सेवा प्राप्त कर सकते हैं। अगर एंबुलेंस में मौजूद चिकित्सक और कर्मियों के द्वारा गांव में इलाज की व्यवस्था नहीं हो पाएगी तो उसी एंबुलेंस से बीमार पशु को पशु अस्पताल पहुंचाया जाएगा और फिर उसका इलाज कर वापस गांव भेज दिया जाएगा। मंत्री बादल पत्रलेख ने बताया कि इसमें राज्य और केंद्र दोनों सरकारें राशि खर्च करेंगी। मंत्री बादल पत्रलेख ने पशुपालन विभाग के आगामी कार्य योजना की जानकारी देते हुए कहा कि बहुत जल्द राज्य के सभी शहरों में पशु मुक्तिधाम बनाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि पशुओं की जब मौत हो जाती है तो उसके शव को यत्र-तत्र दफना दिया जाता है या फेंक दिया जाता है। जो मृत शरीर का अनादर तो हैं ही, साथ ही इससे दुर्गंध सहित कई तरह की परेशानी सामने आती है। ऐसे में सरकार ने पशु मुक्तिधाम राज्य के सभी शहरों में बनाने का निर्णय लिया है। शुरूआत में छह शहरों में पशु मुक्तिधाम बनाए जाएंगे। जिसमें संथाल परगना प्रमंडल के देवघर या दुमका में पशु मुक्ति धाम बनाया जाएगा।

**जरमुंडी प्रखंड में खुलेगा कृषि विज्ञान केंद्रः** कृषि मंत्री बादल पत्रलेख में बताया कि दुमका जिले के जरमुंडी प्रखंड में कृषि विज्ञान केंद्र स्थापित करने की योजना है। इसके लिए भूमि की तलाश की जा रही है। उन्होंने कहा कि कृषि विज्ञान केंद्र खुलने से क्षेत्र के किसानों को काफी लाभ पहुंचेगा। नई-नई तकनीक की जानकारी विशेषज्ञों के द्वारा किसानों को दी जाएगी।

## एक नजर में

### छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह सह अभिभावक सम्मेलन का हुआ आयोजन

**दुमका।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर दुमका में छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह सह अभिभावक सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ देवघर एवं साहिबगंज विभाग के विभाग निरीक्षक सुरेश मंडल, सह विभाग निरीक्षक ब्रेन टूडू, सचिव श्रीमती भारती शर्मा, प्रधानाचार्य-देवेंद्र वर्मा, पूर्व मंत्री लुईस मरांडी, राष्ट्रीय सेविका समिति की विभाग कार्यवाहिका लिली पांडे एवं सभा अध्यक्ष कृष्ण अर्जुन सरकार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया गया। छात्र-छात्राओं ने गणेश वंदना, हिंदी एवं अंग्रेजी राइम्स पर आधारित नृत्य एवं संगीत प्रस्तुत किए गए। प्रांत स्तर पर आयोजित विद्या भारती चयन एवं खोज प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान तथा प्रथम 10 में स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को सम्मान राशि क्रमशः 5 हजार, 4हजार, 3 हजार एक 1 हजार नगर और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित छात्रों में प्रथम अर्पिता रूज, द्वितीय शिवानी कुमारी एवं तृतीय स्थान पर नंदनी कुमारी रही। इसी प्रकार प्रतिभा खोज प्रतियोगिता में द्वितीय प्रियंका ठाकुर एवं तृतीय स्थान पर अंकिता कुमारी रही। प्रांतीय चित्रकला प्रतियोगिता में भी कक्षा चतुर्थ के छात्र अंकित कुमार ने चौथा स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर अभिभावकों ने भी अपने विचार रखे। विद्यालय सचिव भारती शर्मा ने आगामी योजना के बारे में बताया गया। विभाग प्रमुख सुरेश मंडल ने अभिभावकों से आग्रह किया कि टीवी सीरियल एवं मोबाइल के प्रति सावधान रहें। अपने बच्चों का गृह कार्य एवं क्रियाकलाप पर भी अभिभावक ध्यान रखें। घर का वातावरण ठीक रहेगा तभी आपके बच्चे आगे बढ़ेंगे। उन्होंने जीजाबाई एवं शिवाजी का उदाहरण भी प्रस्तुत किया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन एवं शांति मंत्र के साथ प्रधानाचार्य देवेंद्र वर्मा ने कर कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा की। कार्यक्रम का संचालन आचार्य रमाकांत ने किया।

### रौनियर वैश्य परिषद ने संगठन मजबूती को लेकर की बैठक

**दुमका।** रौनियर वैश्य परिषद ने संगठन मजबूती और विस्तार के लिए सिटी गार्डन में रविवार को बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता परिषद अध्यक्ष प्रकाश प्रसाद साह ने किया। बैठक में समाज को आर्थिक, सामाजिक और राजनीति रूप से मजबूत करने पर विशेष चर्चा कर ठोस निर्णय लिया गया। विशेष रूप से आयोजित बैठक में एक 11 सदस्यी कमेटी तैयार किया गया है। जो आगामी 19 मार्च को पुनः होने वाली बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लेने की संभावना है। चुंकि दुमका में रौनियार वैश्य परिषद के दो धड़ा है। जो दोनों पक्ष अपने अपने दावे कर समिति बनाई है। पिछले करीब ढाई साल से दोनों समाज अलग अलग रूप से कार्य कर रहे है। प्रकाश प्रसाद साह ने अपने समाज को रजिस्ट्रड बताते हुए कहा कि रौनियार समाज के लिए हक और उनके अधिकार की लम्बी लड़ाई लड़ने के साथ समाज के लिए एक विशाल भवन का निर्माण करने का दावा कर रहे है। लेकिन दो अलग-अलग समाज के धड़ा रहने से समाज को जो सम्म्मान और जगह मिलनी चाहिए। वह मिल नहीं पा रही है। ऐसे में अध्यक्ष प्रकाश ने समाज को एक जुट करने और एक ही बैनर के नीचे समाज के हक और अधिकार दिलाने के लिए बैठक कर कमेटी तैयार की। जिससे दूसरे धड़ा को एक जगह बैठ कर समाज के भलाई के लिए उचित निर्णय लिया जा सके।

### एसकेएमयू छात्र समन्वय समिति ने सीएम का पुतला फूंका

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय छात्र समन्वय समिति ने रविवार को एसपी कॉलेज के समीप मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया। पुतला दहन कार्यक्रम वर्तमान हेमंत सरकार के नियोजन नीति 60-40 के विरोध में किया। समन्वय समिति ने कैबिनेट से पारित 60-40 नियोजन नीति का विरोध करते हुए यथाशीघ्र निरस्त करते हुए खतियान आधारित नियोजन नीति बनाने की मांग किया। समिति ने मुख्यमंत्री के ऑडियो रिकॉर्डिंग सर्वे के माध्यम से 70 फीसदी युवक-युवतियों के पूर्व नियोजन नीति 2016 के आधारित राय मिलने की बात को फर्जी करार देते हुए छात्रों को दिग्भ्रमित करने का सरकार पर आरोप लगाया। समन्वय समिति ने कहा कि वास्तविकता यह है कि छात्रों द्वारा ट्वीटर हेशटेग क्रांति से 3.160 लाख अधिक छात्रों ने विरोध अभियान नियोजन नीति 60-40 नाय चलतो का ट्रेंड चलाया। छात्रों ने वर्तमान नियोजन नीति से सरकार पर बाहरीयों को नौकरी देने का चरागाह बनाने का आरोप लगाया। छात्रों ने कहा कि जिस प्रकार बिहार में बिहारियों के लिए, बंगाल में बंगालियों के लिए, उड़ीसा में ओड़िया के लिए, पंजाब में पंजाबी के लिए सुरक्षित नियोजन नीति बना है। उसी तर्ज पर झारखंड में झारखंडियों के लिए नियोजन नीति बनाने की मांग की। छात्रों ने मुख्यमंत्री पर खुद को आदिवासी बताकर आदिवासी-मूलवासी आदिवासियों को गुमराह करके वोट बैंक की राजनीति करने का प्रयास बताया है। नियोजन नीति तय नहीं कर पाने से छात्रों का उम्र सीमा समाप्त होने और बेरोजगारी में लगातार इजाफा हो रही है। नियोजन नीति में बदलाव नहीं करने और खतियान आधारित नियोजन नीति नहीं लागू करने पर छात्रों ने आगामी विधानसभा चुनाव 2024 में वर्तमान सरकार को सबक सिखाने की चेतावनी दिया। छात्रों में छात्रनेता श्यामदेव हेंब्रम, राजीव बास्की, राजेंद्र मुर्मू, मुनीलाल हांसदा, विवेक हांसदा, मंगल सोरेन, कैतरीना सोरेन, पुष्पलता हेम्ब्रम, बाबूराम सोरेन, कोर्नेलियस किस्कू, विजयसिंह हांसदा, रविंद्र मरांडी, मीनू मरांडी, शांति लता हेम्ब्रम आदि छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

### नेशनल हैंडबॉल चैंपियनशिप में दुमका की तीन महिला खिलाड़ियों का हुआ चयन

**दुमका।** 51 सीनियर महिला नेशनल हैंडबॉल चैंपियनशिप जो वाराणसी उत्तर प्रदेश में होने जा रहा है उसमें दुमका की 3 खिलाड़ी का चयन हुआ है। जो बिना किस्कू, नेहा कुमारी झा, रिया रिचा सोरेन है। यह सभी खिलाड़ी दुमका के कोच फरीद खान के पास प्रशिक्षण प्राप्त कर रही थी। फरीद खान ने बताया कि यह लड़कियों का परफॉर्मेंस दिन ब दिन बेहतर होता जा रहा है। उम्मीद है कि राष्ट्र प्रतियोगिता में दुमका झारखंड का नाम रोशन करेंगे। हैंडबॉल कोच अमित आनंद ने सभी बच्चों को सराहना किया और आगे आने वाले प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करें यह कामना की। हैंडबॉल के अध्यक्ष प्रदीपतो मुखर्जी सभी बच्चों को आशीर्वाद दिया और बेहतर प्रदर्शन दिखाएं और झारखंड को मेडल दिलाया यह कामना की। मौके पर हैंडबॉल खिलाड़ी शाहिद अफरीदी, अरबाज खान, सोहेल खान, रोहित चालक, इलीशा मुर्मू, शांतिप्रिया एवं अन्य खिलाड़ी मौजूद थे।

### श्री मद्भागवत कथा महोत्सव को लेकर निकाली गयी शोभायात्रा

**दुमका।** श्री कृष्ण सखा मंडल द्वारा दुमका के श्री सत्यनारायण मंदिर में श्री मदभागवत कथा महोत्सव रविवार को शोभायात्रा के साथ शुरू हुआ। श्री मदभागवत कथा महोत्सव 12 से लेकर 18 मार्च तक किया जाएगा। इस उपलक्ष में शहर में छोटी ठाकुरबाड़ी से शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा शहर के विभिन्न मार्ग होते हुए पुनः सत्यनारायण मंदिर पहुंचकर समाप्त हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य यजमान के रूप में संगीता व मनोज अग्रवाल हुए। शोभा यात्रा में 108 श्रीमद्भागवत ग्रंथ, सौभाग्यशाली 108 युगल जोड़ी एवं वृन्दावन से आए 21 विद्वानों ने इस शोभायात्रा में शामिल हुए। साथ ही इस शोभा यात्रा में पूर्लिया के छाउ दल के द्वारा भव्य नृत्य करते हुए कलाकर शोभा यात्रा की शान बढ़ाया। दुमका के कुकुरत्तोपा के आदिवासी कलाकारों ने संताली नृत्य करते हुए पुर शहर का भ्रमण किया। शोभा यात्रा के दौरान काफी संख्या में महिलाएं शामिल हुई। वृन्दावन से पधारे कथा व्यास श्री गोपाल कृष्ण व सानिध्य श्री राधे श्या मजी शास्त्री के द्वारा प्रवचन दिया जाएगा। प्रवचन प्रत्येक दिन दोपहर के 3 बजे ये संध्या 7 बजे तक आयेजित की जाएगी।






## नेपाल ने यूएई हराया

**काठमांडू।** नेपाल ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के खिलाफ एकदिवसीय मैच में जीत हासिल करने के साथ सर्वाधिक रन बनाने का रिकॉर्ड बनाया है। नेपाल ने रविवार को काठमांडू में हुए मैच में 177 रन से जीत दर्ज कर रिकॉर्ड बनाया। आइसीसी विश्व कप लीग 2 की त्रिकोणीय एक दिवसीय शृंखला में यूएई के खिलाफ जीत के साथ, नेपाल ने एक दिवसीय स्थिति को बरकरार रखा है। नेपाल शीर्ष चौथे स्थान पर पहुंच गया है। यदि वे शेष 2 मैच जीतते हैं तो नेपाल नामीबिया से आगे निकल जाएगा और शीर्ष 3 में पहुंच जाएगा। रविवार के मैच में नेपाल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 247 रन बनाए। जवाब में बल्लेबाजी करते हुए यूएई की टीम 5 ओवर में 71 रन पर सिमट गई।

## ओलंपिक ईस्पोर्ट्स सीरीज में शामिल हुआ शतरंज

**नयी दिल्ली।** शतरंज के सबसे फटाफट फॉर्मेट ब्लिट्ज शतरंज को आगामी ओलंपिक ईस्पोर्ट्स सीरीज 2023 में शामिल किया जाएगा। शतरंज को मुख्य ओलंपिक में शामिल करने के प्रयासो के बीच शुरूआत को एक बड़ी सफलता के तौर पर देखा जा रहा है। अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति के द्वारा आयोजित ओलंपिक ईस्पोर्ट्स सीरीज के दौरान शतरंज खेल का का आयोजन इस वर्ष सिंगापुर में 22 से 25 जून के दौरान किया जाएगा। ब्लिट्ज शतरंज के मुकाबले 3 मिनट + 2 सेकंड प्रति चाल के हिसाब से खेले जाएगे।

## भारतीय दृष्टिबाधित जूडो टीम कपिल और कोकिला शामिल

**लखनऊ।** भारतीय दृष्टिबाधित जूडो टीम कायरो, इजिप्त के लिए रवाना हो गयी। चार सदस्यीय टीम ने चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा लखनऊ से रवाना हुई। वहां 16 मार्च तक प्रतियोगिता होनी है। इस टीम में मध्य प्रदेश के कपिल परमार, हरियाणा की कोकिला और टीम कोच के रूप में उप्र के मुनव्वर अंजार हैं। यह जानकारी इंडियन ब्लाइंड एंड पैरा जूडो एसोसिएशन के उपाध्यक्ष सुधीर हलवासिया दीं।

# कोहली व अक्षर ने निकाला कंगारुओं का दम





एजेंसी

**अहमदाबाद।** स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने टेस्ट शतक के सूखे को खत्म करने के अलावा अक्षर पटेल के साथ शतकीय साझेदारी की जिससे भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चौथे और अंतिम क्रिकेट टेस्ट के चौथे दिन पहली पारी में 571 रन बनाकर 91 रन की बढ़त हासिल की। ऑस्ट्रेलिया ने इसके जवाब में दिन का खेल खत्म होने तक दूसरी पारी में बिना विकेट खोए तीन रन बनाए। मेहमान टीम ने ट्रैविस हेड (नाबाद 03) के साथ पारी का आगाज करने के लिए मैथ्यू कुहनेमैन (नाबाद 00) को भेजा। कुहनेमैन हालांकि पांचवें ओवर में भाग्यशाली रहे जब रविचंद्रन अश्विन की गेंद पर विकेटकीपर श्रीकर भरत उनका कैच नहीं पकड़ पाए। पहली पारी में 480 रन बनाने वाला ऑस्ट्रेलिया अभी भारत से 88 रन से पीछे है। तीन साल से भी अधिक समय बाद टेस्ट शतक जड़ने वाले कोहली ने 364 गेंद में 15 चौकों से 186 रन की पारी खेली जो ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उनका सर्वोच्च स्कोर है। उन्होंने अक्षर पटेल (79) के साथ छठे विकेट के लिए 162, श्रीकर भरत (44) के साथ पांचवें विकेट के लिए 84 और रविंद्र जडेजा (28) के साथ चौथे विकेट के लिए 64 रन की साझेदारी भी की। ऑस्ट्रेलिया की ओर से टॉड मर्फी ने 113 जबकि नाथन लायन ने 151 रन देकर तीन-तीन विकेट चटकाए। भारत की शुरूआती सभी छह विकेटों की साझेदारी 50 रन से अधिक की रही। स्टेडियम में मौजूद लगभग 15 हजार दर्शकों के लिए रविवार का दिन यादगार बन गया जब कोहली ने ऑफ स्पिनर लायन की गेंद को मिड विकेट पर एक रन के लिए खेलकर नवंबर 2019 के बाद अपना पहला टेस्ट शतक पूरा किया। कोहली का यह टेस्ट क्रिकेट में 28वां और कुल 75वां अंतरराष्ट्रीय शतक है। उन्होंने 241 गेंद में शतक पूरा किया। कोहली ने शतक पूरा करने के बाद तेज गति से रन जुटाए। इससे पहले सुबह के सत्र में उन्होंने एक भी बाउंड्री नहीं लगाई थी। लंच के बाद उन्होंने अक्षर के साथ मिलकर रन गति में इजाफा किया। सुबह के सत्र में भारतीय टीम रविंद्र जडेजा (28) के रूप में एकमात्र विकेट गंवाने के बावजूद सिर्फ 73 रन ही जोड़ सकी थी। श्रृंखला में अब तक बल्ले से नाकाम रहे भरत ने लंच के बाद कैमरन ग्रीन पर पुल और हुक करके लगातार दो छक्के लगाए। वह हालांकि लायन की गेंद पर शॉर्ट लेग पर पीटर हैंड्सकॉम्ब को कैच देकर अपने पहले अर्धशतक से चूक गए। उन्होंने 88 गेंद का सामना करते हुए दो चौके और तीन छक्के मारे। भरत के आउट होने के बाद कोहली ने शतक पूरा किया और फिर कुछ आकर्षक शॉट लगाए। अक्षर ने भी कुछ अच्छे शॉट खेले। वह मर्फी की गेंद पर भाग्यशाली रहे जब लांग ऑफ पर उस्मान ख्वाजा ने उनका कैच छोड़ दिया और गेंद छह रन के लिए चली गई।

### विराट कोहली ने शतक जड़ने के साथ लगाई रिकॉर्ड्स की झड़ी

**टेस्ट में 28वां शतक**
विराट कोहली का यह टेस्ट क्रिकेट में 28वां शतक है। उन्होंने इस शॉर्ट में शतक लगाने के मामले में हाशिम अमला और माइकल क्लार्क की बराबरी कर ली है। दोनों ने विराट से ज्यादा पारियां खेली हैं।

**41 पारियों का करना पड़ा इंतजार**
विराट कोहली को टेस्ट में शतक के लिए 41 पारियों का इंतजार करना पड़ा। यह उनके दो शतक के बीच में सबसे ज्यादा गैप भी है। इससे पहले 11वें और 12वें शतक के बीच 11 पारियों का सूखा था।

**लारा को छोड़ा पीछे**
विराट कोहली ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में दूसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। उन्होंने ब्रायन लारा (4714) को पीछे छोड़ा।

**46वें मैदान पर शतक?**
नरेंद्र मोदी स्टेडियम 46 मैदान है, जिसपर विराट ने शतक लगाया है। सिर्फ सचिन तेंदुलकर ने ही उनसे ज्यादा 53 मैदनों पर शतकीय पारियां खेली हैं।

**ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 16वां शतक**
ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विराट कोहली का यह टेस्ट में 8वां जबकि इंटरनेशनल क्रिकेट में 16वां शतक है। सिर्फ सचिन तेंदुलकर ने ही ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उनसे ज्यादा 20 शतक लगाए हैं। श्रीलंका के खिलाफ भी विराट ने 16 शतक लगाए हैं।

**दूसरा सबसे धीमा शतक**
विराट कोहली ने 241 गेंदों पर अपना शतक पूरा किया। यह टेस्ट में उनकी दूसरी सबसे धीमी शतकीय पारी है। 2012 में इंग्लैंड के खिलाफ नागपुर में विराट ने 289 गेंदों पर सेंचुरी पूरी की थी।

**इंटरनेशनल क्रिकेट में 75वां शतक**
विराट कोहली का यह इंटरनेशनल क्रिकेट में 75वां शतक है। सिर्फ सचिन तेंदुलकर के ही उनसे ज्यादा 100 शतक हैं। इस साल विराट की यह तीसरी शतकीय पारी है।

**1205 दिन बाद कोहली का शतक**
कोहली ने 23 नवंबर 2019 को आखिरी बार बांग्लादेश के खिलाफ 27वां टेस्ट शतक जमाया था। यह उनका 28वां टेस्ट शतक है। अब कोहली के नाम 75 इंटरनेशनल शतक हो गए हैं। उन्होंने टेस्ट में 28, वनडे में 46 और टी-20 इंटरनेशनल में एक शतक जमाया है।

# मुंबई इंडियंस की लगातार चौथी जीत

एजेंसी

**मुंबई।** मुंबई इंडियंस का विजय अभियान रविवार को भी जारी रहा। मुंबई स्थित ब्रेबोर्न स्टेडियम में महिला प्रीमियर लीग का 10वां मैच में मुंबई ने यूपी वॉरियर्स को 8 विकेट से हरा कर लगातार चौथा मैच भी जीत लिया। 160 रन का लक्ष्य ले कर उतरी मुंबई इंडियंस की टीम ने 17वें ओवर में दी दो विकेट पर जीत दर्ज कर ली। कप्तान हरमनप्रीत की यह टीम अब तक अजेय है। वहीं यूपी की टीम तीन में से दो मैचों में ही जीत हासिल कर पायी है। रविवार को मुंबई के खिलाफ यूपी वॉरियर्ज की कप्तान एलिसा हिली ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया है।

यूपी वॉरियर्स ने कप्तान एलिसा हिली (58) और ताहलिया मैग्रा (50) के शानदार अर्धशतक की मदद से निर्धारित 20 ओवर में 159 रन बनाये। हिली-मैग्रा के आउट होते ही यूपी की पारी लड़खड़ा गयी और एक बड़ा स्कोर खड़ा करने में नाकाम रही। पूरी टीम 159 रन ही बना सकी। मुंबई इंडियंस ने 17.3 ओवर में मैच जीत लिया। कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 31 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया।



## मेहदी हसन के सामने इंग्लैंड ने टेके घुटने



**बांग्लादेश।** बांग्लादेश और इंग्लैंड के बीच 12 मार्च को 3 मैचों की रोमांचक टी20 सीरीज का दूसरा मुकाबला खेला गया। मेजबान टीम बांग्लादेश ने दूसरे मुकाबले में भी अंग्रेजों को धूल चटा दी, जिसके चलते उन्होंने इस सीरीज पर भी अब कब्जा कर लिया। बांग्लादेश ने शेर ए बांग्ला स्टेडियम में खेले गए दूसरे टी20 में जोस बटलर की टीम को 4 विकेट से हराया है। इस मैच में बांग्लादेश के हीरो स्टार ऑलराउंडर मेहदी हसन रहे। जिन्होंनें अपनी गेंदबाजी से कोहराम मचा दिया। बांग्लादेश के कप्तान शाकिब अल हसन ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया, जिसको सही साबित करने में मेहदी हसन ने अहम भूमिका निभाई। इंग्लैंड पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 117 रन पर ही ऑल आउट हो गया। टीम की तरफ से सर्वाधिक 28 रन बेन डकेट ने बनाए। वहीं बांग्लादेश की तरफ से सबसे सफल गेंदबाज मेहदी हसन रहे। जिन्होनें अपने 4 ओवर के स्पेल में 3 की जबरदस्त इकॉनमी से गेंदबाजी करते हुए चार बड़े विकेट अपने नाम किए और इंग्लैंड को बैकफुट पर धकेल दिया। मेहदी के इस हरफनमौला प्रदर्शन के चलते उन्हें 'प्लेयर ऑफ द मैच' के अवॉर्ड से भी नवाजा गया। वहीं इंग्लैंड की ओर से सबसे ज्यादा 3 विकेट तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर ने लिये।

## क्राइस्टचर्च टेस्ट रोमांचक मोड़ पर, न्यूजीलैंड को 257 रन, श्रीलंका को 9 विकेट की दरकार

**क्राइस्टचर्च।** अनुभवी एंजेलो मैथ्यूज के शतक से श्रीलंका ने पहले क्रिकेट टेस्ट के चौथे दिन रविवार को यहां न्यूजीलैंड को 285 रन का लक्ष्य दिया जिसने एक विकेट पर 28 रन बना लिए हैं। मैथ्यूज (115) ने 35 साल की उम्र में अपना 101वां टेस्ट खेलते हुए 14वां शतक जड़ा जिससे श्रीलंका ने दूसरी पारी में 302 रन बनाए। श्रीलंका ने पहली पारी में 355 रन बनाए थे, जिसके जवाब में न्यूजीलैंड ने 373 रन का स्कोर खड़ा किया था। लक्ष्य का पीछा करते हुए न्यूजीलैंड ने डेवोन कॉन्वे (05) का विकेट गंवाया, जिन्होंने कासुन रजिता को उन्हीं की गेंद पर कैच थमाया। दिन का खेल खत्म होने पर सलामी बल्लेबाज टॉम लैथम 11 और केन विलियमसन सात रन बनाकर खेल रहे थे। न्यूजीलैंड को अंतिम दिन जीत के लिए 257 रन जबकि श्रीलंका को नौ विकेट की दरकार है।

## केडी सिंह बाबू हाकी के खिताब के लिए होगा 12 टीमों के बीच मुकाबला

**लखनउ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में सोमवार से खेली जाने वाली 40वीं अखिल भारतीय केडी सिंह बाबू प्राइज मनी आमंत्रण हॉकी प्रतियोगिता में देश भर की 12 टीमें हिस्सा लेंगी। खेल निदेशालय और हॉकी उत्तर प्रदेश के तत्वावधान मे 20 मार्च तक खेली जाने वाली प्रतियोगिता में इंडियन आयल, सीआरपीएफ, एयरफोर्स, यूपी इलेवन, कस्टम, साई लखनऊ, पीएसबी, सीआईएसएफ, टाटा, कबांइड हास्टल यूपी, करमपुर इलेवन और एचएफबी, एनसीआर हाकी सोसाइटी सोनीपत की टीमे हिस्सा ले रही हैं।

## डूबने से बच्ची की मौत, खेलने के दौरान हुआ हादसा

**जहानाबाद।** जहानाबाद ओकरी बाजार ईट-भट्टे पर काम कर रहे एक मजदूर की नतिनी की तालाब में डूबने से मौत हो गई। बताया जाता है कि सुंदर चौहान जो सिनाहा फतेहपुर थाना परवलपुर निवासी है यह व्यक्ति ईट भट्टे पर काम करने के लिए ओकरी आया था और अपने साथ अपनी नतिनी मुन्नी कुमारी उम्र लगभग 8 वर्ष को लेकर अपने साथ आया था। रविवार को मुन्नी कुमारी तालाब के किनारे खेलने गया तभी अचानक तालाब में गिर गई, जिसके कारण पानी में डूब गई। आसपास के लोगों के सहयोग से अपनी नतिनी को तालाब से निकालकर इलाज के लिए ओकरी पीएचसी में लाया गया, जहां डॉक्टर द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया।

## गैस एजेंसी से 3 लाख की लूट, मौके पर पहुंची पुलिस

**पटना।** रविवार को पटना में लूट की बड़ी वारदात हो गई है। अपराधियों ने हथियार के बल पर एक गैस एजेंसी से कैश लूट लिया है। वारदात पत्रकार नगर थाना इलाके की है। भारत गैस की ऊषा गैस एजेंसी में हथियार से लैश होकर अपराधी पहुंचे थे। यहां से अपराधियों ने ढाई से तीन लाख रुपए कैश लूट लिए हैं। पटना के सिटी एसपी ईस्ट संदीप सिंह ने इस वारदात की पुष्टि की है। जानकारी मिलने के बाद पत्रकार नगर थाना की पुलिस मौके पर पहुंच गई है। पुलिस ने अपनी जांच शुरू कर दी है।

## सीएसपी खुलते ही बदमाशों ने लूटे साढ़े 6 लाख

**समस्तीपुर।** समस्तीपुर में रविवार सुबह सीएसपी खुलते ही बदमाशों ने साढ़े 6 लाख रुपए लूट लिए। वारदात के दौरान बाइक सवार दो बदमाशों ने सीएसपी संचालक को गोली मार दी, इससे वो गंभीर रूप से जख्मी हो गया। स्थानीय लागों की मदद से उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना वारिसनगर थाना क्षेत्र के प्रखंड मुख्यालय चौक की है। धावा बोलकर सीएसपी संचालक को गोली मारकर जख्मी कर दिया और उनसे रुपए से भरा बैग लेकर फरार हो गए। बैग में करीब साढे 6 लाख रुपए होने की गई है। गोली लगने से जख्मी सीएसपी संचालक राजन कुमार को तत्काल लोगों ने वारिसनगर पीएचसी में भर्ती कराया। जहां से उन्हें बेहतर उपचार के लिए सदर अस्पताल रेफर किया गया है। हालांकि सीएसपी संचालक को परिजन शहर के एक निजी क्लिनिक में भर्ती कराया है। उधर, घटना की सूचना पर पहुंची वारिसनगर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। जख्मी सीएसपी संचालक वारिसनगर थाना क्षेत्र के बरियारपुर गांव के रहने वाले हैं। गोली मारने के बाद बदमाश रुपए से भरा बैग लेकर फरार हो गए। गोली की आवाज पर जब तक लोग जुड़ते तब तक बदमाश वहां से फरार हो चुके थे।

# कार और डंपर की टक्कर में 5 लोगों की मौत, बच्चे का शव लेकर दिल्ली से लौट रहे थे बिहार

## सड़क हादसे में मरने वालों की हुई पहचान

एजेंसी

**रोहतास।** दिल्ली से कैंसर पीड़ित बालक का शव लेकर सासाराम लौट रहे पांच लोगों की सड़क हादसे में मौत हो गई। सड़क हादसा उत्तर प्रदेश के अकबरपुर में हुआ है। सभी मृतक एक ही परिवार और रिश्तेदार हैं। इधर घटना की सूचना मिलते ही सासाराम में कोहराम मच गया। पीड़ित परिजन मनौउर हुसैन ने बताया कि यूपी के अकबरपुर में कार और डंपर की टक्कर हुई। इसमें 5 लोगों की मौत हो गई। जबकि पहले से एक बालक का शव भी कार में था। उन्होंने कहा कि दिल्ली से मोहम्मद शमीम उर्फ बबलू के 5 साल के कैंसर पीड़ित बालक मोहम्मद एहसान का शव लेकर कार से सभी लोग सासाराम लौट थे। तभी उत्तर प्रदेश के अकबरपुर में कार और डंपर से टक्कर हो गई।



मिली जानकारी के मुताबिक, कार में सवार तीन महिला समेत 5 लोग की मौत हो गई। इसमें मृतक बालक मोहम्मद एहसान की मां रुखसार प्रवीन, बुआ सहीना परवीन, फूफा गुड्डू और नानी जलीना परवीन के अलावा ड्राइवर शामिल है। इस घटना के बाद सासाराम के मोची टोला जानी बाजार स्थित घर पर कोहराम मचा हुआ है। पीड़ित परिवार को ढांढस बढ़ाने के लिए लोग पहुंचे हैं।

### एक साथ 6 लोगों की मौत से परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़

एक साथ 6 मौत से पीड़ित परिवारों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। घर के लोगों को रोता देख वहां पहुंचे लोग भी अपने आप को रोक नहीं पा रहे हैं। पूरे मोची टोला जानी बाजार में मातम छाया हुआ है। घटना के बाद मृतक के परिजन शवों को लाने के लिए यूपी के अकबरपुर के लिए निकल चुके हैं। जो लोग आगे बैठे थे, उनके शव बुरी तरह से क्षत-विक्षत हुए हैं। जबकि पीछे बैठे लोगों के शव भी बुरी तरफ से फंस गए थे। हादसे के बाद मौके पर एसडीएम, सीओ और एसओ भी पहुंचे। पूर्वांचल एक्सप्रेस वे की टीम भी पहुंची है। सभी बॉडी को पोस्टमार्टम में भिजवा कर परिजनों को सूचना दे दी गई है।

## करंट लगने से मौत, बिजली के तार से हुई घटना

**आरा (भोजपुर)।** भोजपुर जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर गांव में रविवार की सुबह करंट की चपेट में आने से आटा चक्की मिल संचालक की मौत हो गई। इलाज के लिए शाहपुर रेफरल अस्पताल ले जाने के दौरान उन्होंने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। मृतक शाहपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर निवासी स्व. विश्वनाथ गुप्ता के 56 वर्षीय पुत्र मिथिलेश प्रसाद हैं। वह पेशे से आटा चक्की मिल संचालक एवं घर में ही अपना आटा मिल चलाते थे। मृतक के छोटे भाई राजेश ने बताया कि वह रविवार की सुबह भी आटा चक्की मिल में गेहूं पीस रहे थे। उसी दौरान अचानक बिजली का तार टूट कर जमीन पर गिर पड़ा। तभी काम करने के दौरान उनका पैर उसी तार पर स्पर्श कर गया। इसके कारण वह करंट की चपेट में आ गए और बुरी तरह झुलस गए।

## बीजेपी में शामिल हुईं मीना सिंह

**पटना।** बिहार में नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल यूनाइटेड से इस्तीफा दे चुकी पूर्व सांसद मीना सिंह बीजेपी में शामिल हो गई। पूर्व सांसद मीना सिंह ने अपने पुत्र विशाल सिंह और सैंकड़ो समर्थको के साथ रविवार को भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ली। बिहार प्रदेश अध्यक्ष डॉ संजय जायसवाल ने कहा कि जेडीयू का आम कार्यकर्ता अब आरजेडी नेता तेजस्वी यादव की गुलामी नहीं करेगा।

# मरते-मरते साधु बोला-15 साल पहले तुम्हें चुराया था

एजेंसी

**छपरा।** कभी आपने फिल्मों में देखा होगा कि छोटी उम्र में बच्चा अपने माता पिता से बिछड़ जाता है। फिर नौजवान होने के कुछ वर्षों बाद अपने माता-पिता को मिल जाता है। लेकिन यह फिल्मी कहानी वास्तविक रूप से अगर किसी व्यक्ति से जुड़ी हो तो वह अपने माता पिता से कैसे मिलेगा? यह बड़ा सवाल है। एक ऐसी की कहानी पवन कुमार से जुड़ी हुई है। पवन कुमार की अभी वर्तमान उम्र 18 वर्ष है। दो साल पहले तक पवन मुंबई में एक साधु के संग रहता था। साधु एक मंदिर में पूजा-अर्चना करता था। पवन भी उसी साधु को अपना पिता मानता और उसके साथ मंदिर की सेवा करता था। साधु भी पवन को अपने बेटे की तरह प्रेम करता था। साधु ने पवन को बता रखा था कि उसकी मां की मौत हो चुकी है। वो उसका ही बेटा है।



### अरेराज से चुराया गया था पवन

पवन ने बताया कि दो साल पहले साधु की तबीयत खराब हो गई। वो मरने वाले थे। तब उन्होंने मुझसे जुड़ी बड़ी सच्चाई बताई। साधु ने उससे कहा कि वो उनका बेटा नहीं है। आज से लगभग 15 साल पहले बिहार के पूर्वी चंपारण जिले के अरेराज धाम पर उसे एक साधु ने चुरा लिया था। तब तुम तीन वर्ष के थे। तब तुम्हारे माता-पिता पूजा करने आए थे। यहां से तुम्हें एक साधु ने चुरा लिया था। उस साधु से मैंने तुम्हें लिया और मुंबई चला आया। तुम्हें अपने बेटे की तरह ही रखा।

### पिछले दो साल से मां-बाप को खोज रहा है पवन

इसी क्रम में युवक तरैया थाना क्षेत्र के डुमरी गांव प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि धनवीर कुमार सिंह विक्कु के घर पहुंचा। यहां अपनी आप बीती सुनाते हुए पवन फफक-फफक कर रोने लगा। पिछले दो साल से बिहार में अपने मां-बाप की खोज में जुटा पवन फिलहाल डुमरी पंचायत के हरदासचक गांव के रामचंद्र साह के घर शरण लिए हुए हैं।

### साधु ने खोला पवन का राज

साधु ने अपने अंतिम समय में पवन से कहा कि मैं अब इस दुनिया से जा रहा हूं तो सोचा तुम्हें सच्चाई बता दूं। साधु का अंतिम संस्कार करने के बाद पवन दो साल पहले बिहार आ गया। बिहार आकर पवन गांव-गांव घूम कर अपनी कहानी बताते हुए अपने माता-पिता को ढूंढ़ रहा है।

### मां के बारे में पूछा तो कहा- मर गई

पवन ने बताया कि साधु उसे अपना बेटा बताते थे। जब मैंने अपनी मां के बारे में पूछा तो उन्होंने कहा कि उसकी मौत हो गई। इसके बाद मैंने कभी सवाल नहीं किया। दिसंबर 2021 में साधु बीमार पड़ गए। तब उन्होंने मुझे बुलाया। उन्होंने मेरे चोरी किए जाने की कहानी बताई और पता देकर कहा कि वहां जाओ तुम्हारे असली मां-बाप मिलेंगे।

## पेज एक का शेष

### अब कोड नहीं तो वोट...

साल 2011 की जनगणना में हमने हिस्सा लिया, लेकिन अब स्पष्ट मान्यता हमें चाहिए। बात केवल सरना धर्म कोड के मान्यता की नहीं है। एक फाइनल लिस्ट बनाने की भी है। सरना आदिवासियों की मान्यता के लिए डिलिस्टिंग भी होनी चाहिए। यह डिलिस्टिंग केवल सरना से ईसाई बने आदिवासियों की नहीं बल्कि हिंदू, जैन, बौद्ध बने आदिवासियों की भी होनी चाहिए। तभी आदिवासी जिस प्योर सरना धर्म कोड की बात करते हैं, वो सार्थक होगा। महारैली में सरना धर्म गुरु बंधन तिग्गा ने कहा कि आदिवासी ना तो हिंदू है और ना ही सनातन। आदिवासियों को समाप्त करने की साजिश बंद होनी चाहिए।

### अब आसान नहीं रहा आयुष्मान...

नये नियम के अनुसार मरीज के परिजन को राशन कार्ड के लिए पहले ऑनलाइन आवेदन करना होगा। उनका आवेदन पहले मार्केटिंग अफसर के पास जाएगा और उनके द्वारा अग्रसारित किए जाने के बाद जिला आपूर्ति पदाधिकारी या एडीएम राशनिंग के पास आएगा। एडीएम राशनिंग उस आवेदन को संबंधित वार्ड पार्षद या संबंधित पंचायत के मुखिया के पास भेज देंगे। वहां से उनकी अनुशंसा प्राप्त होने के बाद ही संबंधित मरीज के परिजन को राशन कार्ड निर्गत किया जाएगा। इसके बाद आयुष्मान कार्ड के लिए अप्लाई करना होगा, तब जाकर कहीं उनका आयुष्मान भारत से इलाज हो सकेगा। इस लंबी प्रक्रिया के कारण राजधानी रांची के कार्यालय में दर्जनों लोग रोज टपला खा रहे हैं।

### केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग पर...

सत्र का दूसरा चरण 13 मार्च से शुरू होकर 6 अप्रैल तक चलेगा। गैर भाजपा सरकारों को परेशान करने का मुद्दा : विपक्षी दलों द्वारा सत्र के दूसरे चरण में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा विपक्षी नेताओं पर छापा मारने के मुद्दे को भी उठाने की संभावना है। विपक्षी दलों ने गैर भाजपा शासित राज्यों की सरकारों के खिलाफ केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए इस मुद्दे पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की आलोचना की है। कांग्रेस नेता के सुरेश ने कहा कि उनकी पार्टी अडाणी-हिंडनबर्ग मुद्दे को उठाना जारी रखेगी और सरकार से सवाल पूछेगी क्योंकि सत्र के पहले चरण में इस बारे में सरकार ने कोई जवाब नहीं दिया था। सत्र के दौरान तृणमूल कांग्रेस एलआईसी, एसबीआई के समक्ष संभावित खतरे, महंगाई, बेरोजगारी, केंद्रीय एजेंसियों के कथित दुरुपयोग के मुद्दे को उठायेगी। टीएमसी के राज्यसभा सदस्य डेरेक ओब्रायन ने कहा कि उनकी पार्टी गैर भाजपा शासित राज्यों की सरकारों के खिलाफ केंद्रीय एजेंसियों के कथित दुरूपयोग के विषय को भी उठायेगी।

### केंद्र ने कहा, समलैंगिक विवाह बिलकुल...

शीर्ष अदालत ने 6 जनवरी को दिल्ली हाईकोर्ट सहित विभिन्न उच्च न्यायालयों के समक्ष लंबित ऐसी सभी याचिकाओं को क्लब और अपने पास स्थानांतरित कर लिया था। इसने कहा था कि केंद्र की ओर से पेश होने वाले वकील और याचिकाकर्ताओं का प्रतिनिधित्व करने वाली वकील अरुंधति काटजू एक साथ लिखित सबमिशन, दस्तावेजों और मिसाल का एक सामान्य संकलन तैयार करेंगे, जिस पर सुनवाई के दौरान भरोसा किया जायेगा।

**क्या है मामला :** उच्चतम न्यायालय ने कहा था कि केन्द्र की ओर से पेश हो रहे वकील तथा याचिका दायर करने वालों की अधिवक्ता अरुंधति काटजू साथ मिलकर सभी लिखित सूचनाओं, दस्तावेजों और पुराने उदाहरणों को एकत्र करें, जिनके आधार पर सुनवाई आगे बढ़ेगी। सभी याचिकाओं को एक साथ सूचीबद्ध किया जाये और मामलों में निर्देश के लिए 13 मार्च, 2023 की तारीख तय की जाये।' विभिन्न याचिकाकर्ताओं के अधिवक्ताओं ने पीठ से अनुरोध किया था कि वह

# बेटियों के आत्मनिर्भर होने से बनेगा नया भारत

## समाचारों में महिलाओं की गरिमा रखे मीडिया : राष्ट्रपति

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रविवार को कहा कि आत्मनिर्भर भारत और नए भारत के निर्माण का लक्ष्य तभी पूरा होगा जब हमारी बेटियां आत्मनिर्भरता और आत्मविश्वास की भावना के साथ आगे बढ़ेंगी।

भुला दे डर, जी बेफिकर थीम पर कनॉट प्लेस में आयोजित ऑल वुमेन बाइक रैली को राष्ट्रपति मुर्मू ने ऑनलाइन झंडा दिखाने के दौरान वीडियो संदेश में कहा कि मैं चाहूंगी कि प्रत्येक मां और बहन अपने बेटे और भाई को सभी महिलाओं को सम्मान देने के संस्कार दें तभी हमारी बेटियां बेहतर वातावरण में आगे बढ़ सकेंगी। राष्ट्रपति मुर्मू ने अपने संदेश में कहा कि आत्मनिर्भर भारत और नए भारत के निर्माण का लक्ष्य तभी पूरा होगा



जब हमारी बेटियां आत्मनिर्भरता और आत्मविश्वास की भावना के साथ आगे बढ़ेंगी और पूरी उम्मीद है कि ऐसे आयोजनों का संदेश हमारे देश के गांव-गांव और नगर-नगर तक पहुंचेगा। दूर-सुदूर गांवों में रहने वाली हमारी बेटियां सदैव निडर महसूस करें तथा आत्मविश्वास के साथ जीवन में आगे बढ़ें ।। उन्होंने कहा, ह्यमैं चाहूंगी कि प्रत्येक मां और बहन अपने बेटे और भाई को सभी महिलाओं को सम्मान देने के संस्कार दें तब हमारी बेटियां बेहतर वातावरण में आगे बढ़ सकेंगी तथा देश और समाज को और अधिक योगदान देने में समर्थ बन पाएंगी। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बाइक रैली के आयोजन पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए शुभकामना संदेश में कहा कि ह्यनारी निर्णय शक्ति, निश्चय, निष्ठा और नेतृत्व की प्रतिबिंब है। सेना में अपने शौर्य और पराक्रम से महिलाएं देश का मान बढ़ा रही हैं। रैली में महिलाएं अलग-अलग थीम की पोशाक में तैयार होकर समूहों में पहुंची। इस दौरान दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना, केंद्रीय राज्यमंत्री दर्शना जरदोश, फिल्म अभिनेत्री सानिया मल्होत्रा बतौर खास मेहमान शामिल हुए।



वीमेन बाइक रैली में डांस करतीं दिल्ली की महिला पुलिसकर्मी।

रैली में दो हजार से ज्यादा महिलाओं के अलावा बीएसएफ की महिला बाइकर्स टीम सीमा भवानी और दिल्ली पुलिस की महिला बाइकर्स टीम ने भी शिरकत की। केंद्रीय राज्यमंत्री दर्शना ने भी रैली में बाइक चलाई। कार्यक्रम में 18 से 95 साल तक की उम्र की महिलाओं ने हिस्सा लिया।

राष्ट्रपति ने बाइक रैली में भाग लेने वाली महिलाओं की सराहना की। उन्होंने साथ ही कहा कि मीडिया से अपेक्षा की जाती है कि वे अपने विज्ञापनों, समाचारों और कार्यक्रमों में महिलाओं की गरिमा और सुरक्षा के प्रति पूरी संवेदनशीलता रखें और संविधान के अनुसार भारत के प्रत्येक नागरिक का यह कर्तव्य है कि वह ऐसी प्रथाओं को छोड़े जो महिलाओं की गरिमा के विरुद्ध हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि मीडिया से अपेक्षा की जाती है कि वे अपने विज्ञापनों, समाचारों और कार्यक्रमों में महिलाओं की गरिमा और सुरक्षा के प्रति पूरी संवेदनशीलता रखें। उन्होंने कहा कि इस मौलिक कर्तव्य को निभाने के लिए आवश्यक है कि प्रत्येक नागरिक की सोच नारी के प्रति सम्मानपूर्ण हो। मुर्मू ने कहा कि महिलाओं के प्रति सम्मानपूर्ण आचरण की नींव परिवार में ही रखी जा सकती है।

## भारत के लिए रूस से उड़ानों का संचालन बढ़ाने पर सहमति

**नयी दिल्ली।** भारत और रूस अपने द्विपक्षीय हवाई सेवा समझौते को संशोधित करने के लिए सैद्धांतिक रूप से सहमत हो गए हैं, जिसके तहत रूसी विमानन कंपनियों को कई भारतीय शहरों के लिए लगभग 64 साप्ताहिक उड़ानें संचालित करने की अनुमति दी जाएगी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। मौजूदा समझौते के तहत रूस भारत के लिए एक सप्ताह में सिर्फ 52 यात्री उड़ानें संचालित कर सकता है। अधिकारी ने बताया कि भारत सैद्धांतिक रूप से साप्ताहिक उड़ानों की संख्या बढ़ाने पर सहमत हो गया है। अब रूसी विमानन कंपनियां भारत के लिए 52 की बजाय 64 उड़ान संचालित कर सकती हैं। इस संबंध में, द्विपक्षीय हवाई सेवा समझौते में उचित समय पर संशोधन किया जाएगा।

## स्पीड न्यूज

### अतीक अहमद की पत्नी पर 25,000 रुपये का इनाम

**प्रयागराज ।** उमेश पाल हत्याकांड में नामजद और फरार अतीक अहमद की पत्नी शाइस्ता परवीन पर प्रयागराज पुलिस ने 25,000 रुपए का इनाम घोषित किया है। धूमनगंज थाने के प्रभारी राजेश कुमार मौर्या ने बताया कि अतीक अहमद की पत्नी शाइस्ता परवीन पर शुक्रवार को 25,000 रुपए का इनाम घोषित किया गया है। उमेश पाल और उसके दो सुरक्षाकर्मियों की 24 फरवरी को गोली मारकर हत्या किए जाने के बाद उमेश की पत्नी की तहरीर पर धूमनगंज थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। प्राथमिकी में माफिया अतीक अहमद, उसके भाई अशरफ और पत्नी शाइस्ता परवीन एवं अन्य के खिलाफ हत्या और साजिश रचने का आरोप लगाया गया है।

### असम में 20 करोड़ से अधिक की हेरोइन जब्त

**दीफू ।** असम के कार्बी आंगलोंग जिले में रविवार को हेरोइन की एक बड़ी खेप बरामद की गई और इस सिलसिले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि बरामद हेरोइन की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में 20 करोड़ रुपये से अधिक है। बोकाजान अनुमंडल पुलिस अधिकारी जॉन दास ने बताया कि पुलिस ने एक गोपनीय सूचना के आधार पर खटखाटी इलाके में नाकेबंदी कर दीमापुर की ओर से आ रहे एक वाहन को रोका।

### कुपवाड़ा में आतंकी ठिकाने का भंडाफोड़

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में एक आतंकवादी ठिकाने का भंडाफोड़ किया गया और वहां से हथियार तथा गोला बारुद बरामद किए गए। पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार को बताया कि शनिवार को उत्तर कश्मीर जिले में हंदवाड़ा के शलनार हंगनीकूट इलाके में पुलिस ने छापा मारा। इनमें एक एके 47 राइफल के साथ दो मैगजीन और 75 गोलियां, 10 हथगोले, 26 यूबीजीएल ग्रेनेड, आठ यूबीजीएल बूस्टर, दो फ्लेम थ्रोअर, पांच रॉकेट और तीन रॉकेट बूस्टर शामिल थे।

### बस दुर्घटना में छह की मौत, 28 घायल

**काठमांडू।** नेपाल के सिंधुली जिले में रविवार को एक बस के पहाड़ी से टकरा जाने से उसमें सवार तीन महिलाओं सहित कम से कम छह लोगों की मौत हो गई और 28 अन्य घायल हो गए। समाचार पत्र द काठमांडू पोस्ट की खबर के अनुसार ओखलढुंगा से काठमांडू जा रही बस मिड-हिल राजमार्ग के निकट फिक्कल ग्रामीण नगर पालिका-4 में दुर्घटनाग्रस्त हो गई। बस में 34 यात्री सवार थे। पुलिस ने बताया कि हादसे में तीन पुरुषों और तीन महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई।

### कानपुर में दंपति समेत 5 जिंदा जले

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश के कानपुर देहात जिले में रूरा थाना इलाके के एक गांव में रविवार तड़के कथित तौर पर बिजली के शार्ट सर्किट से आग लगने से एक ही परिवार के दंपति समेत पांच लोगों की मौत हो गयी और एक महिला गंभीर रूप से झुलस गयी। पुलिस के अनुसार हारामऊ गांव में रविवार तड़के आग की घटना में एक दंपत्ति और उनके तीन बच्चों समेत पांच लोगों की मौत हो गयी।

### माधुरी दीक्षित की मां स्नेहलता का निधन

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री माधुरी दीक्षित की मां स्नेहलता दीक्षित का रविवार को निधन हो गया। वह 90 वर्ष की थीं। अभिनेत्री और उनके पति श्रीराम नेने बताया कि हमारी प्यारी आई स्नेहलता दीक्षित सुबह प्रियजनों को छोड़कर चली गईं। चार भाई-बहनों में सबसे छोटी माधुरी दीक्षित ने पिछले साल अपनी मां के 90वें जन्मदिन पर एक दिल छू लेने वाला पोस्ट शेयर किया था।

## 118 किलोमीटर लंबी बेंगलुरु-मैसूरु एक्सप्रेस-वे का मोदी ने किया उद्घाटन, कहा

# कांग्रेस मेरी कब्र खोदने में और मैं एक्सप्रेसवे बनाने में व्यस्त हूं

एजेंसी

**मद्दुर (कर्नाटक)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों पर आरोप लगाया कि वे उनकी कब्र खोदने में लगे हैं, जबकि वह देश के विकास और गरीबों के कल्याण के लिए प्रयासरत हैं और लोगों का आशीर्वाद उनका सबसे बड़ा सुरक्षा कवच है।

इस साल कर्नाटक के छठे दौरे पर आए मोदी ने कहा कि राज्य के तेजी से विकास के लिए डबल इंजन सरकार जरूरी है। कर्नाटक में इस साल मई में विधानसभा चुनाव होने हैं। मोदी ने मांड्या जिले में यहां 118 किलोमीटर लंबी बेंगलुरु-मैसूरु एक्सप्रेसवे परियोजना का उद्घाटन करते हुए कहा कि देश के विकास और उसके लोगों की प्रगति के लिए डबल इंजन सरकार के प्रयासों के बीच कांग्रेस और उसके साथी क्या

### करोड़ों माताओं, बहनों और लोगों की दुआएं सबसे बड़ा सुरक्षा कवच : प्रधानमंत्री

कर रहे हैं कांग्रेस मोदी की कब्र खोदने का ख्वाब देख रही है। यहां एक जनसभा में मोदी ने कहा कि कांग्रेस मेरी कब्र खोदने में लगी हुई है जबकि मोदी बेंगलुरु-मैसूरु एक्सप्रेस बनाने में लगा है। कांग्रेस मोदी की कब्र खोदने में लगी है जबकि मोदी गरीबों की जिंदगी बेहतर बनाने में लगा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के जो लोग मोदी की कब्र खोदने का ख्वाब देख रहे हैं उन्हें यह नहीं पता कि करोड़ों माताओं, बहनों, बेटियों और लोगों की दुआएं मोदी के लिए सबसे बड़ा सुरक्षा कवच है।

मोदी ने कहा कि 2014 से पहले केंद्र में एक गठबंधन सरकार विभिन्न प्रकार के लोगों के समर्थन से चल रही थी। उन्होंने दावा किया कि उसने गरीब लोगों और गरीब

### मोदी के रोड शो के दौरान बरसाये गये फूल



परिवारों को बर्बाद करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। जो पैसा गरीबों के विकास के लिए था, कांग्रेस सरकार ने उसमें से हजारों करोड़ रुपये लूटे।

प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने कभी गरीबों की परेशानियों और तकलीफ की परवाह नहीं की। उन्होंने कहा कि 2014 में जब आप लोगों ने मुझे आपकी सेवा करने का मौका दिया तो इससे देश में गरीबों के लिए एक सरकार बनने का मार्ग प्रशस्त हुआ, ऐसी सरकार जो गरीबों का दुख और तकलीफ समझती हो। मोदी ने कहा कि भाजपा की सरकार ने गरीबों की सेवा करने तथा उनकी परेशानियों को दूर करने के लिए हरसंभव प्रयास किए।

इससे पहले मोदी का मांड्या शहर में एक विशाल रोड शो के दौरान गर्मजोशी से स्वागत किया गया और उन्होंने भी भीड़ में शामिल लोगों पर वापस फूलों की पंखुड़ियां फेंककर अपने भाव जाहिर किये।

मोदी ने रास्ते के दोनों ओर खड़े लोगों का हाथ हिलाकर अभिवादन किया। उन्हें अपनी कार के बोनट पर एकत्रित फूलों की पंखुड़ियों को उठाकर भीड़ पर फेंकते देखा गया। वह कार से उतरे और उनके स्वागत में प्रस्तुति देने वाले लोक कलाकारों से मिले।

## अरब सागर में स्वदेशी जंगी पोत सह्याद्री की गूंजी धमक

- भारत ने फ्रांसीसी नौसेना के साथ किया अभ्यास
- फ्रांसीसी नेवी ने फ्रिगेट श्रेणी के पोत एफएस ला फेयेट को तैनात किया

**नयी दिल्ली।** भारतीय नौसेना का स्वदेशी गाइडेड मिसाइल से लैस जंगी पोत आईएनएस सह्याद्री ने अरब सागर में फ्रांसीसी नौसेना के दो मुख्य युद्ध पोतों के साथ साझा समुद्री अभ्यास में हिस्सा लिया।

भारतीय नौसेना के अधिकारियों ने रविवार को बताया कि 11 और 12 मार्च के अभ्यास में एक-दूसरे के पेतों के बीच सैनिकों और सैन्य साजोसामान का स्थानांतरण और पोतों के संचालन क्षमता को परखा गया।

फ्रांसीसी नौसेना ने अभ्यास में मिस्ट्रल क्लास उभयचर जंगी पोत डिक्समूड और ला फेयेट और फ्रिगेट श्रेणी के पोत एफएस ला फेयेट को तैनात किया। भारतीय नौसेना ने एक संक्षिप्त बयान में कहा कि अभ्यास के निर्बाध संचालन ने दोनों नौसेनाओं के बीच पारस्परिकता और उच्च स्तर के सहयोग की पुष्टि की। स्वदेश निर्मित गाइडेड मिसाइल से लैस नौसेना का जंगी पोत सह्याद्री अत्याधुनिक हथियारों और सेंसर से लैस है, जो उसे हवा, सतह और सतह के नीचे के खतरों का पता लगाने और बेअसर करने में सक्षम बनाता है। यह जहाज विशाखापत्तनम में स्थित भारतीय नौसेना के पूर्वी बेड़े का एक हिस्सा है।



अरब सागर में अभ्यास करते दोनों देशों की सेनाएं।

## साल भर में महंगाई कम होने की उम्मीद : आशिमा

**नयी दिल्ली।** आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की सदस्य आशिमा गोयल ने रविवार को कहा कि इस साल मुद्रास्फीति में कमी आने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि एक लचीली मुद्रास्फीति लक्षित व्यवस्था के साथ-साथ आपूर्ति-पक्ष की कार्रवाई ने दूसरे देशों की तुलना में कीमतों में वृद्धि की दर को कम रखा है। गोयल ने कहा कि भारत ने पिछले तीन वर्षों में काफी लचीलापन दिखाते हुए चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना किया है। उन्होंने कहा कि मुद्रास्फीति दर के साल भर में नीचे आने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि महंगाई को लक्ष्य करने वाली लचीली व्यवस्था

### दूसरे देशों की तुलना में कीमतों में वृद्धि की दर को कम रखा गया है : आरबीआइ

के साथ सरकार की आपूर्ति पक्ष की कार्रवाई ने दूसरे देशों की तुलना में भारत में मुद्रास्फीति की दर को कम रखा है। उनसे पूछा गया था कि क्या उच्च मुद्रास्फीति भारत में एक सामान्य स्थिति बन गई है। उन्होंने कहा कि महामारी के दौरान नीतिगत दरों में भारी कटौती की गई थी, इसलिए पुनरुद्धार के बाद उन्हें तेजी से बढ़ाना पड़ा। गोयल ने आगे जोड़ा कि लेकिन बाहरी मांग में कमी के कारण वर्तमान में नीतिगत दरों में बहुत अधिक वृद्धि नहीं होनी चाहिए।

## आरएसएस ने मुलायम यादव, शरद और शांति भूषण को दी श्रद्धांजलि

**समालखा (हरियाणा)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने रविवार को यहां अपनी वार्षिक प्रतिनिधि सभा की बैठक में सपा के दिवंगत नेता मुलायम सिंह यादव, समाजवादी नेता शरद यादव, वरिष्ठ अधिवक्ता शांति भूषण और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां हीराबेन मोदी आदि को श्रद्धांजलि दी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की वार्षिक अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की तीन-दिवसीय बैठक रविवार को यहां शुरू हुई, जिसमें संगठन ने ऐसे राजनीतिक नेताओं और प्रख्यात हस्तियों को श्रद्धांजलि दी, जिनका पिछले एक साल में निधन हुआ है।इस सूची में मुलायम , शरद यादव और भूषण समेत 100 से अधिक नाम शामिल हैं।

## दुनिया का सबसे लंबा रेलवे प्लेटफॉर्म राष्ट्र को समर्पित

- इस उपलब्धि को गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड ने दी है मान्यता
- 1,507 मीटर लंबा प्लेटफॉर्म 20 करोड़ की लागत से बना है



**धारवाड़।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को यहां श्री सिद्धारूढ़ा स्वामीजी हुबली स्टेशन पर दुनिया का सबसे लंबा रेलवे प्लेटफॉर्म राष्ट्र को समर्पित किया। अधिकारियों ने कहा कि इस उपलब्धि को हाल ही में गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉड्स द्वारा मान्यता दी गई है। उन्होंने कहा कि 1,507 मीटर लंबा प्लेटफॉर्म लगभग 20 करोड़ रुपये की लागत से बनाया गया है।

मोदी ने एक कार्यक्रम में क्षेत्र में संपर्क बढ़ाने के लिए होसपेटे-हुब्बल्लि-तिनाईघाट खंड के विद्युतीकरण और उन्नत होसपेटे स्टेशन को भी राष्ट्र को समर्पित किया। अधिकारियों ने बताया कि 530 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से विकसित, विद्युतीकरण परियोजना विद्युत कर्षण पर निर्बाध ट्रेन संचालन प्रदान करती है। पुनर्विकसित होसपेटे स्टेशन यात्रियों को सुविधाजनक और आधुनिक सुविधाएं प्रदान करेगा। स्टेशन को हम्पी स्मारकों के समान डिजाइन किया गया है। प्रधानमंत्री ने हुब्बल्लि-धारवाड़ स्मार्ट सिटी की विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी किया। इन परियोजनाओं की कुल अनुमानित लागत लगभग 520 करोड़ रुपये है। मोदी ने जयदेव अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र की भी आधारशिला रखी।,

प्रधानमंत्री ने धारवाड़ बहु ग्राम जलापूर्ति योजना की आधारशिला रखी जिसे 1,040 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से विकसित किया जाएगा।

## हार्ट अटैक के बाद पहली बार रैंप पर दिखीं सुष्मिता सेन

**मुंबई।** दिल का दौरा पड़ने के बाद मौत को मात देकर लौटीं अभिनेत्री सुष्मिता सेन लक्मे फैशन वीक एक्सएफडीसीआई में डिजाइनर अनुश्री रेड्डी के लिए शोस्टॉपर के रूप में पहली बार सार्वजनिक कार्यक्रम में नजर आयीं। सेन (47) ने शनिवार को महीन कढ़ाई वाले पीले लहंगे में रैंप वॉक किया। उन्होंने अपने बाल खुले रखे थे और गले में भारी हार पहना हुआ था।

पूर्व मिस यूनिवर्स इस महीने की शुरूआत से अपने स्वास्थ्य के बारे में प्रशंसकों को जानकारी दे रही हैं। उन्होंने कहा कि यह जिंदगी का एक यादगार पल था।

उन्होंने रैंप पर अपनी वापसी के वीडियो के साथ इंस्टाग्राम पर लिखा कि यादगार वॉक मैं जिंदगी का जिंदादिली से लुत्फ उठाती हूं झूम। इस यादगार वॉक के लिए



अनुश्री रेड्डी और टीम को धन्यवाद आपके डिजाइन आपके दिल की तरह खूबसूरत हैं। चीयर्स लैक्मे फैशन वीक एफडीसीआई। यहां मौजूद दर्शकों और मीडिया सभी को प्यार और धन्यवाद। आप सभी को प्यार। रैंप पर अभिनेत्री का तालियों की गड़गड़ाहट के साथ स्वागत किया गया। एक अन्य वीडियो संदेश में सेन ने प्रशंसकों और शुभचिंतकों के साथ-साथ शो से जुड़ी टीम को उनके निरंतर सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। लैक्मे फैशन वीक एक्सएफडीसीआई रविवार को समाप्त होना है।

